

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 254 | बुधवार, 28 अक्टूबर 2026 | कार्तिक माह, कृष्ण, तृतीया, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया



लखनऊ-गोरखपुर, बरेली और झांसी में भाजपा आगे, मेरठ में दोनों सीटों पर जीत लगभग तय

जागरण मोर्चा

नोएडा। उत्तर प्रदेश की 11 विधान परिषद सीटों के लिए मतगणना चल रही है। लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, झांसी, बरेली और गोरखपुर में काउंटिंग हो रही है। मेरठ की दोनों सीटों पर भाजपा की जीत लगभग तय है।

लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन के पहले राउंड में भाजपा आगे है। भाजपा प्रत्याशी उमेश द्विवेदी को 7189 वोट मिले हैं। जबकि सपा प्रत्याशी सुशील कुमार को 3537 वोट मिले हैं। दूसरे राउंड की गिनती के बाद बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं एमएलसी डा. हरिसिंह ढिल्लो को 10222 मत प्राप्त हुए। जबकि सपा के हाजी दानिश अख्तर को 1677 वोट मिले। 1500 वोट निरस्त हुए। दूसरे राउंड के बाद भाजपा प्रत्याशी ने साढ़े आठ हजार से ज्यादा वोटों की बढ़त बना ली। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव की मतगणना के पहले राउंड की समाप्ति के बाद भाजपा के ध्रुव कुमार त्रिपाठी 110 मतों से आगे चल रहे हैं। वहीं निर्दलीय राजीव यादव दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। सपा के संजयन त्रिपाठी तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। बाकी बचे दो राउंड की मतगणना देर रात तक चलने की उम्मीद है। जिससे अंतिम परिणाम देर रात तक आने की संभावना है।

लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के पहले राउंड का काम पूरा नहीं हो सका है। इस कारण वहां के रुझान अभी सामने नहीं आए हैं। स्नातक सीट पर कुल 16 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के अवनीश कुमार सिंह और सपा की कांति सिंह प्रमुख प्रत्याशी हैं। रमाबाई आंबेडकर रैली स्थल पर लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के पहले राउंड का काम पूरा हो गया है। इसके तहत 14 टेबलों पर करीब 14 हजार मतों की गिनती हुई। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक इसकी अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। पहले राउंड की गिनती के बाद बाहर आए प्रत्याशियों और उनके एजेंटों के मुताबिक, भाजपा प्रत्याशी उमेश द्विवेदी को करीब 50 फीसदी वोट मिले हैं। सपा प्रत्याशी सुशील कुमार दूसरे नंबर पर बताए जा रहे हैं। तीसरे स्थान के लिए निर्दलीय प्रत्याशी सोहनलाल और जगजीवन के बीच मुकाबला बताया जा रहा है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतगणना के शुरुआती रुझानों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। मेरठ में भाजपा के स्नातक एमएलसी प्रत्याशी दिनेश गोयल ने 12,000 से अधिक वोटों से बढ़त बनाकर रखी है। इनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है। वहीं, मेरठ-सहारनपुर शिक्षक खंड में भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी श्रीचंद शर्मा ने भी सपा प्रत्याशी से निर्णायक बढ़त बना रखी है। इनकी भी जीत लगभग तय मानी जा रही है। आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन की मतगणना के पहले राउंड के दौरान भाजपा और निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव के अभिकर्ताओं के बीच तीखी बहस हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धक्का देने का आरोप लगाते हुए तेज आवाज में बहस की।


एक नजर



एसआईआर के बाद कर्नाटक की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

नई दिल्ली। कर्नाटक में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया के बाद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में राज्य में 4।55 करोड़ मतदाताओं के नाम हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसआईआर प्रक्रिया से पहले राज्य में 5,54,32,314 मतदाता थे। अब इनकी संख्या घटकर 4,55,00,011 रह गई है। इस तरह मतदाताओं की संख्या में 99।32 लाख की कमी आई है।सीईओ कार्यालय के अनुसार, अंतिम मतदाता सूची में 2,25,40,493 पुरुष, 2,29,12,355 महिला और 2,841 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बताया कि 18 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 6।83 लाख से अधिक है।

देर रात शीर्ष अदालत पहुंचे ज्ञानेश कुमार



नई दिल्ली : भारतीय चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार और दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने सोमवार देर रात सुप्रीम कोर्ट में एक संयुक्त हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा गया है कि CEC के कामकाज में रुकावट डालने की कोई भी कोशिश कानून के खिलाफ होगी। करीब 250 पन्नों के इस दस्तावेज में कहा गया है कि CEC को उनके पद से उसी तरह और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है, जिस तरह सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को हटाया जाता है। चुनाव आयोग (ECI) ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि CEC ज्ञानेश कुमार को काम करने से रोकने की मांग वाली याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। हलफनामे में, चुनाव निकाय ने अपनी निर्णय लेने की प्रक्रिया और मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (SIR) के संचालन का भी बचाव किया।

यूके-अमेरिका के बाद जापान भी अलर्ट घरों में राशन-पानी जमा करने की सलाह

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। दुनिया के कई देशों में इन दिनों एक नई तरह की तैयारी देखने को मिल रही है। ब्रिटेन अपने लोगों को घरों में कम से कम 72 घंटे का जरूरी सामान रखने को कह रहा है, वहीं अमेरिका अपने सैन्य ठिकानों को 90 दिनों तक बाहरी सप्लाई के बिना चलाने की योजना बना रहा है और अब जापान भी नागरिकों से खाने-पीने का सामान, पानी और अन्य जरूरी चीजों का भंडार रखने की अपील करने जा रहा है। सवाल यह है कि आखिर दुनिया के विकसित देश अचानक ऐसी तैयारी क्यों कर रहे हैं?

दरअसल, इन सभी देशों की चिंताएं अलग-अलग हैं, लेकिन संदेश एक ही है कि किसी भी संकट की स्थिति में आम लोगों और अहम संस्थानों को शुरुआती दिनों में खुद को संभालने में सक्षम होना चाहिए।



यही कारण है कि सरकारें नागरिकों और संस्थानों की 'इमरजेंसी तैयारी' पर जोर दे रही हैं। ब्रिटिश सरकार का कहना है कि खराब मौसम, बाढ़, जंगलों में आग, बिजली और इंटरनेट सेवाओं में रुकावट, साइबर हमले तथा महत्वपूर्ण ढांचे पर संभावित हमलों जैसी स्थितियां आम जीवन को प्रभावित कर सकती हैं। सरकार चाहती है कि संकट की शुरुआती घड़ियों में लोग पूरी तरह सरकारी मदद पर निर्भर न रहें। ब्रिटेन के रक्षा अधिकारियों ने हाल के दिनों में साइबर हमलों, सप्लाई चेन में रुकावट और अहम सेवाओं पर विदेशी दुश्मन वाली गतिविधियों को लेकर भी चिंता जताई है।

अमेरिका का मामला थोड़ा अलग है। वहां नागरिकों के बजाय सैन्य तैयारियों पर जोर दिया जा रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने 'FORTRESS' नाम की पहल शुरू की है, इसके तहत प्रमुख सैन्य ठिकानों को कम से कम 90 दिनों तक बिजली, पानी, ईंधन और संचार जैसी जरूरतों के लिए बाहरी व्यवस्था पर निर्भर न रहने लायक बनाने की योजना है। रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिकी रणनीतिक सोच यह है कि किसी बड़े युद्ध, साइबर हमले या बुनियादी ढांचे पर हमले की स्थिति में सैन्य अड्डे काम करते रहें। इसके लिए ऊर्जा सुरक्षा, ईंधन भंडारण, सप्लाई चेन की मजबूती, माइक्रोग्रिड और बैकअप सिस्टम जैसे उपायों पर काम किया जा रहा है। अमेरिका मानता है कि भविष्य के संघर्ष केवल वॉरफील्ड तक सीमित नहीं होंगे, बल्कि बिजलीनेटवर्क, संचार व्यवस्था और सप्लाई चेन भी निशाने पर हो सकती हैं। जापान की चिंता युद्ध नहीं बल्कि प्राकृतिक आपदाएं हैं। भूकंप, सुनामी और अन्य आपदाओं के लिहाज से दुनिया के सबसे संवेदनशील देशों में शामिल जापान लंबे समय से आपदा तैयारी पर जोर देता रहा है। सरकार का कहना है कि किसी बड़े भूकंप के बाद बिजली, पानी और परिवहन सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, इसलिए परिवारों को शुरुआती दिनों के लिए तैयार रहना चाहिए।

ब्रिक्स संसदीय मंच से आह्वान, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने चीन को दिया संदेश

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली: ब्रिक्स संसदीय मंच ने मंगलवार को आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा की और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित सभी आतंकवादियों तथा आतंकवादी संगठनों के खिलाफ समन्वित एवं ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच की दो दिवसीय बैठक में इस संबंध में बनी सहमति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आतंकवाद से निपटने के लिए सदस्य एवं भागीदार देशों के साझा संकल्प को दर्शाती है।

बिरला ने इस समारोह के समापन सत्र को संबोधित करते हुए सम्मेलन में संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमति बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे सदस्य तथा भागीदार देशों की साझा सोच एवं सहयोग की भावना का महत्वपूर्ण प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, 'हमने इस मंच से आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित सभी आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के विरुद्ध समन्वित और ठोस कार्रवाई करने का भी आह्वान किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संयुक्त घोषणा पत्र में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, राष्ट्रों की संप्रभु समानता, पारस्परिक सम्मान, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने और अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई है। उनके अनुसार, घोषणा पत्र में संसदीय सहयोग, डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग और अधिक समावेशी एवं प्रतिनिधिक वैश्विक व्यवस्था के महत्व को भी रेखांकित किया गया है। यह सहमति भविष्य में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग के लिए मजबूत आधार प्रदान करेगी।

विश्व के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष और अस्थिरता तथा आर्थिक अनिश्चितताओं का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में संवाद, विश्वास और सहयोग का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। बिरला ने वर्ष 2027 के लिए ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण करने वाले चीन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई दिल्ली से यह संदेश जाना चाहिए कि संवाद निरंतर रहे, विश्वास और मजबूत हो तथा सहयोग ठोस परिणामों में बदले।

मानहानि केस में बरी होने के बाद राहुल गांधी का आध्यात्मिक संदेश

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की सुल्तानपुर अदालत द्वारा 2018 के एक मानहानि मामले में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बरी किए जाने के एक दिन बाद, उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर भगवान शिव से जुड़े पवित्र चिह्न 'त्रिपुंड तिलक' की एक तस्वीर साझा की।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फोटो पोस्ट करते हुए सत्यम शिवम सुंदरम लिखा। कांग्रेस नेता की यह पोस्ट सुप्रीम कोर्ट में 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' से जुड़ी एक जनहित याचिका (PIL) और अन्य याचिकाओं पर सुनवाई से कुछ घंटे पहले आई। आपको बता दें कि यह मामला 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों से पहले बेंगलुरु में एक रैली के दौरान, तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष यानी अमित शाह के खिलाफ गांधी द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़ा है। सोमवार को यूपी की एक कोर्ट राहुल गांधी को मामले में बरी कर दिया गया। आरोप था कि गांधी ने कहा था कि लोग अक्सर भूल जाते हैं कि बीजेपी अध्यक्ष पर हत्या का आरोप लग चुका है। उन्होंने इस बात के लिए पार्टी की आलोचना की थी कि वह ईमानदारी और शालीनता को बढ़ावा देने का दावा करती है, जबकि उसका एक नेता ऐसे आरोपों का सामना कर रहा है।

चुनाव में हेरफेर की हो रही है बड़ी साजिश : अखिलेश यादव

जागरण मोर्चा



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए चुनाव में हेरफेर की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची को आधार से जोड़ने और बायोमेट्रिक सत्यापन लागू करने की मांग की।

अखिलेश यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से अधिकारियों के खिलाफ हाल में की गई कार्रवाई से उनकी पार्टी की चिंताएं दूर नहीं होंगी। उन्होंने आगामी चुनावों के मद्देनजर लगातार सतर्क रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "अब निर्वाचन आयोग जागा है और अपनी निष्पक्षता दिखाने के लिए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। लेकिन हमें इससे तसल्ली नहीं मिलेगी, हमें बहुत सतर्क रहना होगा। क्या इन छोटी कार्रवाइयों के पीछे कोई बड़ी साजिश हो सकती है, जिसे हम पहचान नहीं पा रहे हैं? वरना बाद में हम यही कहते रह जाएंगे कि देखिए, क्या हो गया। उन्होंने हालिया विधान परिषद चुनावों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया, "विधान परिषद चुनावों की मतगणना के दौरान मतपेटियों के अंदर बिना मुड़े हुए मतपत्र कैसे मिल सकते हैं? क्या किसी ने सोचा भी होगा कि मतपेटियों के अंदर खुले हुए, बिना मुड़े हुए मतपत्र मिलेंगे? ऐसा किसने किया होगा?" उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन या चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना ऐसा होना मुमकिन नहीं है।निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, "निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना उसकी जिम्मेदारी है। लेकिन हमने जो देखा है, उससे लगता है कि उसने अपनी विश्वसनीयता खो दी है।

किताब आएगी तो तमाशा होना तय है, मेरी कहानी दूसरों ने खूब सुनाई, अब मेरी बारी है

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली: कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की 10 नवंबर को किताब आने वाली है। उससे पहले वह अपनी पुस्तक के बारे में छोटे-छोटे अंशों में जानकारियां दे रही हैं या फिर प्रचार भी कर रही हैं। इस बीच उन्होंने एक बार फिर से एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है और कहा कि अब अपनी कहानी खुद सुनाने की बारी है। इस वीडियो के साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'यह किताब जब आएगी तो कुछ तमाशा होना तय है। आखिर दशकों तक दूसरे लोगों ने मेरी कहानी सुनाई थी। अब मेरी बारी है। जब मैं खुद अपनी कहानी दुनिया को बताऊंगी।'

इसके अलावा सोनिया गांधी ने वीडियो में बताया, 'मैं नहीं जानती कि मुझे पूरी कहानी बतानी चाहिए या नहीं। मेरे पति से जब प्रधानमंत्री बनने को कहा गया तो मैं इसके पूरी तरह खिलाफ थी।' इस वीडियो में सोनिया गांधी के साथ राजीव की तस्वीरें भी दिखाई गई हैं। इसके अलावा उनके अंतिम संस्कार की भी कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। सोनिया गांधी ने वीडियो में कहा कि मेरे बारे में दशकों तक बहुत कुछ कहा गया। ऐसी चीजें भी कही गईं, जो वास्तव में थी ही नहीं। कुछ चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर भी बताया गया। लेकिन अब सही कहानी पूरे तथ्यों के साथ रखने की बारी है।

लिकटेंस्टाइन के प्रिंस एलॉइस ने पीएम मोदी से की मुलाकात

जागरण मोर्चा



दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस के साथ दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय साझेदारी को गति देने के मुद्दे पर बातचीत की। लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस 25 से 28 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार एवं निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक पोस्ट में कहा, "हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को और गति देते हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस और राजकुमारी सोफी का गर्मजोशी से स्वागत किया। बातचीत का उद्देश्य हमारे संबंधों को और मजबूत करना है।

युवराज एलोइस इस साल दूसरी बार भारत आए हैं। इससे पहले वह फरवरी में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रभाव शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली आए थे। वह 2010 और 2018 में भी भारत की यात्रा कर चुके हैं। इससे पहले दिन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस से मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "भारत और लिकटेंस्टाइन के बीच द्विपक्षीय साझेदारी कई क्षेत्रों में मजबूत गति से आगे बढ़ रही है।

समारोह | कैबिनेट में शामिल किए गए चारों नेता नेशनल कॉन्फ्रेंस से हैं

उमर अब्दुल्ला कैबिनेट का विस्तार, उपराज्यपाल ने 4 नए मंत्रियों को दिलाई शपथ

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार का मंगलवार को महत्वपूर्ण कैबिनेट विस्तार हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में आयोजित समारोह में चार नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही केंद्र शासित प्रदेश की कैबिनेट पूरी तरह आकार में आ गई है। चश्मा शाही स्थित लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, मंत्रिमंडल के सदस्य, वरिष्ठ नेता और कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

कैबिनेट में शामिल किए गए चारों नेता नेशनल कॉन्फ्रेंस से हैं। इनमें श्रीनगर के खानयार से विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता अली मोहम्मद सागर प्रमुख हैं। सागर सात बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं और पार्टी के सबसे अनुभवी नेताओं में गिने जाते हैं। इसके अलावा श्रीनगर के हब्बा कदल क्षेत्र से विधायक शमीमा फिरदौस को भी मंत्री बनाया गया है। उनके साथ कुपवाड़ा जिले के त्रेहगाम से विधायक मीर सैफुल्लाह और अनंतनाग जिले के पहलगाम से विधायक अल्ताफ अहमद वानी उर्फ अल्ताफ कालू ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

कैबिनेट विस्तार के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत मंत्रिपरिषद की कुल संख्या 9 हो गई है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मंत्रियों की अधिकतम संख्या 9 निर्धारित है। ऐसे में अब सरकार अपनी तय संवैधानिक सीमा तक पहुंच गई है। सरकार में पहले से शामिल उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी, सकीना इटू, जावेद राणा और जावेद अहमद डार अपने पदों पर बने रहेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार कैबिनेट विस्तार का उद्देश्य शासन व्यवस्था को और मजबूत बनाना तथा आम लोगों तक सरकार की पहुंच बढ़ाना है। साथ ही जनता की शिकायतों का तेजी से समाधान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला से विचार-विमर्श के बाद अनुभवी और क्षेत्रीय संतुलन रखने वाले नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल करने का फैसला लिया।

चक्रवात 'अर्नब' का महाअलर्ट! 135 की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, 64 ट्रेनें रद्द

जागरण मोर्चा



विशाखापत्तनम/भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात 'अर्नब' आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग यानी कि IMD के मुताबिक, 28 अक्टूबर की सुबह इसके आंध्र प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश यानम के तट के पास बापटला और विशाखापत्तनम के बीच पहुंचने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जबकि झोंकों की रफ्तार 150 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार, 27 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे चक्रवात पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में 16.2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 83.7 डिग्री पूर्वी देशांतर के पास मौजूद था। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात 27 अक्टूबर की शाम तक पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने के बाद उत्तर-पश्चिम की ओर मुड़ गया था। इसके 28 अक्टूबर की सुबह बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में तट पार करने की संभावना है। तूफान के असर से कई इलाकों में जोरदार बारिश और तेज हवाएं देखने को मिल सकती हैं। IMD भुवनेश्वर की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि 28 अक्टूबर को ओडिशा में व्यापक बारिश के साथ कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी और कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश होने का अनुमान है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



बरेली देहात
2
लखनऊ, बुधवार, 28 अक्टूबर 2026

एक नजर

नौकरी बहाली की मांग, बिजली दफ्तर में भूख हड़ताल

बहेड़ी। बिजली विभाग से हटाए जाने के विरोध में संविदा कर्मचारी रोहिताश और शहजादे ने मंगलवार को अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल शुरू कर दी। दोनों ने बैनर लगाकर सेवा बहाली की मांग उठाई। शहजादे का आरोप है कि बिजली हादसे में उनका कोई दोष नहीं था, फिर भी विभाग ने पक्ष जाने बिना उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं। गौरतलब है कि 12 जून को हरसूनगला गांव में बिजली लाइन ठीक करते समय करंट लगने से संविदा कर्मचारी इरफान की मौत हो गई थी। वह खंभे पर काम कर रहा था, तभी बिजली आपूर्ति चालू होने से करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई थी। घटना में उपकेंद्र संचालक अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। अधिशासी अभियंता के अनुसार, एसडीओ और अवर अभियंता की रिपोर्ट पर लापरवाही के आरोप में दोनों कर्मचारियों को हटाया गया था।

राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य का सितारगंज पहुंचने पर स्वागत

- विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान
- गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में मत्था टेक सांसद ने लिया आशीर्वाद
- प्रबंध कमेटी ने सिरोपा भेंट कर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



सितारगंज। राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य के सितारगंज पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। सांसद दिनेश आर्य ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने और संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने चुनाव को लेकर अभी से सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।

सांसद के आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल, राकेश त्यागी, आदेश ठाकुर, गुंजन सुखीजा, जया जोशी, अमित रस्तोगी, भोला जोशी, अजय गुप्ता, सूरज नारायण, विशाल श्रीवास्तव, पंकज राणा और इकबाल सिंह लाडी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने सांसद का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी सक्रिय भागीदारी का भरोसा जताया। सितारगंज के बाद राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने गुरुद्वारे में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में उनका स्वागत किया गया और धार्मिक परंपराओं के अनुरूप सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, श्रीपाल राणा, जगदीश जोशी, उमेश अग्रवाल और विकास गुलाटी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने राज्यसभा सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया।सांसद दिनेश आर्य के सितारगंज और नानकमत्ता पहुंचने पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। उनके दौरे के दौरान जहां सितारगंज में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने का संदेश दिया गया, वहीं नानकमत्ता साहिब में उन्होंने गुरुद्वारे में मत्था टेककर धार्मिक आस्था प्रकट की।

विद्युत कर्मियों पर जबरन घुसने का मुकदमा कराया दर्ज

फरीदपुर (बरेली)। कस्बे के मोहल्ला लाइनपार निवासी अधिवक्ता शशिकांत साहू ने मीटर रीडर अवनीश कुमार और उसके पांच-छह साथियों पर जबरन घर में घुसने, पांच हजार रुपये मांगने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ता के मुताबिक, उनके मकान के छज्जे पर 15 से 20 घरों की बिजली केबल लटक रही हैं। इससे हादसे का खतरा है। उन्होंने अधिकारियों से बिजली का खंभा लगवाने की मांग की थी। आरोप है कि 18 अक्टूबर की सुबह करीब 5:30 बजे मीटर रीडर साथियों के साथ घर पहुंचा और पांच हजार रुपये मांगे। विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर लोग जुटे तो आरोपी चले गए। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने अवनीश और पांच-छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

संक्षेप समाचार



अभिनन्दन : शिक्षामित्र संघ ने खंड शिक्षा अधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत किया

शेरगढ़। ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की ओर से नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम सक्सेना का फूल मालाओं और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। खंड अधिकारी श्रीराम सक्सेना ने शिक्षामित्रों से हुई मुलाकात में बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षामित्रों ने विद्यालयों में बच्चों को निपुण बनाने में सक्रिय रुप से जुटने के लिए आश्वस्त किया। शिक्षामित्र उवैस रजा खां ने कहा कि शिक्षामित्र बच्चों को निपुण बनाने को लेकर शिक्षकों के साथ कदम से कदम मिलाकर निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं। उनका लक्ष्य बच्चों को निपुण बनाकर शैक्षिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम सक्सेना ने बच्चों की समय से उपस्थिति,विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों का समयबद्ध क्रियान्वयन,शिक्षण में शिक्षक डायरी का उपयोग आदि पर जोर दिया। इस अवसर पर राजेश कुमार गंगवार,उवैस रजा खां,संजीव कुमार गंगवार,शिशुपाल सिंह,प्रदीप कुमार,घनश्याम दास,जयवीर,शीला कुमारी आदि समेत बड़ी संख्या में शिक्षामित्र मौजूद रहे।

धूमधाम से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

बहेड़ी। बाल्मीकि जयंती के अगले दिन मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई जिसे देखने हजारों लोग सड़कों पर खड़े रहे। मोहल्ला शेखपुर से बैंड बाजे के साथ शुरू हुई शोभायात्रा गणेश गेट होते हुए नगर के मुख्य मार्ग पर पहुंची और धीमी गति से आगे बढ़ते हुए पंजाबी कालोनी के रास्ते से गुजरकर वापस शेखपुर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा में राधाकृष्ण समेत कई झांकियों के बीच भगवान् बाल्मीकि के स्वरूप एक भव्य रथ पर सवार थे। डीजे पर बजते भजन बातावरण को आस्था में पिरोये थे। शोभायात्रा में सचिन बाल्मीकि, सनी बाल्मीकि, कश्मीरी लाल, सियाराम, सुरेश, अशोक कुमार , भगवान दास तथा सोबरन सिंह अग्रणी भूमिका में शामिल रहे।

488 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

फरीदपुर (बरेली)। स्थानीय पुलिस ने 488 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार। सोमवार की शाम स्थानीय पुलिस के उप निरीक्षक जसवीर सिंह व तरुण कुमार कांस्टेबल अंकित कुमार, भानू चौधरी, सौरभ चौधरी के साथ गश्त ड्यूटी पर तैनात थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पुराने भुता रोड को जाने वाले रास्ते पर खाली प्लाट के पास एक व्यक्ति खड़ा है जिसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही हैं।सूचना पाते ही पुलिस की टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और मौके से एक व्यक्ति को धर दबोचा। पूछताछ करने पर युवक की पहचान 35 वर्षीय तौफीक पुत्र नन्हें निवासी ग्राम भगवंतापुर थाना फरीदपुर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल वह एक जेब में 488 ग्राम अवैध अफीम बरामद की। युवक ने पुलिस को बताया कि यह अफीम उसने एक अनजान व्यक्ति से खरीदी थी जिसके बाद वह मुनाफा कमाने के लिए इसे बेचने की फिराक में खड़ा था। पकड़े गए तस्कर को हिरासत में लेकर पुलिस कोतवाली लेकर पहुंची आए जहां उसके विरुद्ध स्वापक औषधि और मन :प्रभावित पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार , तमंचे और कारतूस भी बरामद

फतेहगंज पूर्वी। होटल और ढाबों पर खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले पांच आरोपियों को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से महिंद्रा एक्सयूवी-500 कार, 40-40 लीटर क्षमता के 10 प्लास्टिक कैन, दो पाइप, तीन मोबाइल फोन, दो तमंचे, तीन कारतूस और एक चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार की रात को गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर हाईवे पर ग्राम निवड़िया की ओर जाने वाले रास्ते पर कार्रवाई की गई। आरोपी ट्रकों के डीजल टैंक से तेल चोरी कर कैनों में भरते थे और बाद में उसे बेच देते थे। पुलिस के मुताबिक, पहचान छिपाने के लिए कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई जाती थी। पुलिस को देखकर भागने के दौरान आरोपियों की कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिसके बाद पांचों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ओमेंद्र उर्फ अंकित, ललित, अनिल उर्फ बाबू, सन्नी और सोनू के रूप में हुई है। सभी आरोपी थाना हाफिजगंज क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसएसआई संजीव कुमार, उपनिरीक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज सिंह, कांस्टेबल गौतम सिंह तथा रिजर्व कांस्टेबल सौरभ कराना और शिवम शामिल रहे।

कानूनी अधिकार बताकर गुड और बैड टच से किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। स्थानीय एम जी एम इंटर कालेज में बच्चों को कानूनी अधिकार की जानकारी देने तथा उनमें सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने की मंशा के साथ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) योगेश कुमार चौधरी ने महिला सशक्तिकरण, बाल सुरक्षा के साथ साथ कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले कालेज प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि योगेश कुमार चौधरी को बुके भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विशेष रूप से छात्राओं को शारीरिक सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सीख देकर गुड तथा बैड टच की जानकारी दी। साथ ही कहा कि जितना संभव हो सके, अकेले जाने से परहेज करें। किसी अनजान व्यक्ति के गिफ्ट को अस्वीकार करें। साइबर अपराध के बढ़ते दौर में किसी अपराधिक साजिश से बचाव के लिए सोशलमीडिया का उपयोग बहुत ही सोच समझकर करें। उन्होंने कहा कि, बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रह कर किसी भी उत्पीड़न की दशा में खामोशी बरतने के बजाय अपने माता पिता, शिक्षकों तथा भरोसे के लोगों को जानकारी दें। मुख्य अतिथि ने यौन अपराधों से बच्चों को आगाह करते हुए पास्को एक्ट की जानकारी दी तथा सभी से अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा पर पूरा जोर देने की अपील की।

जिम संचालक से दबंगों ने की मारपीट

फरीदपुर (बरेली)। कस्बे के मोहल्ला महादेव निवासी जिम संचालक विशाल प्रताप सिंह ने 20 से 25 युवकों पर मारपीट, फायरिंग और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पांच नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशाल के अनुसार, सोमवार रात करीब 10:35 बजे वह मेन रोड स्थित अपना मसल मॉन्स्टर जिम बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था। तभी डंडे और तमंचे लेकर युवक जिम में घुस आए। आरोप है कि एक युवक ने तमंचे की नाल उसके मुंह में डाल दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटा। भागते समय आरोपियों ने फायरिंग की, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने चार-पांच युवकों की पहचान की। आरोप है कि बाद में मुकुल ठाकुर ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी।

बाहरी टैक्सी यूनियन के हस्तक्षेप पर जताई नाराजगी, पुलिस से कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। चालक एवं टैक्सी वेलफेयर सोसाइटी ने सितारगंज क्षेत्र में बाहरी टैक्सी यूनियन के कथित हस्तक्षेप पर आपत्ति जताई है। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर बाहरी यूनियन की गतिविधियों पर रोक लगाने और मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्थानीय टैक्सी चालकों और वाहन स्वामियों के हितों की रक्षा के साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना भी जरूरी है।

सोसाइटी के पदाधिकारियों ने शिकायती पत्र में बताया कि उनकी संस्था पंजीकृत है और सितारगंज क्षेत्र के स्थानीय टैक्सी चालकों एवं वाहन स्वामियों के हितों के लिए काम करती है। आरोप है कि बाहरी क्षेत्रों की कुछ टैक्सी यूनियन और सोसाइटी के प्रतिनिधि सितारगंज पहुंचकर स्थानीय टैक्सी कारोबार में हस्तक्षेप कर रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर संचालित टैक्सी व्यवसाय के कामकाज में अनावश्यक दखलंदाजी बढ़ रही है। पदाधिकारियों ने इसे स्थानीय टैक्सी चालकों के हितों के लिए नुकसानदायक बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी यूनियन की गतिविधियों के कारण स्थानीय टैक्सी चालकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनके कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ने के साथ आर्थिक नुकसान और मानसिक परेशानी भी हो रही है। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि यदि इस मामले का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ स्थानीय चालक निजी स्वार्थ के चलते बाहरी यूनियन का सहयोग कर रहे हैं। इससे स्थिति और जटिल हो रही है। पदाधिकारियों का कहना है कि स्थानीय टैक्सी चालकों एवं वाहन स्वामियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मामले में उचित कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि किसी प्रकार का विवाद न बढ़े और कारोबार सुचारू रूप से संचालित हो सके।

चोरी की बाइकों सहित चार युवक गिरफ्तार

बहेड़ी। जाजूनागर रेलवे फाटक के सामने शाहगढ़ मार्ग के पास पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर चोरी की दो बाइक और दो मोबाइल बरामद किए। चौकी इंचार्ज तेजपाल सिंह की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान कार्रवाई की। आरोपियों ने बाइकें वृंदावन और रुद्रपुर से चोरी करना कबूल किया। गिरफ्तार राजीव विश्वास, बिक्की हलधर, विक्रम पाइक और अखिल को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मीरगंज में तहफ्फुज़-ए-ईमान कॉन्फ्रेंस आज से

मीरगंज। कस्बे में बुधवार को सालाना अज़ीमुश्शान जलसा तहफ्फुज़-ए-ईमान कॉन्फ्रेंस का आयोजन इशा की नमाज के बाद इस्लामिया स्कूल के सामने होगा। इसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए उलेमा-ए-किराम खिताब फरमाएंगे। कार्यक्रम में मुंबई के मालवानी से हजरत अल्लामा सैयद अमीनुल कादरी, मौलाना शकील बुलंदशहरी, मौलाना अब्दुर रऊफ नूरी रामपुर, मुफ्ती नईम मंजरी बरेली और मुफ्ती असरार आलम नूरी मीरगंज शामिल होंगे। मदरसा बरकात-ए-खदीजा के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद नदीम फारूक रजवी भी मौजूद रहेंगे। खतीब-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती गुलफाम अहमद रामपुरी और पीरे तरीकत सैयद सलीम मियां बिलासपुरी की शिरकत भी प्रस्तावित है। कार्यक्रम की निगरानी हाजी मोहम्मद सिद्दीक अंसारी करेंगे।

सेंथल उर्स मेले पर विवाद, कमेटी पर गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। तहसील नवाबगंज के कस्बा सेंथल में हजरत चिराग अली शाह बाबा के सालाना उर्स-ए-पाक के मौके पर लगने वाले प्रसिद्ध मेले को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जमीन मालिकों ने मेला कमेटी के आयोजकों पर उनकी निजी भूमिधरी जमीन पर मेला लगाने और ठेके से मिलने वाली रकम नहीं देने के गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की है। शिकायत के बाद आगामी मेले के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति बन गई है।

बताते चलें कि सेंथल में हजरत चिराग अली शाह बाबा के सालाना उर्स-ए-पाक के अवसर पर वर्षों से विशाल मेले का आयोजन होता आ रहा है। इस मेले का क्षेत्र में विशेष महत्व है और दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचते हैं। हालांकि, इस बार जमीन मालिकों की आपत्तियों के चलते मेले के आयोजन को लेकर विवाद सामने आया है। शिकायतकर्ताओं रईस अहमद सहित अन्य लोगों ने उपजिलाधिकारी नवाबगंज को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मेले का आयोजन उनकी पैतृक भूमिधरी जमीन पर किया जाता है। उनका दावा है कि संबंधित भूमि राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है, इसके बावजूद मेला कमेटी के आयोजक वहां आयोजन की तैयारी कर रहे हैं।

आरोप है कि मेले के ठेके से मिलने वाली भारी-भरकम रकम भी जमीन मालिकों को देने के बजाय कमेटी के लोग स्वयं रख लेते हैं। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि 25 नवंबर से 24 दिसंबर 2026 तक प्रस्तावित मेले के लिए पोस्टर-बैनर लगाकर प्रचार किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने जमीन पर कथित अवैध कब्जे की आशंका जताते हुए अधिकारियों से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने विवादित भूमि से कब्जा हटवाने और संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों को भी शिकायत भेजी है। वर्षों से आयोजित हो रहे इस प्रसिद्ध मेले को लेकर जमीन मालिकों की आपत्तियों के बाद अब प्रशासन की कार्रवाई पर निगाहें टिकी हैं। हालांकि, मेला कमेटी का पक्ष सामने नहीं आया है और शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि भी नहीं हुई है। दूसरे पक्ष का बयान और प्रशासनिक जांच के बाद ही विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ दशहरा मेले का समापन

- जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नवाबगंज, राजगद्दी शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ विशाल दशहरा मेला

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। नगर में चल रहे 22 दिवसीय विशाल दशहरा मेले का मंगलवार को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला और भव्य राजगद्दी शोभायात्रा के साथ समापन हो गया। श्री बाल मुकुंद जी महाराज वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों ने प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की मनोहारी लीला का मंचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

रामलीला में दिखाया गया कि 14 वर्ष का वनवास पूरा कर प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे। इसके बाद कुलगुरु महर्षि वशिष्ठ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम का राज्याभिषेक कराया। श्रीराम और माता सीता के राजसिंहासन पर विराजमान होने के साथ ही रामराज्य की स्थापना का प्रसंग जीवंत हो उठा। राज्याभिषेक की लीला के बाद नगर में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य राजगद्दी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। इसी के साथ 22 दिनों तक चले विशाल दशहरा मेले का भव्य समापन हो गया। इस दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उप मंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षित चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेन्द्र कुमार, सक्सेना शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़ , रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी और मेल व्यवस्थापक राम अवतार वाला, अमर सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे।

फतेहगंज पूर्वी की रामलीला में हुआ श्रीराम जन्म

फतेहगंज पूर्वी। नगर में चल रही रामलीला में मंगलवार को प्रभु श्रीराम जन्म की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। इसे देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु और कस्बावासी पहुंचे। प्रभु श्रीराम के जन्म का प्रसंग देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। अयोध्या से आई रामलीला मंडली के नेतृत्वकर्ता देवेश अवस्थी ने बताया कि कलाकार रामकथा के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहने का प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को ताड़का वध की लीला का मंचन किया जाएगा, जबकि गुरुवार को भव्य राम बरात निकाली जाएगी। राम बरात को लेकर दर्शकों और कस्बावासियों में खासा उत्साह है। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बा चौकी प्रभारी लक्ष्मीनारायण सिंह और आकाश ठाकुर लगातार मौजूद रहे। वहीं, मेले में खिलौनों और अन्य सामान की दुकानें सजने लगी हैं, जिन पर भी लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है। व्यवस्थाओं में मेला कमेटी अध्यक्ष पवन राज मिश्रा, डॉ. यशपाल सिंह, रामू, प्रदीप मिश्रा,अजय गुप्ता , हरीश गुप्ता, अनुज मिश्रा सहित अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

पत्रकार रियाज गुड्डू की दादी अजीजन का 103 वर्ष की आयु में इंतकाल



नवाबगंज। पत्रकार रियाज गुड्डू की दादी अजीजन पत्नी स्वर्गीय न्याज अहमद का 103 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया। उनके निधन से परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, वह वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। उनके इंतकाल की सूचना पर स्थानीय पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दुआ-ए-मगफिरत की। शोक संवेदना जताने वालों में उपजा प्रेस क्लब नवाबगंज के तहसील अध्यक्ष रियाज अंसारी, परवेज, रियाजुद्दीन, अनूप गुप्ता, साजिद अंसारी, बाबू अंसारी, सरफराज खान, अमित मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, सुमित कुमार, शाहिद अली, निजाम खान, कुलदीप सक्सेना, नजमी जैदी और राजेश गंगवार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

मुकदमा वापस न लेने पर संतोष को मारी थी गोली, चार दिन बाद मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ सीबीगंज में प्लाईवुड फैक्टरी कर्मचारी ने उपचार के दौरान तोड़ा दम, पत्नी की तहरीर पर सात आरोपियों के खिलाफ दर्ज है मुकदमा

बरेली। मुकदमे में समझौता करने से इनकार करने पर गोली मारकर घायल किए गए प्लाईवुड फैक्टरी कर्मचारी संतोष कुमार साहू (37) की मंगलवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। चार दिन तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद संतोष ने दम तोड़ दिया।

आरोप है कि करीब एक साल पहले दर्ज मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। इनकार करने पर उन पर जानलेवा हमला किया गया। संतोष की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।सीबीगंज थाना क्षेत्र निवासी संतोष कुमार साहू परसाखेड़ा स्थित एक प्लाईवुड फैक्टरी में काम करते थे। शुक्रवार, 23 अक्टूबर की रात करीब दस बजे वह गांव में रामचंद्र के बेटे के मंडप की दावत में शामिल होकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि दुर्गा माता मंदिर के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव के ललित कुमार ने उन पर तमंचे से दो गोलियां चला दीं। एक गोली संतोष के सिर में आंख के पास लगी, जबकि दूसरी छूकर निकल गई। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुनकर गांव के पप्पू मौके पर पहुंचे। संतोष को घायल अवस्था में देखकर उन्होंने परिजनों को सूचना दी।

इसके बाद परिवार के लोग उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। सिर में गोली लगने के कारण उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस के मुताबिक, संतोष की पत्नी ने करीब एक साल पहले गांव के ललित कुमार के खिलाफ छेड़खानी और मारपीट से संबंधित मुकदमा दर्ज कराया था।

आरोप है कि ललित मुकदमा वापस लेने और समझौता करने का दबाव बना रहा था। संतोष और उनके परिवार के इनकार करने पर दोनों पक्षों के बीच रंजिश बढ़ गई। इसी विवाद में संतोष को गोली मारने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद संतोष की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने ललित कुमार, रोहतास, महेंद्र पाल, ओमप्रकाश के पुत्र विनोद, महेंद्र पाल, महेंद्र पाल के पुत्र करन और रामलाल के पुत्र मदन लाल के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। संतोष की मौत के बाद अब मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाने की कार्रवाई की जाएगी। संतोष अपने परिवार में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे। परिवार की जिम्मेदारी संभालने वाले संतोष की मौत से पत्नी और बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। चार दिन से उनके ठीक होने की उम्मीद लगाए बैठे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि मामले में नामजद आरोपियों की भूमिका की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गांधी उद्यान में जहर खाने वाली किशोरी की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ प्रेमी की हालत गंभीर

बरेली। गांधी उद्यान में सोमवार शाम जहरीला पदार्थ खाने वाले प्रेमी युगल में किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसका शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहीं, शाहजहांपुर निवासी प्रेमी संदीप की हालत गंभीर बनी हुई है। किशोरी की मौत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम गांधी उद्यान में दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। बाद में परिजन दोनों को अलग-अलग निजी अस्पतालों में ले गए। उपचार के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया, जबकि संदीप का इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, किशोरी 24 अक्टूबर को स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इस पर उसके पिता ने शाहजहांपुर जिले के बंडा थाना क्षेत्र के गंगसरा निवासी संदीप के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि किशोरी संदीप के साथ नैनीताल चली गई थी, जहां दोनों ने शादी कर ली थी। बताया गया कि दोनों अलग-अलग जातियों से संबंध रखते थे। पुलिस और मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयानों में उन्होंने नैनीताल जाकर शादी करने की बात कही थी। वहां से लौटने के बाद दोनों गांधी उद्यान पहुंचे थे। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

बरेली बार एसो. के चुनाव दिसंबर 2026 में कराने की मांग, शंकर कुमार सक्सेना ने सौंपा माँग पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। बरेली बार एसोसिएशन, बरेली के आगामी चुनाव निर्धारित समय पर कराने की मांग तेज हो गई है। अधिवक्ता शंकर कुमार सक्सेना ने सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, बरेली मंडल को प्रार्थना पत्र देकर बार एसोसिएशन की पूरी कार्यकारिणी के चुनाव दिसंबर 2026 में नियमानुसार संपन्न कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से संबद्धता के नवीनीकरण, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा कथित अनियमितताओं की जांच से संबंधित मुद्दे भी उठाए हैं।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, बरेली बार एसोसिएशन का बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से संबद्धता का नवीनीकरण 3 मई 2026 को कराया गया था। पत्र में कहा गया है कि संबद्धता के नवीनीकरण के बाद मॉडल बायलॉज के प्रावधानों के अनुपालन के तहत चुनाव निर्धारित समय में कराना आवश्यक है। अधिवक्ता शंकर कुमार सक्सेना का तर्क है कि चुनाव की समय-सीमा पूर्व में हुए चुनाव से जोड़ी जानी चाहिए, न कि केवल संबद्धता की तिथि से। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि बार एसोसिएशन का पिछला चुनाव दिसंबर 2025 में हुआ था। ऐसे में दिसंबर 2026 तक नई कार्यकारिणी के चुनाव कराए जाने की मांग की गई है। सक्सेना ने आरोप लगाया है कि वर्तमान पदाधिकारियों की ओर से अभी तक चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई है, जिससे अधिवक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है।

चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग

प्रार्थना पत्र में पिछले चुनाव के दौरान चुनाव पैनल में समर्थकों को शामिल करने, कथित फर्जी वोटिंग तथा वोटर लिस्ट में अन्य बार एसोसिएशनों के सदस्यों के नाम शामिल किए जाने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। पत्र में फर्जी सी .ओ .पी संख्या दर्ज कर मतदाता बनाए जाने का आरोप लगाते हुए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ये आरोप प्रार्थना पत्र में लगाए गए हैं शंकर कुमार सक्सेना ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले चुनाव में कथित अनियमितताओं के बावजूद चुनाव की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने मांग की है कि आगामी चुनाव निर्धारित समय पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराए जाएं, ताकि सभी अधिवक्ताओं को समान अवसर मिल सके।

प्रशासन से की गई ये प्रमुख मांगें

अधिवक्ता शंकर कुमार सक्सेना ने अपने प्रार्थना पत्र में मांग की है कि बरेली बार एसोसिएशन की पूरी कार्यकारिणी के चुनाव दिसंबर 2026 में मॉडल बायलॉज एवं लागू नियमों के अनुरूप कराए जाएं। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया, मतदाता सूची और मतगणना को नियमों के अधीन रखते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। शंकर कुमार सक्सेना ने अपने पत्र में कहा है कि अधिवक्ताओं की मांगों और बार के लोकतांत्रिक ढांचे को ध्यान में रखते हुए चुनाव समय पर कराना आवश्यक है। अब इस प्रार्थना पत्र पर संबंधित प्रशासन की कार्रवाई और आगामी चुनाव की तिथि घोषित होने का इंतजार है।

मुआवजे के लिए सर्वजन आम पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

फरीदपुर (बरेली)। सर्वजन आम पार्टी ने मंगलवार को अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर पैदल मार्च निकाला। राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश भास्कर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर तहसीलदार शुभम तिवारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर किसानों के समर्थन में नारेबाजी की। ज्ञापन में प्रभावित किसानों की फसलों का निष्पक्ष सर्वे कराकर जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की गई। पार्टी ने कहा कि नुकसान से परेशान किसानों को बिना देरी आर्थिक राहत मिलनी चाहिए। इस दौरान चंद्रपाल नेताजी, दिनेश दिवाकर, महेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, अशोक सिंह, कुमारसेन, सतपाल दिवाकर, महिपाल सिंह दिवाकर, ओमकार दिवाकर, मुन्नालाल, वीरपाल दिवाकर, रितेश कुमार आदि रहे।

डिजिटल इंडिया : नेटवर्क समस्या से जूझ रहे प्रतियोगी, परीक्षा तैयारी में हो रही असुविधा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शेरगढ़। डिजिटल इंडिया के दौर में भी लोगों को नेटवर्क समस्या से जूझना पड़ रहा है। क्षेत्र के नगरिया कलां,डेलपुर समेत कई गांव ऐसे हैं जहां नेटवर्क की समस्या के चलते विद्यार्थियों, प्रतियोगियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, परीक्षा की तैयारी आदि को लेकर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

नगरिया कलां गांव में लगा टावर बार-बार जवाब दे रहा है। ग्राम पंचायत डेलपुर में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नेटवर्क समस्या के चलते कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। क्षेत्र में पैट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे प्रतियोगियों की तैयारी भी प्रभावित हो रही है। नगरिया कलां गांव में नेटवर्क समस्या हर माह विद्यार्थियों को दिक्कत पैदा कर रही है।

यहां बीते माह नेटवर्क समस्या उत्पन्न हुई थी जिसे कई दिन बाद ठीक तो कर दिया गया था लेकिन मंगलवार सुबह नेटवर्क फिर ध्वस्त हो गया। स्थिति यह है कि सिग्नल समस्या के चलते लोगों की फोन से बात करना भी मुनासिब नहीं हो पा रहा है। सबसे बड़ी समस्या विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों और परीक्षार्थियों को उठानी पड़ रही है। नगरिया कलां गांव में मंगलवार सुबह शुरू हुई नेटवर्क समस्या देर रात तक ठीक नहीं हो सकी। यहां लगा टावर बार-बार जवाब दे रहा है।

जिससे लोगों का इस ओर से मोह भंग होता जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगे नगरिया कलां के गुरदीप सिंह ने बताया कि वह समस्या समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार दूरभाष पर अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा गया है। क्षेत्र वासियों रवि सिंह, अभिजीत सिंह उर्फ शनि, राजा शर्मा, सौरभ सिंह, संदेश कुमार, विकास शर्मा, अंशिका, बंशिका, रचना कुमारी, गौतम शर्मा आदि ने जिम्मेदारों से समस्या समाधान की मांग की है।

बुजुर्ग से धार्मिक नारे लगवाने का आरोप, युवक भी पीटा

▶ अय्यूब खां चौकी के सामने देर रात हुई घटना, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। कोतवाली क्षेत्र में अय्यूब खां पुलिस चौकी के सामने सोमवार देर रात बुजुर्ग के साथ मारपीट और धार्मिक नारे लगवाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने बुजुर्ग को रोककर उनसे जबरन 'जय श्रीराम' के नारे लगवाने की कोशिश की। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। इसी दौरान बुजुर्ग को बचाने पहुंचे एक युवक को भी आरोपियों ने पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में है। पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे की बताई जा रही है। किला थाना क्षेत्र के बाजार संदल खां निवासी हाजी पप्पू कहीं जा रहे थे। आरोप है कि अय्यूब खां चौकी के सामने कुछ युवकों ने उन्हें रोक लिया। हाजी पप्पू के मुताबिक, दाढ़ी और टोपी देखकर युवकों ने उनके साथ अभद्रता की और धार्मिक नारे लगाने को कहा। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। इसी दौरान खुर्रम गौंटिया निवासी रिंकू यादव वहां से गुजर रहे थे। रिंकू के अनुसार, उन्होंने कुछ युवकों को बुजुर्ग के साथ मारपीट करते देखा तो बीच-बचाव कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि इससे नाराज युवकों ने रिंकू को भी पीट दिया। घटना में हाजी पप्पू और रिंकू को चोटें आई हैं। रिंकू यादव ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह काम से संबंधित सामान लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में बुजुर्ग के साथ मारपीट होते देखी। उन्हें बचाने की कोशिश करने पर उनके साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। हालांकि, आरोपियों की पहचान और पुलिस की कार्रवाई को लेकर आधिकारिक पुष्टि सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मुख्य मार्ग से संपर्क कटने से परेशान मुरावपुरा के लोग, सड़क और अंडरपास निर्माण की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। शहर के लाइन पार स्थित मोहल्ला मुरावपुरा और मीर का बाग के लोगों ने मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सुरक्षित संपर्क मार्ग और सड़क निर्माण कराने की मांग उठाई है। मोहल्ले के सामने रेलवे लाइन और हाईटेंशन बिजली लाइन, पीछे नदी तथा दाईं ओर बड़ा नाला होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाले इस मोहल्ले के सैकड़ों लोगों को रोजाना आने-जाने में दिक्कत होती है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित रास्ते का अभाव परेशानी बढ़ा रहा है। बस्ती के सामने से रेलवे लाइन और हाईटेंशन बिजली लाइन गुजरने के कारण सीधे मार्ग का निर्माण तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है। वहीं, पीछे नदी होने से बरसात में बाढ़ का खतरा रहता है, जबकि दाईं ओर स्थित बड़ा नाला भी रास्ते में बाधा बना हुआ है। मोहल्लेवासियों के मुताबिक, इस समस्या के समाधान के लिए 21 अगस्त 2026 को ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बावजूद प्रकरण अब तक लंबित प्रदर्शित हो रहा है। लोगों ने मांग की है कि नगर निगम, राजस्व विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त तकनीकी टीम गठित कर मौके का निरीक्षण कराया जाए। जरूरत के अनुसार रेलवे और विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी शामिल कर सुरक्षित संपर्क मार्ग का विकल्प तलाशा जाए। मोहल्लेवासियों ने सड़क अथवा उपयुक्त अंडरपास का निर्माण कराने के साथ पुरानी शिकायत का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की है।

युवाओं की सोच, कौशल और प्रगति से बनेगा विकसित भारत 2047

जागरण मोर्चा कार्यालय



बहेड़ी। विकसित भारत का रास्ता डिग्री से नहीं, युवा की सोच और उसकी व्यक्तिगत प्रगति से निकलेगा। यह मंत्र राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार ने सोमवार को राजकीय महाविद्यालय, रिछा में दिया। वह युवा संकल्प 2047 अभियान के तहत विद्यार्थियों से संवाद कर रही थीं। कालेज के सभागार में छात्र-छात्राओं से खुले संवाद में सांसद ने कहा जब आप यह मान लोगे कि आपकी अपनी प्रगति ही देश की प्रगति है, तभी 2047 का विकसित भारत बनेगा। उन्होंने युवाओं से रटने की बजाय सोचने, भीड़ का हिस्सा बनने की बजाय अपना विवेक इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सवाल पूछना कमजोरी नहीं, सबसे बड़ी हिम्मत है। सवाल है तो आपके पास अपना विचार है। असहमत होना भी संवाद का हिस्सा है, बस बात तर्क और मर्यादा में कहनी चाहिए। डिजिटल युग पर चेताते हुए सांसद ने कहा कि आज युवा एल्गोरिदम के हिसाब से सोचने लगे हैं। मोबाइल तय कर रहा है कि क्या देखना है, क्या पसंद करना है। इस जाल से निकलो, अपनी पसंद खुद तय करो। निरंतर सीखने को उन्होंने सबसे बड़ी पूंजी बताया। कहा - अगर सीखना बंद किया तो रुक जाओगे। आज सीखने के साधन सबके पास हैं, जरूरत खुद को भविष्य के लिए तैयार करने की है। इसके लिए कॉलेजों में नए स्किल वाले कोर्स और सर्टिफिकेट लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। रोजगार पर उन्होंने सोच बदलने को कहा। बोलीं - सिर्फ नौकरी खोजने वाले मत बनो, नौकरी देने वाले बनो। इसकी कोई उम्र नहीं होती। छोटे आइडिया से शुरू करो, परखो और फिर बड़ा करो, सरकार की योजनाएं साथ हैं। समाज सेवा को उन्होंने खुद को समृद्ध करने का जरिया बताया। कहा हम देते कम हैं, मिलता ज्यादा है। छात्राओं के सवाल 2047 में महिलाओं की भूमिका क्या होगी, इस पर सांसद ने कहा कि छात्राएं अपनी ताकत पहचानें, आत्मनिर्भर बनें और नेतृत्व लें। अंत में तीन मंत्र दिए - उत्कृष्टता, सत्यनिष्ठा और टीमवर्क। हर काम पूरी ईमानदारी से करो और सबको साथ लेकर चलो। सवाल-जवाब सत्र में विद्यार्थियों ने खुलकर प्रश्न पूछे। सांसद ने भरोसा दिया कि उनके सुझावों पर कार्ययोजना बनाकर वापस कॉलेज में साझा की जाएगी। कहा - खाली बात से बात नहीं बनती, मापने योग्य कदम उठाने पड़ते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

बिल्सी और बिसौली में 28 व 29 अक्टूबर को लगेगा रोजगार मेला

बदायूं। रोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिले में 28 और 29 अक्टूबर को रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई और कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 28 अक्टूबर को महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिल्सी और 29 अक्टूबर को मदनलाल इंटर कॉलेज, बिसौली में सुबह 10 बजे से मेला लगेगा। इसमें 15 से अधिक तकनीकी और गैर तकनीकी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा। हाईस्कूल से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक और कौशल विकास डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष तक के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाणपत्रों और बायोडाटा की छायाप्रति लेकर निर्धारित स्थल पर पहुंचें। मेले में प्रतिभाग पूरी तरह नि :शुल्क रहेगा।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में डॉ. शैलेश पाठक को जगह

क्षेत्र की जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का मिला लाभ, जिले के पांच नेताओं को प्रदेश कार्यसमिति में किया गया शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति में दातागंज क्षेत्र के प्रमुख नेता डॉ. शैलेश पाठक को सदस्य बनाए जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी के इस निर्णय को डॉ. पाठक के राजनीतिक कद में बढ़ोतरी और क्षेत्र में उनकी सक्रियता को मिली अहमियत के रूप में देखा जा रहा है। उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। घोषणा के बाद से ही उन्हें बधाई देने और स्वागत करने वालों का तांता लगा हुआ है। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में बदायूं जिले के पांच नेताओं को स्थान दिया गया है। इनमें दातागंज से डॉ. शैलेश पाठक, सदर क्षेत्र से भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व एमएलसी जितेंद्र सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक भारतीय और पूर्व विधायक सिनोद शाक्य के नाम शामिल हैं। जिले के इन नेताओं को प्रदेश स्तर पर संगठन में जिम्मेदारी मिलने से पार्टी कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा जा रहा है।



डॉ. शैलेश पाठक।



सिनोद शाक्य।



भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता।



पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक भारतीय।



पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव।

जनता के बीच सक्रियता बनी पहचान

डॉ. शैलेश पाठक लंबे समय से दातागंज क्षेत्र में सक्रिय हैं। क्षेत्रीय लोगों के सुख-दुख में शामिल होना, जनसमस्याओं को सुनना और लोगों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखना उनकी राजनीतिक गतिविधियों का प्रमुख हिस्सा रहा है। स्थानीय स्तर पर उनकी सक्रियता के चलते समर्थकों को उम्मीद थी कि पार्टी संगठन में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किए जाने के बाद समर्थक इसे उनकी राजनीतिक मेहनत और जनसंपर्क का सकारात्मक परिणाम मान रहे हैं। राजनीतिक जानकारों की नजर में प्रदेश कार्यसमिति में जगह मिलना किसी भी नेता के लिए संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इससे प्रदेश नेतृत्व के साथ संवाद का अवसर मिलता है और क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर उठाने की संभावना भी बढ़ती है। डॉ. पाठक को मिली जिम्मेदारी से दातागंज क्षेत्र में भाजपा की राजनीतिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिले के पांच नेताओं को मिला प्रतिनिधित्व

प्रदेश कार्यसमिति में बदायूं के पांच नेताओं को शामिल किए जाने को जिले के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ संगठन में काम कर चुके नेताओं को भी जगह मिली है। इससे जिले के अलग-अलग क्षेत्रों और संगठनात्मक अनुभवों को प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व मिलने का संदेश गया है। डॉ. शैलेश पाठक के समर्थकों का मानना है कि प्रदेश कार्यसमिति में उनकी भागीदारी से दातागंज क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े विषयों को संगठन के उच्च स्तर तक पहुंचाने में मदद मिल सकती है। हालांकि, नई जिम्मेदारी के बाद उनकी प्राथमिकताएं क्या होंगी और क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए वह किस तरह काम करेंगे, इस पर भी लोगों की नजर रहेगी।

बधाइयों का सिलसिला जारी

डॉ. शैलेश पाठक को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाए जाने की सूचना के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल है। लोग उन्हें बधाई देते हुए पार्टी नेतृत्व के निर्णय का स्वागत कर रहे हैं। क्षेत्रीय राजनीति में इस नियुक्ति को डॉ. पाठक की भूमिका के विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है। अब देखना होगा कि प्रदेश कार्यसमिति में मिली इस नई जिम्मेदारी के बाद डॉ. शैलेश पाठक संगठन और दातागंज क्षेत्र के लिए किस तरह अपनी भूमिका निभाते हैं। फिलहाल, उनकी नियुक्ति ने क्षेत्रीय राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है और समर्थकों की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

जनगणना प्रशिक्षण में सिखाए तकनीकी पहलू

बिसौली। नगर पालिका सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय जनगणना के सुचारू संचालन के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक सोहेल अग्रवाल और ओमवीर ने कर्मियों को जनगणना की तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल ऐप के उपयोग, प्रपत्र भरने की प्रक्रिया और फील्ड में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में समझाया। प्रशिक्षकों ने कहा कि जनगणना महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की सही जानकारी दर्ज करना आवश्यक है। कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने, नागरिकों से शिष्टतापूर्वक व्यवहार करने और एकत्रित आंकड़ों की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में जनगणना लिपिक राजीव कुमार, डॉ. अर्चना वार्ष्णेय, मचिन मिश्रा, मधुकर उपाध्याय, हरपाल सिंह, राहुल वार्ष्णेय, अजीत और मनोज सक्सेना सहित अन्य प्रगणक मौजूद रहे।

विवाहिता की संदिग्ध मौत लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मीरा सराय मोहल्ले में मंगलवार को 30 वर्षीय विवाहिता सुजाता उर्फ नेहा का शव कमरे में बेड के पास पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मायके पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर दुपट्टे से गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतका के भाई सोनू सागर के मुताबिक, सुजाता की शादी करीब दस वर्ष पहले मीरा सराय निवासी जितेंद्र से हुई थी। उसके दो बेटे हैं। सोनू ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में चार पहिया वाहन और सोने की अंगूठी की मांग करते थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच पहले भी विवाद हुआ था। भाई ने बताया कि उसकी छोटी बहन को विद्यालय में पढ़ने वाली एक छात्रा ने घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे, जहां सुजाता मृत अवस्था में पड़ी मिली। मायके पक्ष ने जितेंद्र समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोगों के घर से चले जाने की बात भी सामने आई है। विवाहिता की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दातागंज में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

पार्टनर पर लूट के बाद हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र में 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव धान मिल के पास एक मकान में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने युवक के कारोबारी पार्टनर और उसके दो साथियों पर लूट के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। दातागंज नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 19 निवासी राजेंद्र गिरि के 26 वर्षीय पुत्र सूर्यांश उर्फ छोटे जानवरों की खरीद-बिक्री का काम पार्टनरशिप में करते थे। मृतक के भाई मणिकांत के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 11 बजे सूर्यांश का पार्टनर वीरेश कुमार यादव निवासी कलौरा अपने दो अन्य साथियों के साथ उनके घर आया और सूर्यांश को अपने साथ बुलाकर ले गया। मणिकांत ने बताया कि इसके करीब तीन घंटे बाद कोतवाली पुलिस ने फोन कर सूर्यांश की मौत की सूचना दी।

पुलिस के अनुसार, दातागंज से करीब एक किलोमीटर दूर धान मिल के पास बिंदु पुत्र नारायण के मकान में सूर्यांश का शव फंदे पर लटका मिला। बिंदु मूल रूप से बरेली का निवासी बताया गया है और



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा

- एक लाख 95 हजार रुपये, मोबाइल और साइकिल गायब होने का दावा, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

वर्तमान में कलौरा में रहता है। परिजनों का आरोप है कि सूर्यांश के पास एक लाख 95 हजार रुपये, मोबाइल फोन और साइकिल थी। उन्होंने आशंका जताई कि रुपये और सामान लूटने के बाद उसकी हत्या की गई है। बताया गया कि सूर्यांश अविवाहित था। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

सड़क हादसे में पिता की मौत बेटी गंभीर रूप से घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मूसाझाग क्षेत्र में गुलड़िया गांव के पास मंगलवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में पिता की मौत हो गई, जबकि उनकी 15 वर्षीय बेटी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। मूसाझाग थाना क्षेत्र के कंडेला गांव निवासी अभिषेक कुमार पुत्र राधाकृष्ण अपनी बेटी राधिका के साथ बाइक से जा रहे थे। गुलड़िया गांव के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बिना देरी किए घायलों को बदायूं जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने अभिषेक कुमार को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल उनकी 15 वर्षीय बेटी राधिका को भी अस्पताल पहुंचाया गया। अभिषेक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बाद में परिजन शव को अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी पीआई के माध्यम से कोतवाली पुलिस को दी गई है। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

जमीन विवाद में तीन पर किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। गांव जकूपुर में जमीन को लेकर चल रहा विवाद मंगलवार सुबह हिंसक हो गया। सहसवान आ रहे एक युवक, उसके पिता और बहन पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किए जाने का आरोप है। तीनों घायल हो गए। पीड़ित ने पांच लोगों के खिलाफ कोतवाली सहसवान में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

जकूपुर निवासी सतीश पुत्र सत्यपाल सिंह के मुताबिक, उसने पूर्व में एक जमीन खरीदी थी, लेकिन उसका दाखिल-खारिज नहीं हो पाया था। आरोप है कि इस बीच गांव के ही राजेश, अनार सिंह, अजब सिंह, पप्पू और सुमन ने कथित रूप से धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा करा लिया। इसकी जानकारी मिलने पर सतीश ने विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। सतीश ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह अपने पिता सत्यपाल सिंह और बहन कुमकुम के साथ सहसवान जा रहा था। रास्ते में आरोपियों के घर के पास पहुंचने पर वे कथित तौर पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर आ गए। आरोप है कि उन्होंने तीनों को घेरकर गाली-गलौज की और शिकायत करने जाने की बात कहते हुए हमला कर दिया। मारपीट में सतीश, उसके पिता और बहन घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। पीड़ित के अनुसार, ग्रामीणों के विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना के बाद सतीश ने कोतवाली पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।



मारपीट में घायल जिला अस्पताल में भर्ती। -जागरण मोर्चा

लक्ष्य डिजिटल लाइब्रेरी के तीन युवाओं का यूपी होमगार्ड में अंतिम चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय



सहसवान। लक्ष्य डिजिटल लाइब्रेरी, सहसवान में अध्ययन करने वाले तीन युवाओं का उत्तर प्रदेश होमगार्ड में अंतिम चयन हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। चयनित युवाओं के परिजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है। लक्ष्य डिजिटल लाइब्रेरी से तैयारी करने वाले चयनित अभ्यर्थियों में प्रतिपाल पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम फतनपुर टप्पा हवेली, सहसवान, सूरज पुत्र धर्मवीर निवासी मोहल्ला सैफुल्लागंज, सहसवान और विपिन कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी मोहल्ला नयागंज, तहसील सहसवान शामिल हैं। तीनों युवाओं की सफलता को उनकी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। उनके चयन से लक्ष्य डिजिटल लाइब्रेरी का गौरव बढ़ा है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। लक्ष्य डिजिटल लाइब्रेरी परिवार ने तीनों चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उम्मीद जताई कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे तथा अपनी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रेरित करेंगे।

महारैली में जाएंगे एक हजार कांग्रेसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को प्रस्तावित इंडिया गठबंधन की 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में बदायूं से एक हजार कांग्रेसियों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यकर्ता 50 से अधिक गाड़ियों और निजी साधनों से दिल्ली पहुंचेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर मंगलवार को यूपीटी गेस्ट हाउस में एआईसीसी पर्यवेक्षक तरुण त्यागी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक कौशलेंद्र यादव ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। एआईसीसी पर्यवेक्षक तरुण त्यागी ने भाजपा सरकार पर वोट चोरी और मतदाता सूची में हेरफेर के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में आयोजित महारैली में पहुंचने की अपील की। प्रदेश पर्यवेक्षक कौशलेंद्र यादव ने कहा कि मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम छूटने और मताधिकार के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने जैसी समस्याएं लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष को जरूरी बताया। जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि महारैली में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठाई जाएगी। सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है और गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष बफाती मियां, दीपक मिश्रा, कोषाध्यक्ष साजिद अली खान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रणनीति बनाते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

प्रतियोगिता से बताई राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। पुलिस स्मृति दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रमों की शृंखला के तहत मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन बदायूं में स्कूली बच्चों के लिए 'राष्ट्र में पुलिस की भूमिका' विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस मॉडर्न स्कूल, शिव देवी इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन वामा सारथी पुलिस वेलफेयर उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं वामा सारथी की अध्यक्षा अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया के पर्यवेक्षण में आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्र की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और समाज में शांति स्थापित करने में पुलिस की भूमिका से परिचित कराना रहा। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को पुलिस के कर्तव्यों, नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को समझने का अवसर मिला। इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर सुमेध मिलिंद जाधव, प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली और राष्ट्रहित में उसके योगदान के प्रति जागरूक किया गया।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं के साथ सीओ सिटी सुमेध मिलिंद जाधव। -जागरण मोर्चा

धार्मिक उल्लास | हवन-पूजन के बाद थाना अध्यक्ष ने फीता काटकर किया महोत्सव का शुभारंभ

कृषि इंटर कॉलेज मैदान में 57वें श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। कृषि इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित 57वें परंपरागत श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ किया गया। पंडित गुरुदेश पाराशर ने हवन-पूजन संपन्न कराया। इसके बाद मुजरिया थाना अध्यक्ष ने फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया। शुभारंभ के साथ ही मेला परिसर में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का माहौल बन गया। मेला संयोजक सत्यपाल सिंह सोलंकी और विजयपाल सिंह सोलंकी ने थाना अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं, श्री रामलीला कमेटी के सदस्यों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। आयोजन के दौरान अतिथियों और कमेटी के पदाधिकारियों ने महोत्सव की परंपरा को बनाए रखने और धार्मिक आयोजनों के महत्व पर जोर दिया। शुभारंभ कार्यक्रम के बाद श्री रामलीला के कलाकारों ने नाटकीय प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों के अभिनय के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों को मंच पर प्रस्तुत किया गया। रामलीला महोत्सव क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव में लोगों की विशेष रुचि रहती है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवकुमार दीक्षित, मेला अध्यक्ष जबर सिंह, दीपक सोलंकी, देवपाल सिंह यादव, सोनू सोलंकी, विपिन मिश्रा, कमल सिंह तोमर, उपदेश चौहान, आर्येंद्र यादव, अंसीव सक्सेना सहित मेला कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



रामलीला का फीता काटकर उद्घाटन करते मुजरिया थाना प्रभारी नीरज कुमार।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

आवारा सांड के हमले में बुजुर्ग किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

बदायूं। मुजरिया थाना क्षेत्र के तिगोड़ा गांव में मंगलवार सुबह आवारा सांड के हमले में 65 वर्षीय किसान नेत्रपाल की मौत हो गई। वह सुबह करीब 10 बजे खेत पर जा रहे थे। गांव के पास मुख्य सड़क पर मौजूद सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। किसान की मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के एक बेटी और चार बेटे हैं। सभी विवाहित हैं। खेती-किसानी से परिवार का भरण-पोषण होता था। सूचना पर पहुंची मुजरिया थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना से गांव में शोक व्याप्त है।

बदहाल सड़क पर कीचड़ से राहगीर परेशान

मोहिउद्दीनपुर के मुख्य मार्ग पर गड्ढों का अंबार, स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी; निर्माण न होने पर आंदोलन की चेतावनी



सड़क पर हो रहे जल भराव को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा



सड़क पर हो रहा जल भराव व कीचड़। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। प्रदेश सरकार की ओर से गड्ढामुक्त सड़कों के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन सहसवान नगर के मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर की सड़क की हालत इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। कई वर्षों से बदहाल पड़ा मुख्य मार्ग अब कीचड़ और नालियों के गंदे पानी से लबालब है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। मोहिउद्दीनपुर का यह मार्ग क्षेत्र के प्रमुख रास्तों में शामिल है। यहां से दिनभर दोपहिया वाहनों के साथ अन्य वाहनों और राहगीरों का आवागमन होता है। सड़क पर फैली कीचड़ और फिसलन के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी उठानी पड़ रही है।

नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी के बीच जिम्मेदारी का सवाल

मोहल्लेवासियों के अनुसार, वे कई वर्षों से नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों से सड़क बनवाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकला। नगर पालिका अध्यक्ष बाबर मियां ने इस मार्ग को नगर पालिका के अधीन होने से इनकार करते हुए इसे पीडब्ल्यूडी का मार्ग बताया। वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों के बीच जिम्मेदारी स्पष्ट न होने से निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। लगातार परेशानी झेल रहे मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण और जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही परेशानी

सड़क की बदहाली का खामियाजा स्कूली बच्चों को भी भुगतना पड़ रहा है। रोजाना इसी रास्ते से स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं की ड्रेस और किताबें कीचड़ में खराब हो रही हैं। फिसलन के कारण बच्चों के गिरकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है। इससे अभिभावकों में नाराजगी है।

गंदे पानी से बीमारी फैलने की आशंका

सड़क पर नालियों का गंदा पानी जमा रहने से दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों को मच्छर पनपने और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका सता रही है। लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के साथ जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करना भी जरूरी है।

महिला अस्पताल में तीन मोबाइल, दो बाइक चोरी

बदायूं। जिला महिला अस्पताल में एक ही रात में तीन मोबाइल फोन और दो बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। इससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

परिसर में सुरक्षा गार्ड तैनात होने के बावजूद चोरी की घटनाओं से मरीजों और तीमारदारों में चिंता है। अस्पताल में दूर-दराज से गर्भवती महिलाएं और अन्य मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। कई मरीजों को भर्ती भी रहना पड़ता है। ऐसे में चोरी की घटनाएं उनकी परेशानी बढ़ा रही हैं। तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। लोगों ने परिसर में निगरानी बढ़ाने, रात्रि गश्त प्रभावी करने और आने-जाने वालों पर नजर रखने की मांग की है।

गौशाला में मृत मिले गाय-बछड़े, शवों को नोचते रहे कुत्ते-कौवे



परवेजनगर उर्फ अफगने स्थित गोशाला में जांच करते तहसीलदार सोहनपाल सिंह। -जागरण मोर्चा

▶ केयरटेकर का आरोप- रात में प्रधान को दी सूचना, सुबह तक नहीं हटाए गए शव, एसडीएम ने मांगी जांच रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। आसफपुर विकासखंड के ग्राम परवेजनगर उर्फ अफगने स्थित गोशाला में एक गाय और एक बछड़ा मृत अवस्था में मिलने से गोवंशों की देखभाल की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि दोनों के शव रात से सुबह तक गोशाला परिसर में पड़े रहे और कुत्ते-कौवे उन्हें नोचते रहे। शिकायत मिलने पर एसडीएम बिसौली प्रियंका गोयल के निर्देश पर तहसीलदार सोहनपाल सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी मंगवाकर दोनों शवों को दफन कराया। गोशाला में अन्य अव्यवस्थाएं मिलने की बात भी सामने आई है। बीडीओ ने जांच कराकर लापरवाही मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही है।

रात में सूचना देने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

गोशाला के केयरटेकर के मुताबिक, रात में एक गाय और एक बछड़े की मौत हो गई थी। इसकी सूचना ग्राम प्रधान को रात में ही दे दी गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद सुबह तक शवों को हटाने की व्यवस्था नहीं की गई। दोनों मृत गोवंश गोशाला परिसर में पड़े रहे और कुत्ते-कौवे उन्हें नोचते रहे। घटना ने गोशाला में पशुओं की देखभाल के साथ ही उनकी मौत के बाद शवों के निस्तारण की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, इस मामले में ग्राम प्रधान का पक्ष सामने नहीं आया है।

शिकायत पर पहुंचे तहसीलदार सोहनपाल सिंह, जेसीबी से दफन कराए गए शव

गोशाला में मृत गोवंश पड़े होने की शिकायत पर एसडीएम प्रियंका गोयल ने तहसीलदार सोहनपाल सिंह को जांच के लिए भेजा। मौके पर गाय और बछड़े के शव मिलने के बाद उन्हें जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दफन कराया गया। तहसीलदार ने बताया कि वह एसडीएम के निर्देश पर जांच करने पहुंचे थे। जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी को भेजी जाएगी रिपोर्ट

एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया कि मामले की जांच तहसीलदार से कराई गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद उसे जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। वहीं, खंड विकास अधिकारी लटूर सिंह यादव ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी। गोवंशों के संरक्षण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब जांच में यह स्पष्ट होना बाकी है कि गाय और बछड़े की मौत किन परिस्थितियों में हुई, उनकी देखभाल में कोई कमी थी या नहीं और रात में सूचना मिलने के बावजूद शवों को हटाने में देरी क्यों हुई। जांच में लापरवाही की पुष्टि होने पर संबंधित जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होने की उम्मीद है।

जेवर-नकदी लेकर दुकानदार फरार, मुकदमा हुआ दर्ज

बदायूं। कोतवाली क्षेत्र में जेवर और नकदी लेकर दुकान संचालक के फरार होने का मामला सामने आया है। सराय जोशी निवासी शिल्पी पत्नी मोनू की शिकायत पर पुलिस ने गौरव रस्तोगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के अनुसार, उसने करीब छह महीने पहले कबूलपुरा स्थित दुकान पर छह तोला सोने के जेवर गिरवी रखे थे। इसके अलावा साढ़े पांच ग्राम पुराने आभूषण और 1.31 लाख रुपये भी जमा कराए थे। आरोप है कि 13 अप्रैल को गौरव ने अगले दिन हिसाब करने का आश्वासन दिया। बाद में पता चला कि वह परिवार सहित मकान बेचकर बदायूं से चला गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीओ ने किया बिसौली कोतवाली का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बिसौली कोतवाली का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और लंबित मामलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ ने थाना परिसर, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क और कंप्यूटर कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जताई और व्यवस्था को लगातार बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अपराध रजिस्टर, भूमि विवाद से संबंधित फाइलों, शिकायती प्रार्थना पत्रों और समन-वारंट के निस्तारण से जुड़े अभिलेखों की जांच की। लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा को आवश्यक कार्रवाई समय से पूरी करने के निर्देश दिए। सीओ ने पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी अनुशासन के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। थाने पहुंचने वाले प्रत्येक पीड़ित की शिकायत गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार विनम्र और सहयोगात्मक होना चाहिए। इस दौरान इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर चमन गिरी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

केवट संवाद और भरत मिलाप ने दर्शकों को किया भावुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। आदर्श रामलीला कमेटी बिसौली गंज के रंगमंच पर आयोजित रामलीला में केवट संवाद और भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय और मधुर चौपाइयों ने ऐसा भक्तिमय वातावरण बनाया कि दर्शक भावविभोर हो उठे। मंचन के दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम और जय भरत जी के जयघोष से गूंज उठा। राम की भूमिका में अरविंद तिवारी और केवट के रूप में रामानंद तिवारी ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। राधेश्याम रामायण की चौपाइयों के माध्यम से उस प्रसंग को जीवंत किया गया, जब केवट प्रभु श्रीराम के चरण पखारने का सौभाग्य प्राप्त करता है। इस दृश्य में भक्ति, प्रेम और समर्पण की भावना देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इसके बाद भरत मिलाप का मंचन हुआ। भरत की भूमिका निभा रहे ब्रजेश शाक्य और शत्रुघ्न के रूप में कृष्णा ठाकुर ने प्रभावशाली अभिनय किया। श्रीराम और भरत के मिलन के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया और भाई के प्रति प्रेम, त्याग तथा मर्यादा का संदेश दिया। राम की भूमिका निभा रहे अरविंद तिवारी ने कहा कि केवट संवाद सिखाता है कि सच्ची भक्ति में कोई भेदभाव नहीं होता और भगवान अपने भक्तों के हृदय में निवास करते हैं। केवट की भूमिका निभाने वाले रामानंद तिवारी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के चरण पखारने का सौभाग्य प्रेम और समर्पण से मिलता है, न कि किसी पद या जाति से। भरत की भूमिका निभा रहे ब्रजेश शाक्य ने भरत मिलाप को त्याग, मर्यादा और भ्रातृप्रेम का अनुपम उदाहरण बताया। वहीं, शत्रुघ्न की भूमिका निभा रहे कृष्णा ठाकुर ने कहा कि रामकथा का प्रत्येक प्रसंग जीवन में धर्म, नीति और कर्तव्य का संदेश देता है। पूरे मंचन के दौरान कलाकारों के संवाद, संगीत और प्रकाश सज्जा ने दर्शकों को त्रेतायुग की अनुभूति कराई।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

विद्यालय में आयोजित हुआ 'निधि आपके निकट' कार्यक्रम

▶ ईपीएफओ अधिकारियों ने कर्मचारियों को दी योजनाओं और नए लाभों की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मीरा चौकी स्थित श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय बरेली की ओर से 'निधि आपके निकट 2.0' जिला संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें कर्मचारियों और नियोक्ताओं को ईपीएफओ की विभिन्न योजनाओं, नए लाभों और नियमों में हुए बदलावों की जानकारी दी गई। साथ ही भविष्य निधि से संबंधित समस्याएं सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया गया। ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय के अनुभाग पर्यवेक्षक अनिल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की योजनाओं और उद्देश्यों को कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं तक पहुंचाना है। इसके माध्यम से भविष्य निधि से जुड़े नए प्रावधानों, सुविधाओं और लाभों के प्रति जागरूक किया जाता है। शिविर में कर्मचारियों की समस्याएं सुनने के साथ उन्हें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। उन्होंने ईपीएफओ की डिजिटल परिवर्तन यात्रा और चार श्रम संहिताओं के लागू होने से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, सामाजिक सुरक्षा सहायक अभय राठौर ने बताया कि ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय बरेली की ओर से प्रत्येक माह की 27 तारीख को सभी जिलों में 'निधि आपके निकट' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

इसका उद्देश्य कर्मचारियों और नियोक्ताओं को भविष्य निधि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सहज मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह सेंगर, हिमांशु उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह, प्रवेश शर्मा, दीक्षा गोस्वामी, श्रुति वैश्य सहित विद्यालय के समस्त आचार्य और कर्मचारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में योजना की जानकारी देते लोग। -जागरण मोर्चा

युवती लापता, तीन लोगों पर ले जाने का आरोप

बदायूं। सहसवान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 18 वर्षीय बेटी के लापता होने की शिकायत पुलिस से की है। महिला ने धर्म सिंह, ओमवती और आकाश पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, 19 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे युवती जंगल जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश की और मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला। काफी तलाश के बाद महिला को तीनों के युवती को अपने साथ ले जाने की जानकारी मिली। पीड़िता ने पुलिस से बेटी की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मिनी कुंभ 17 नवंबर को होगा झंडी पूजन, 23 को मेले का उद्घाटन और 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर मुख्य स्नान

मेला ककोड़ा में बिजली, शौचालय और सफाई व्यवस्था की गुणवत्ता पर रहेगा विशेष जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। रोहिलखंड के मिनी कुंभ के नाम से प्रसिद्ध मेला ककोड़ा की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। मेले में विद्युत व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मेला 17 नवंबर से एक दिसंबर 2026 तक आयोजित होगा। 17 नवंबर को ककोड़ा देवी मंदिर से मेला स्थल तक झंडी ले जाकर पूजन किया जाएगा, जबकि 23 नवंबर को मेले का उद्घाटन और 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर मुख्य स्नान होगा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय से अपने दायित्व पूरे करने के निर्देश दिए। कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मेला स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग पर गड्ढे या क्षतिग्रस्त हिस्से मिलने पर लोक निर्माण विभाग प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराए।

चिकित्सा और रोशनी की पुख्ता व्यवस्था: मेले में अस्थायी चिकित्सालय स्थापित कर पर्याप्त चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, दवाएं, चिकित्सा उपकरण और बेड उपलब्ध कराए जाएंगे। एंबुलेंस के साथ बाइक एंबुलेंस की भी व्यवस्था होगी। प्रकाश के लिए जनरेटर, एलईडी बल्ब, फोकस लाइट और हाईमास्ट लगाए जाएंगे। धूल से राहत दिलाने के लिए टैंकरों से नियमित पानी का छिड़काव कराया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दूध और दही की बिक्री के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

बसों की व्यवस्था पर जताई नाराजगी: यातायात व्यवस्था की समीक्षा के दौरान रोडवेज के एआरएम के स्वयं बैठक में शामिल न होने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने उनकी लाइव लोकेशन प्राप्त कर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि महत्वपूर्ण बैठकों में संबंधित अधिकारियों की स्वयं उपस्थिति जरूरी है। श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए रोडवेज के साथ निजी बसों की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पर्याप्त दवाओं और स्टाफ के साथ अस्थायी पशु चिकित्सालय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य निरीक्षकों की तैनाती की जाएगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होंगी खेल प्रतियोगिताएं: मेले में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोककला, जादू और कठपुतली के आयोजन होंगे। सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विकास प्रदर्शनी और एलईडी वैन की व्यवस्था की जाएगी। अस्थायी स्टेडियम में कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल और दौड़ प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। संचार व्यवस्था सुचारू रखने के लिए बीएसएनएल, एयरटेल और जियो के अस्थायी मोबाइल टावर भी लगाए जाएंगे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मानवेन्द्र सिंह, एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देती सीडीओ गामिनी सिंगला।

सीसीटीवी और वाचटावर से होगी निगरानी

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस और जिला पंचायत के अधिकारी संयुक्त रूप से मेला स्थल का निरीक्षण करेंगे। सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता का आकलन कर उन्हें लगाया जाएगा। कैमरों की निगरानी के लिए अस्थायी कोतवाली में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। गत वर्षों की तरह घुड़सवार पुलिस, पीएसी, मोटरबोट सहित तैराकी पुलिस, वाचटावर और पर्याप्त अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

शौचालयों की होगी नियमित निगरानी

सीडीओ ने मेले में प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास, दोना-पत्तल और पॉलीथिन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त कर्मचारी, वाटर टैंक, मोबाइल टॉयलेट और अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी। शौचालयों की नियमित निगरानी होगी, ताकि गंदगी न होने पाए। शुद्ध पेयजल के लिए 525 अस्थायी हैंडपंप लगाने के साथ पानी के टैंकर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

पेड़ काटने के विवाद में किसान पर लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप, केस दर्ज

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के ढिरिया जदीद गांव में पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में एक किसान के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने के बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पीड़ित किसान मलखान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने खेत की मेड़ पर खड़े करतूता और यूकेलिप्टस के पेड़ कटवाए थे। आरोप है कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खन्देली के रहने वाले राकेश, महावीर, राहुल और अरविन्द ने उन्हें रोककर अभद्र गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र दिया, पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है।

हादसों से दहला सिरौली: दो सगे भाइयों समेत चार की हुई दर्दनाक मौत, मातम

जागरण मोर्चा कार्यालय

- शाहबाद से खाना खाकर लौटते वक्त अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की गई जान
- दूसरे हादसे में मासूम भाई को स्कूल छोड़ने जाते वक्त दोनों भाइयों की दर्दनाक मौत

शाहबाद। आंवला- शाहबाद स्टेट हाइवे स्थित भगवंतपुर गांव के पास सोमवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मंगलवार सुबह एक अन्य सड़क हादसे में दो सगे मासूम भाइयों की भी जान चली गई। 24 घंटे के भीतर हुए इन दो अलग-अलग हादसों में चार मौतों से बरेली जिले के सिरौली कस्बे में कोहराम मच गया है और हर आंख नम है।

मिली जानकारी के अनुसार, सिरौली के मोहल्ला कुरैशीयान निवासी बिलाल (23) और तालिब (27) सोमवार देर रात घर से बाहर खाना खाने की बात कहकर निकले थे। वे किसी काम से शाहबाद आए थे। देर रात करीब 11 बजे जब दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी शाहबाद-आंवला स्टेट हाइवे पर भगवंतपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित



कर दिया। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में चीख-पुकार मची हुई है। बताया गया है कि बिलाल की शादी महज तीन महीने पहले ही हुई थी, जबकि उसके दोस्त तालिब का विवाह एक साल पूर्व हुआ था। दोनों गहरे दोस्त थे और उनकी मौत से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

मंगलवार सुबह दूसरे हादसे में दो सगे भाइयों की गई जान

सिरौली अभी शाहबाद में हुए हादसे में दो दोस्तों की मौत के सदमे से उबरा भी नहीं था कि मंगलवार सुबह एक और दर्दनाक हादसा हो गया। यशनूर अपने 5 वर्षीय छोटे भाई हम्माद को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। इस आमने-सामने की टक्कर में दोनों मासूम भाइयों की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक का सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। एक ही दिन में चार मौतों से पूरे सिरौली नगर में मातम छाया हुआ है। हर आंख में आंसू है। पोस्टमार्टम के बाद शवों के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी।

अलग अलग सड़क हादसों में पांच जखमी, चार रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

- केसरपुर गांव के मोड़ पर सड़क किनारे खड़े युवक को कैंटर ने मारी टक्कर

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र में मंगलबार को शाहबाद-आंवला मार्ग पर रम्पुरा के सामने दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, पटवाई थाना क्षेत्र के राजा रामपुर निवासी ओमपाल और बकनौरी धमोरा निवासी अमरपाल दोनों युवक अलीगंज ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर वापस लौट रहे थे।

वहीं, रम्पुरा निवासी भाई-बहन दानिश और शाजमा किसी जरूरी काम से शाहबाद आ रहे थे। रम्पुरा के सामने आगे चल रहे वाहन से बचने के प्रयास में दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई, जिससे चारों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलो को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार दिया। अमरपाल, दानिश और शाजमा की गंभीर हालत देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। उधर कोतवाली क्षेत्र के केसरपुर गांव के मोड़ पर खड़े अर्जुन पुत्र दलवीर को कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में अर्जुन गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया। जिसको उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने घायल अर्जुन को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

स्कूली छात्रा पर कमेंटबाजी करने वाले मनचले की जमकर धुनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

- युवक की कमेटबाजी से परेशान छात्रा ने परिजनों को बताया था पूरा मामला

शाहबाद। नगर के एक स्कूल के बाहर आठवीं की छात्रा पर फब्तियां कसने और उसका पीछा करने पर छात्रा के परिजनों ने मनचले की जमकर धुनाई कर दी। युवक की कमेंटबाजी से परेशान हो चुकी छात्रा ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी थी, परिजनों ने जाल बिछाकर मनचले युवक को रंगे हाथों दबोच लिया और बीच सड़क पर उसकी जमकर धुनाई कर दी।

युवक की धुनाई होती देख मौके पर तमाशबीनों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय अभिभावकों में गहरा रोष है और उन्होंने स्कूलों के आसपास पुलिस सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के एक स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ने वाली छात्रा रोजाना की तरह मंगलवार को स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर लौट रही थी। तभी स्कूल के मुख्य गेट के बाहर पहले से घात लगाकर खड़ा एक मनचला युवक उस पर भद्दी कमेंटबाजी करने लगा। युवक की पहचान नगर के ही मोहल्ला कानून गोयान के निवासी के रूप में हुई है। पीड़ित छात्रा ने अपने परिजनों को बताया था कि यह युवक पिछले कई दिनों से स्कूल की छुट्टी के समय वहां खड़ा रहता है और आते-जाते उस पर फब्तियां कसता है। बेटी की इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए परिजन सतर्क हो गए और आज योजनाबद्ध तरीके से स्कूल के बाहर ताक में बैठ गए। जैसे ही छुट्टी के बाद छात्रा बाहर निकली और युवक ने दोबारा उस पर कमेंट किया, वैसे ही पास में छिपे परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को मौके पर ही दबोच लिया और उसकी जमकर क्लास लगाई। बीच सड़क पर मनचले की पिटाई होते देख वहां लोगों का मजमा लग गया और यह वाकया पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

प्रेमी पर जहर पिलाने का आरोप, युवती अस्पताल में भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहसील देकर सूचना दी की उसकी पुत्री 28 वर्षीय जो गांव के ही अनिल कुमार से करीब तीन से चार साल से बात कर रही थी और अनिल कुमार कहता था कि बेटी से शादी करेगा।

इसी बीच अनिल ने दूसरी लड़की से प्यार भरी बातें करने लगा मेरी लड़की ने अनिल को दूसरी लड़की से बात करने पर आपत्ति जताई और मना किया तो अनिल कुमार ने मेरी लड़की से कहा कि जो करना हो वह कर लो और गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी दी गई। इसी से आहत हो कर मेरी लडकी ने 16 अक्टूबर को जहरीला पदार्थ पी लिया। जिसे हम लोगों ने पुंवाया इलाज के लिएले गए उसके बाद आज 26 अक्टूबर को बरेली के लिए रिफर किया गया है। मेरी लडकी का इलाज बरेली मे चल रहा है।

मैं अभी तक इलाज कराता रहा। मैंने अनिल कुमार से इलाज करवाने के लिए कहा तो वह इलाज नही करा रहा है। मैं आज मुकदमा लिखाने आया हूँ। मेरा मुकदमा लिखकर कानूनी करवाई करने की कृपा करे। मेरी लडकी ने बताया है कि मुझे जहरीला पदार्थ अनिल कुमार ने पिलाया है। पुवायां कोतवाल राजेंद्र रावत ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

स्मार्ट मीटर से रोजगार पर संकट

- मीटर रीडरों ने सीएम को भेजा ज्ञापन, रोजगार सुरक्षा और न्यूनतम वेतन समेत 8 मांगें रखीं

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां। विद्युत विभाग के मीटर रीडरों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अधिशासी अभियंता के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मीटर रीडरों ने रोजगार सुरक्षा, न्यूनतम वेतन और समय पर भुगतान समेत आठ मांगें उठाई हैं। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर से उनकी नौकरी पर संकट आ सकता है। उन्होंने प्रभावित कर्मचारियों को योग्यतानुसार विभाग में दूसरे कामों पर लगाने, तय न्यूनतम वेतन और हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान की मांग की। पहचान पत्र, ड्रेस और ईपीएफ-ईएसआईसी कार्ड जैसी अन्य मांगें भी रखीं। दर्जा राज्य मंत्री विधान परिषद सदस्य डॉक्टर सुधीर गुप्ता को भी मीटर रीडरो के द्वारा अपना ज्ञापन सोपा गया और शासन स्तर से राहत दिलाने की मांग की गई।

कबाड़ जलाते समय आग में गिरे बुजुर्ग की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- शाहजहांपुर में खंडहर मकान में कपड़े-जूते जला रहे थे, अस्पताल में तोड़ा दम

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां में एक 85 वर्षीय बुजुर्ग की आग में गिरकर मौत हो गई। वह घर के पास खंडहर में पराने कपड़े प्लास्टिक पाइप और जूते जला रहे थे। वह घर के पास खंडहर में पुराने कपड़े, प्लास्टिक पाइप और जूते जला रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वह आग में गिर गए। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे पुवायां थाना क्षेत्र के पकड़िया हकीम गांव में हुई। दिलासाराम पुत्र ललईराम आग में गिरने से गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने डायल 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी खुटार पहुंचाया। इलाज के दौरान दिलासाराम ने दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था। परिवार में उनके बेटे विश्राम (40), बेटी उमा (35) और पौत्र अभय (24) हैं। बेटा और बेटी दोनों विवाहित हैं। इलाज के दौरान दिलासाराम ने दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था। परिवार में उनके बेटे विश्राम (40), बेटी उमा (35) और पौत्र अभय (24) हैं। बेटा और बेटी दोनों विवाहित हैं। मामले की सूचना पुवायां के प्रभारी निरीक्षक आरके रावत को दी गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी चल रही है।

ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर

पुवायां, शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के पुवायां में शारदा नहर पुल के पास एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। ग्राम नवाबपुर गंगा गांव निवासी सोमेश (26) बाइक से गांव में ही शारदा नहर पुल पर लगी बाजार जा रहे थे। तभी एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर सोमेश के भाई वीरेश एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए सोमेश को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया हैं।

ककरा भवन की गुणवत्ता पर मेयर ने उठाए सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। नगर निगम के ककरा स्थित नए कार्यालय भवन की निर्माण गुणवत्ता को लेकर महापौर अर्चना वर्मा ने सवाल उठाए हैं। करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से बने इस भवन में निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलने का दावा करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। महापौर ने कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी तय करने और निर्माण संबंधी कमियों को दूर कराने का अनुरोध किया है। महापौर की ओर से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले उन्होंने स्टेशन रोड के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की थी। अब नगर निगम के नए कार्यालय भवन की खामियों को लेकर भेजे गए पत्र से निर्माण कार्यों पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में महापौर ने बताया कि ककरा स्थित नवीन कार्यालय भवन का निर्माण सीएंडडीएस (उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय) की ओर से कराया जा रहा है। भवन के भूतल और प्रथम तल पर इसी वर्ष 24 अगस्त से कार्यालय संचालित हो रहा है। बीते 12 अक्टूबर को अधिकारियों और पार्षदों के साथ निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता में कई कमियां सामने आईं। पत्र के मुताबिक प्रथम तल पर खिड़कियों और दरवाजों के साथ फर्श पर भी सीमेंट, पेंट और अन्य निर्माण सामग्री चिपकी मिली। कई स्थानों पर टाइल्स ऊंचे-नीचे हैं, जबकि कुछ जगह टाइल्स टूटने की शिकायत की गई है। कमरों के अंदर बने कॉलम भी सीधे नहीं दिख रहे हैं। महापौर ने इनके निर्माण में मानकों का पालन नहीं होने की आशंका जताई है। महापौर ने भवन के मुख्य द्वार के अंदर और बाहर लगे खंभों पर रंगरोगन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। पत्र में कहा गया है कि कई स्थानों पर फॉल्स सीलिंग खुलकर निकल रही है। लिफ्ट स्थल पर कक्ष खुला होने और उसमें पानी भरा होने से दुर्घटना की आशंका जताई गई है। इसके अलावा मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था और आंतरिक प्रवेश द्वारों तथा सीढ़ियों के पास सीसीटीवी कैमरे नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया है। पूरे भवन में फर्श की सफाई व्यवस्था को अपर्याप्त बताते हुए प्रवेश द्वार पर कर्टेन ग्लेजिंग फ्रेम के जोड़ ठीक कराने और दीवारों व खिड़कियों के बीच बने गैप को बंद कर फिनिशिंग दुरुस्त कराने की मांग की गई है। पत्र में प्रवेश द्वार पर लगी स्टेनलेस स्टील (एसएस) रेलिंग क्षतिग्रस्त होने और उसकी फिक्सिंग ढीली होने की बात कही गई है। महापौर ने रेलिंग की मरम्मत कर उसे मजबूती से लगाने को कहा है। प्रवेश द्वार पर ग्रेनाइट स्टोन की फ्लोरिंग और स्कर्टिंग भी क्षतिग्रस्त होने तथा जोड़ों की फिनिशिंग खराब होने की शिकायत की गई है। भूतल की लॉबी में फॉल्स सीलिंग और गोलाकार कॉलम के बीच गैप होने का उल्लेख करते हुए भूतल और प्रथम तल की ग्रेनाइट फ्लोरिंग व स्कर्टिंग की मिरर पॉलिशिंग कराने की मांग की गई है। प्रथम तल की गोलाकार लॉबी में ग्रेनाइट पत्थर के किनारों की कटिंग भी ठीक कराने को कहा गया है। महापौर ने मुख्यमंत्री से पूरे मामले में कार्यदायी संस्था का उत्तरदायित्व निर्धारित करने और भवन में मिली कमियों को दूर कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। अब देखना होगा कि शिकायत के बाद निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई को लेकर क्या कदम उठाए जाते हैं।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के गुजरेला गांव में 24 वर्षीय युवक आदेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मिली जानकारी के अनुसार, आदेश तीन भाइयों और एक बहन में से एक था। ग्रामीणों के बीच चर्चा रही कि सोमवार रात किसी बात को लेकर आदेश अपने परिवार से नाराज हो गया था। इसके बाद रात में ही उसने फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार सुबह परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। वहीं, कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि पुलिस को इस तरह की घटना के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है।

युवती से दोस्ती के विवाद में युवक की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। सिंधौली थाना क्षेत्र के बरौरा गांव में युवक मुकेश की मारपीट से हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो युवकों और एक युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में दोस्ती को लेकर विवाद की बात सामने आई है। मामले में षड्यंत्र से संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

बरौरा निवासी ब्रजपाल ने 13 अगस्त 2026 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनके पुत्र मुकेश की अज्ञात लोगों ने मारपीट की थी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में सिंधौली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और संदिग्धों की सीडीआर जांच के आधार पर पुलिस ने बरौरा निवासी जितेंद्र (22) पुत्र ओमप्रकाश, अमरजीत (19) पुत्र रामनिवास और एक युवती की संलिप्तता सामने आने का दावा किया। पुलिस ने 26 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर जितेंद्र और अमरजीत को नायरा पेट्रोल पंप से करनैयापुर जाने वाले मार्ग पर पैना-बरौरा खड़ंजा चौराहे के पास दोपहर 12:28 बजे गिरफ्तार किया। वहीं, युवती को बरौरा-करनैयापुर तिराहे से दोपहर 12:36 बजे पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, मामले में बीएनएस की धारा 105, 61 और 238 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

कवि सम्मेलन कवियों की रचनाओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध, रात दो बजे तक चला कवि सम्मेलन

...तोड़कर उसका ही भरोसा, इश्क के चक्कर में भाग गई बोल कर वह, एक कचौड़ी दो समोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। 26 अक्टूबर की रात्रि को श्रीरामलीला समिति द्वारा मेले में' अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ मेले की अध्यक्ष राजमाता मृदुल सिंह एवं अपर जिला अधिकारीअरविन्द कुमार एवं एसडीयम सदानंद सरोज के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कविसम्मेलन में एसडीएम एवं एडीएम ,पूर्व विधायक शकुंतला देवीसहित नगर एवं क्षेत्र के हजारों नागरिक उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन रात 2:00 बजे तक चलता रहा कवि सम्मेलन में रामलीला समिति के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा सहभागीता



की गई। कवि सम्मेलन की शुरुआत शशि श्रेया लखनऊ के द्वारा वाणी वंदना से हुई और कवि सम्मेलन का संचालन नीरज पांडे रायबरेली द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन में बाहर से आए हुए कवियों द्वारा अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अपनी रचित कविताओं को पढ़कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया गया। जैसे तैसे उमर बिता ली मैंने तेरे प्यार में, रात रात भर तुमको गाया सुबह छपे अखबार में- कवि प्रियांशु गजेन्दर के द्वारा सुनाई गई।

कवि मोहन लखीमपुर द्वारा कविता सुनाई गई- *प्यार में आपके गुनगुनाते रहे इस जहां को गजल हम सुनाते रहे तिनका*



तिनका हुआ घोंसला प्यार का ,तोड़ते वह रहे हम बनाते रहे।

मधुप श्रीवास्तव नर कंकाल द्वारा कविता सुनाई गई- *जिस पिता ने पाला पोसा तोड़कर, उसका ही भरोसा इश्क के चक्कर में भाग गई अब बोल एक वह कचौड़ी दो समोसा।*

डॉक्टर रेनू सिंह आजमगढ़ के



द्वारा कविता गाई गई- *तलवारों का गहना पहना तेज कलम की धार करो, मर्यादा जब रौंदी जाए चूको मत प्रतिकार करो, वक्त कह रहा उठो बेटियों रावण का संहार करो।*

कवि शशि श्रेया लखनऊ ने कविता सुनाएं- *दुख नहीं यह कि मुझसे दूर है वह दुख तो यह है वह सभी से मिल रहे हैं।*

कवि लक्ष्मण नेपाली ने कविता सुनाई *जब-जब कागज पर लिखा मैंने मां का नाम कलम अदरा से बैठी हो गए चारों धाम*

कवि अपूर्व विक्रम शाह ने कविता सुनाई- *मैं उनको शब्द चढाता हूं हिंद जिनकी जान था नाम हिंदुस्तानी जिनका मजहब हिंदुस्तान था।*

कवि देशराज अद्भुत ने कविता सुनाई *बेवफा ही सही निभा के जायेंगे।*

कवि नीरज पांडे रायबरेली संचालक ने कविता सुनाई- *तू जिसकी मुश्किलें आसान करने में लगा है वही बंदा तेरा नुकसान करने में लगा है मेरे हटते ही जी भर के गालियां देगा मुझे वह अभी जो सामने गुणगान करने में लगा है।*

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

टेंडर अवधि समाप्त होने के बावजूद पुरानी फर्म से काम कराने पर सभासद ने की जांच की मांग

चंदौसी। नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था को लेकर सभासद सचिन रस्तोगी ने अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और समय पर कूड़ा न उठने से शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग रहे हैं। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। सभासद ने बताया कि 27 अक्टूबर को पीर मोहल्ला में कूड़े का ढेर मिला। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि संबंधित फर्म का टेंडर नवंबर 2025 में समाप्त होने के बावजूद उसी से कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने भुगतान और कार्यादेशों की निष्पक्ष जांच कराने तथा नई निविदा प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की।

कम उम्र में समाजसेवा की अनूठी मिसाल बने चंदौसी के अमन खुराना, जरूरतमंदों के लिए बन रहे हैं बड़ा सहारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। समाज में पहचान केवल पद या प्रतिष्ठा से नहीं बनती बल्कि उस कार्य से बनती है जो किसी जरूरतमंद के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। चंदौसी के लाठी बाजार निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमन खुराना इसी सोच के साथ समाजसेवा की मिसाल पेश कर रहे हैं। महज 16 वर्ष की उम्र में सामाजिक कार्यों की शुरुआत करने वाले अमन खुराना ने वर्ष 2018 में 'अमन खुराना हेल्पिंग सोसाइटी की स्थापना की, जिसका मूल संदेश हमारा हाथ जरूरतमंदों के साथ है। बिना किसी बड़े सरकारी अनुदान के शुभचिंतकों और सहयोगियों के समर्थन से चलने वाली यह संस्था आज शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा राहत, पशु सेवा और सड़क सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों


अमन खुराना।

में लगातार सक्रिय है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित की अनूठी पहल

डिजिटल शिक्षा: वर्ष 2024 से संस्था द्वारा हर साल जून और दिसंबर में नाममात्र शुल्क पर कंप्यूटर कक्षाएं चलाई जा रही हैं। जून 2026 के बैच में लगभग 300 बच्चों ने इसका लाभ उठाया। इसके साथ ही, करेली स्थित सरकारी विद्यालय के जर्जर शौचालयों की मरम्मत कराकर बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाएं बेहतर की गईं।

बच्चों को प्रशासनिक दर्शन: बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए संस्था उन्हें कलेक्ट्रेट और पुलिस लाइन का भ्रमण कराती है, जहां वे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

एम्बुलेंस सेवा: वर्ष 2024 में शुरू की गई इस एम्बुलेंस सेवा के तहत मरीजों से कोई किराया नहीं लिया जाता, केवल वाहन संचालन हेतु पेट्रोल का खर्च लिया जाता है।

बुजुर्गों व गरीबों के लिए राहत: मात्र 10 रुपये में भोजन उपलब्ध कराने के लिए 'बुजुर्गों का आशीर्वाद' अभियान और सर्दियों में गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए 'नेकी की दीवार' के माध्यम से गर्म कपड़े, कंबल व अंगीठियां वितरित की जाती हैं।

स्वास्थ्य एवं पशु सेवा: नियमित रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य व महिला जागरूकता शिविर आयोजित करने के साथ-साथ पशु चिकित्सक के सहयोग से पशुओं के लिए निःशुल्क टीकाकरण और दवाइयों की व्यवस्था भी की जाती है।

संकट और आपदा के समय हमेशा आगे

पंजाब बाढ़ राहत : प्राकृतिक आपदा के दौरान अमन खुराना चंदौसी से लगभग 700 किलोमीटर की दूरी तय कर पंजाब पहुंचे और करीब 10 दिनों तक वहां रहकर बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राशन पहुंचाने में अपना योगदान दिया।

कोरोना काल में सेवा : महामारी के दौरान संक्रमण के भय के बावजूद उन्होंने आगे आकर जरूरतमंद परिवारों को राशन और दवाइयां उपलब्ध कराईं।


प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मिल चुका है सम्मान

अमन खुराना के इन सराहनीय सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें कई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। कल्कि महोत्सव में तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया, 26 जनवरी के अवसर पर आईपीएस चक्रेश मिश्रा, इसके अलावा एएसपी श्रीश चंद्र, एसडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, एसडीएम महेश प्रसाद दीक्षित और एआरटीओ जयप्रकाश सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया है। चंदौसी जैसे शहर से शुरू हुई अमन खुराना की यह यात्रा साबित करती है कि जनसेवा के लिए बड़े संसाधनों से ज्यादा मजबूत इच्छाशक्ति और संवेदनशील सोच की आवश्यकता होती है।

सीएचसी में दवा लेने आए 55 वर्षीय अधेड़ की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- बेटे के साथ दवा लेने सीएचसी पहुंचे थे हरद्वारी, अचानक बिगड़ी तबीयत
- दाएं गाल के कैंसर से पीड़ित थे मृतक, 5-6 दिन से नहीं खा पा रहे थे खाना



चंदौसी। मंगलवार की दोपहर सीएचसी में गले के दर्द की दवा लेने आए 55 वर्षीय व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मृतक मुंह के कैंसर से पीड़ित था। बदायूं जिले के थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव मुड़िया निवासी 55 वर्षीय हरद्वारी पुत्र डल्ले मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे अपने बेटे राजकपूर के साथ चंदौसी सीएचसी पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार, वह गले में दर्द की दवा लेने आए थे। अस्पताल में कुछ ही देर में अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई। चिकित्सकों ने तुरंत उनका उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ ही पलों में उनकी मौत हो गई। सीएचसी चंदौसी के चिकित्सक डॉ. विपिन सागर ने बताया कि मरीज के दाएं गाल पर कैंसर था। वह पिछले 5-6 दिनों से कुछ खा भी नहीं पा रहा था और उसकी शारीरिक स्थिति पहले से काफी खराब चल रही थी। इसी दौरान अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव मई में पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों ने घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर बहन का हालचाल जानने पहुंचे भाई पर भी आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने घायल भाई-बहन का मेडिकल परीक्षण कराया है।जानकारी के अनुसार, गांव मई निवासी निशा परवीन पत्नी साहिबे आलम का अपने पड़ोसी से काफी समय से विवाद चला आ रहा है। निशा परवीन ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 7:00 बजे आरोपी जबरन उनके घर में घुस आए और उनके साथ गाली-गलौज करते


चंदौसी सीएचसी में युवक का उपचार करता स्वास्थ्यकर्मी। -जागरण मोर्चा

हुए मारपीट करने लगे। पीड़िता ने घटना की जानकारी तुरंत अपने भाई अरबाज पुत्र फरजान अली निवासी सीकरी गेट चंदौसी को दी। सूचना पाकर अरबाज अपनी बहन के घर पहुंचा और उससे घटना की जानकारी ले ही रहा था कि तभी पीछे से आए चार-पांच लोगों ने उस पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अरबाज के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर हमलावर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि बाकी आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने घायल अरबाज और उसकी बहन निशा परवीन को मेडिकल के लिए चंदौसी सीएचसी भेजा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मासूम से कुकर्म में दोषी को 20 साल की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। थाना हयात नगर के गांव निवासी ग्रामीण के मासूम बेटे से खेत पर वर्ष 2020 में कुकर्म किया गया। जिसकी सुनवाई जिला न्यायालय स्थित अपर एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में हो रही थी । न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड से दंडित किया है।

पीड़ित के पिता के अनुसार वह 11 अप्रैल 2020 को अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खेत पर गेहूं काटने गए था। उसका लगभग 5 वर्ष का बेटा खेत पर ही खेल रहा था। दोपहर करीब तीन बजे गांव का गोविन्द पुत्र सुभाष चुपचाप खेत पर आया और बच्चे को चुपके से पास के दूसरे खेत में ले गया। वहां उसने बच्चे के साथ कुकर्म किया। जब बच्चे ने शोर मचाया, तो माता-पिता दौड़कर वहां पहुंचे। उन्हें आता देख आरोपी गोविन्द बच्चे को छोड़कर मौके से भाग गया। पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे की सुनवाई जिला न्यायालय स्थित अपर एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की अदालत में हो रही थी 1 जबकि पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह द्वारा पैरवी की गई । दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना और दोषी मानते हुए उसे 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर, तीन घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। सोमवार की रात 8 बजे आस-पास दुकानदारों के अनुसार, स्टेशन रोड पर एक कार बेहद तेज गति से आ रही थी। सीएचसी गेट के बाहर कार ने सबसे पहले साइकिल पर सवार होकर सब्जी लेकर घर जा रहे एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह घायल हो गया और उसकी साइकिल टूट गई। इसके तुरंत बाद, उसी अनियंत्रित कार ने आगे चल रही एक बाइक को भी टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दो भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। व्यस्त मार्ग पर हुए इस हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तुरंत मौके


कार की टक्कर से घायल हुए युवकों की लोगों से जानकारी करती पुलिस।

पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल साइकिल सवार और बाइक सवार भाइयों को संभाला तथा कार चला रहे नाबालिग लड़के को गाड़ी समेत कोतवाली ले आई। पुलिस ने घायल साइकिल सवार का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से मामले में फैसला हो गया । स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन रोड हमेशा काफी व्यस्त रहता है। यहां वाहनों की बेकाबू रफ्तार आए दिन बड़े हादसों को न्योता दे रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लापरवाह और तेज रफ्तार चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

चन्दौसी में 1 नवंबर को लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में आगामी 01 नवंबर को एसएम इंटर कॉलेज, चंदौसी में आयोजित होने वाले मेगा वृहद विधिक सहायता शिविर की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं सीडीओ गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराना और आमजन तक शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, एनआरएलएम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कृषि, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, ग्रामोद्योग,पूर्ति, युवा कल्याण, डूडा,प्रोबेशन विभाग तथा अग्रणी जिला प्रबंधक एवं एलएमडी की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे शिविर में अपने-अपने विभागों की योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। विभागीय स्टॉलों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी और उनका सीधा लाभ दिलाया जाए। साथ ही, आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने को कहा गया।

भक्तिमय माहौल में गूंजा श्री सुदामा चरित्र पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। क्षेत्र के ग्राम गुमथल, ब्रह्मपुरी में इन दिनों आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के पावन अवसर पर कथा के मुख्य प्रसंग के रूप में भगवान श्रीकृष्ण एवं उनके परम मित्र सुदामा जी के पवित्र चरित्र का भावपूर्ण वर्णन और पाठ किया गया। इस विशेष प्रसंग ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथा के दौरान कथा व्यास गौरव कुमार शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट मित्रता का जीवंत वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा चरित्र हमें सच्ची मित्रता, प्रेम, त्याग, विनम्रता और ईश्वर के प्रति अगाध भक्ति का संदेश देता है। यह प्रसंग इस बात का


चंदौसी में श्रीमद्भागवत कथा में शामिल कथा व्यास और श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

सबसे बड़ा प्रतीक है कि सच्चे प्रेम और निष्काम भक्ति के आगे सांसारिक धन-दौलत का कोई महत्व नहीं होता। भगवान की इस दिव्य लीला को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और पूरा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की जयकारों से गूंज उठा। ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कथा का रसपान किया। कथा के अंत में महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया, जिससे संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस मौके पर अवनेश शर्मा, विवेक शर्मा, राजेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, विनय शर्मा, राकेश शर्मा, राहुल मिश्रा, रवि मिश्रा, कल्लू मिश्रा, अंशु शर्मा, अजय पाठक, अनमोल पाठक, आनंद शर्मा, सचिन शर्मा, विकास शर्मा, शिवम शर्मा, जीतू शर्मा, शरद शर्मा, अतुल शर्मा, अनुज शर्मा, नन्हे पंडित समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

धूमधाम से हुआ 51 बार हनुमान चालीसा का पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर के प्रसिद्ध बड़ा महादेव मंदिर पर मंगलवार को 51 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ बड़े ही धूमधाम एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस पावन धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संकटमोचन हनुमान जी का गुणगान कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा मंदिर परिसर 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर देश, समाज और अपने परिवारों की सुख-समृद्धि एवं शांति की मंगलकामना की। आयोजन के अंत में सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रमोद कुमार गुप्ता,अंकित जैन,माधव मिश्रा,विनोद कुमार बिन्नी,अमित गुप्ता,ज्ञान प्रकाश शर्मा,तरुण कुमार उर्फ नीरज,कृष्ण शर्मा,बिजेंदर लाइट,अमित कुमार, मोनू,अभिनव बासनी,वरुण कुमार सिंह,अवधेश कुमार,मीरा गुप्ता,कल्पना कुमारी,विनोद कुमार,मोहित कुमार,वरुण कुमार,सरोज देवी,निर्मला गुप्ता,गुड्डू देवी,सुधान सिंह,अनिल पंडित,रोहित,विवेक यादव,माधव गुप्ता,विवेक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों और भक्तों का आभार व्यक्त किया।

सीता कन्यादान प्रसंग ने मोहा मन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। श्री आदर्श युवक रामलीला समिति बनियाखेड़ा के तत्वाधान में शिव मंदिर परिसर में चल रहे श्रीरामलीला मंचन के दौरान मंगलवार को भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह तथा कन्यादान का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस मनमोहक प्रसंग को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालु मौजूद रहे। लीला मंचन के दौरान प्रसंग के अनुसार, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात धूमधाम के साथ अयोध्या से जनकपुरी के लिए प्रस्थान करती है। जनकपुर पहुंचने पर विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रभु श्रीराम और माता जानकी का विवाह संपन्न कराया जाता


चंदौसी के गांव बनियाखेड़ा में रामलीला का मंचन करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

है। इस दौरान माता सीता के कन्यादान का प्रसंग मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। मंचन के दौरान गूंजते भजनों और जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अंश प्रजापति,वंश प्रजापति, रोहित मौर्य, सुशील जैन, पुष्पेंद्र प्रजापति, तरुण पाल, स्वर्ण प्रजापति, थान सिंह यादव, मुलायम सिंह यादव, डॉ. महेश मौर्य, कमल सिंह प्रजापति सहित कई गणमान्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष का कारावास

चंदौसी। रजपुरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में युवती से छेड़छाड़ के मामले में अदालत ने आरोपी को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। पीड़िता के पिता के अनुसार, 9 जनवरी 2022 की शाम करीब सात से आठ बजे उनकी बेटी भैंस का बच्चा बांध रही थी। इसी दौरान गांव का सन्नी पुत्र महावीर वहां पहुंचा और उसका सूट खींच लिया। शोर सुनकर परिजन पहुंचे तो आरोपी भाग गया। मामले की सुनवाई अपर एवं सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने पैरवी की।

प्रतिष्ठित उद्योगपति बाबू फूलप्रकाश जी का आकस्मिक निधन, अश्रुपूरित नेत्रों से दी गई अंतिम विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर के जनप्रिय उद्योगपति, प्रसिद्ध मैंथा व्यापारी एवं वैश्य समाज के प्रमुख स्तंभ बाबू फूल प्रकाश जी का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार शाम को निकाली गई उनकी अंतिम यात्रा में राजनीतिक दलों के नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों तथा आम जनमानस का भारी हुजूम अंतिम दर्शनों के लिए उमड़ पड़ा। स्व० बाबू फूलप्रकाश जी की अंतिम यात्रा मंगलवार शाम 5 बजे उनके निवास स्थान से प्रारंभ होकर सीता आश्रम स्थित मोक्षधाम पहुंची, जहां उनके सुपुत्र भुवनेश वार्ष्णेय ने नम आंखों से उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने अश्रुपूरित नेत्रों से अपने प्रिय समाजसेवी को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं एवं राजनीतिक हस्तियों ने बाबू फूलप्रकाश जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उपस्थित लोगों ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस असह्य दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।


बाबू फूलप्रकाश वार्ष्णेय


चंदौसी में बाबू फूलप्रकाश वार्ष्णेय को अंतिम विदाई में दर्शन करतें राजनीतिक दल व्यापारी और गणमान्य लोग।

'मां-बाप' को तो बख्श दें

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक जनसभा के मंच से लगभग चीखते हुए कहा-'मोदी तो क्या, मोदी का बाप भी जाएगा।' साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी को गाली दी गई है। प्रधानमंत्री के 'दिवंगत' माता-पिता को अपशब्दों और उपहास का पात्र बनाया जाता रहा है। यह कौन-सी राजनीतिक मर्यादा और नैतिकता है? खड़गे और उनकी पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की धुर विरोधी है और उन्हें सत्ता से बाहर करने पर आमादा और आंदोलित हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के मां-बाप का भी अपना सम्मान है। परिवार का सम्मान है। किसी को भी गाली देकर राजनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं किए जा सकते। सत्ता पर किसी का भी पुश्तैनी अधिकार नहीं है। जो जनादेश है, उसी के मुताबिक सत्ता भी तय होती है। कांग्रेस को भी यह लोकतांत्रिक यथार्थ स्वीकार करना पड़ेगा। हमारी संस्कृति में 'दिवंगत' दुश्मन के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। कमोबेश 85 वर्षीय खड़गे इस सांस्कृतिक मर्यादा और चरित्र को जानते होंगे! वह अत्यंत वरिष्ठ राजनीतिज्ञ हैं, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ऐसे शख्स का मानसिक संतुलन कैसे बिगड़ सकता है? यदि वह एक आम कार्यकर्ता या व्यक्ति के कथन पर बौखला सकते हैं और देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के 'बाप' को गाली दे सकते हैं, तो उन्हें सभी पद त्याग कर 'राजनीतिक संन्यास' ले लेना चाहिए। कमोबेश वह सार्वजनिक जीवन के योग्य नहीं रहे। जनसभा में से एक व्यक्ति ने कहा था कि जब तक विद्रोह नहीं होगा, तब तक मोदी जाने वाले नहीं हैं। इस पर खड़गे उत्तेजित क्यों हो गए? प्रधानमंत्री के पिता को गाली क्यों दे दी? सीधा-सा सवाल है। खड़गे ने गुजरात चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी को '100 सिर वाला रावण' करार दिया था। चुनाव नतीजे देश के सामने हैं। यह लोकतंत्र की भाषा भी नहीं है। भारत 'केला गणतंत्र' देश नहीं है। लोकतंत्र में इस तरह न तो किसी को सत्ता के बाहर किया जा सकता है और न ही किसी गालीबाज को सत्ता हासिल हो सकती है। इस तरह कांग्रेस के बड़े नेता ही पार्टी की बर्बादी पर तुले हैं। ऐसे ही बड़े नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को राक्षस, यमराज, भस्मासुर, सांप, बिच्छू, बंदर, अनपढ़, चायवाला आदि अपशब्दों से अपमानित करने की कोशिशें की थीं। उनकी गरीबी का मजाक उड़ाया था। मोदी को 'मौत का सौदागर' तक सोनिया गांधी ने कहा था। गुजरात में 1995 के बाद कांग्रेस विधानसभा और लोकसभा चुनावों में लगातार 'पराजित पार्टी' रही है। कांग्रेस प्रवक्ता एवं पैरोकार इन गालियों के संदर्भ में दलीलें देते रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी 'जर्सी गाय', '50 करोड़ की गर्लफ्रेंड', 'युवराज' सरीखे अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। तो क्या कांग्रेस अब बदले की राजनीति करेगी और उसी के सहारे सत्ता हासिल करेगी? कांग्रेस ही इस सवाल का जवाब दे सकती है अथवा आत्मचिंतन कर सकती है, लेकिन हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि मोदी ने वे शब्द तब कहे थे, जब वह प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि संसदीय चुनाव के लिए 'प्रधानमंत्री उम्मीदवार' जरूर घोषित किए गए थे। हम मोदी के अपशब्दों की भी भर्त्सना करते हैं, उन्हें खारिज करते हैं। राजनीति में एक भी अपशब्द की गुंजाइश नहीं है। वह वैचारिक और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है, कट्टर दुश्मनी नहीं है, क्योंकि सदन में साथ-साथ बैठ कर देश और राज्य के लिए काम करना है। मोदी द्वारा बोले गए शब्द भी लोकतंत्र पर धब्बों की तरह चिपक गए हैं। अब गौरतलब यह है कि कांग्रेस 1 नवंबर को दिल्ली के 'रामलीला मैदान' में रैली करने पर आमादा है। पार्टी 10 लाख लोगों की भीड़ की हुंकार भर रही है। मैदान की क्षमता 58-60,000 लोगों की है। वहां 1 लाख तक की भीड़ ठूंसी जा सकती है। अंदेशा यह है कि उस रैली में राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खड़गे ने किसी विशेष स्थल तक 'मार्च' करने का आह्वान किया, तो राजधानी अस्त-व्यस्त हो जाएगी। एक लाख का हुजूम भी सडक़ों पर बिखर गया, तो प्रधानमंत्री आवास-दफ्तर, चुनाव आयोग मुख्यालय, गृहमंत्री का आवास, मुख्य चुनाव आयुक्त का आवास, संसद भवन, सर्वोच्च अदालत सरीखे अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थल भी 'सुरक्षित' नहीं माने जा सकते। उन स्थितियों में पुलिस, सुरक्षा बल भीड़ को नियंत्रित करेंगे या बल-प्रयोग भी किया जाएगा? लिहाजा कांग्रेस को भी जिम्मेदार दल होना चाहिए।

मालदीव-पाक रिश्तों पर भारत की नजर

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पाकिस्तान यात्रा ने दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय राजनीति में सहयोग, सुरक्षा और कूटनीतिक प्राथमिकताओं से जुड़े मुद्दों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। करीब 11 वर्ष बाद मालदीव के किसी राष्ट्रपति की पाक यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को नयी दिशा देना था। इस दौरान दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 20 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किये। रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने की पहल तथा मुइज्जू द्वारा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन सार्क को पुनर्जीवित करने की अपील ने इस यात्रा को व्यापक क्षेत्रीय महत्व प्रदान किया। हालांकि, क्षेत्रीय साझेदारी की वकालत करते समय उन राजनीतिक व सुरक्षा संबंधी बाधाओं को भी स्वीकार करना होगा, जिन्होंने दक्षिण एशिया में सहयोग की संभावनाओं को सीमित कर रखा है।



मालदीव और पाकिस्तान ने आपसी व्यापार को मौजूदा 1।39 करोड़ डॉलर से बढ़ाकर अगले दो वर्षों में 20 करोड़ डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया। स्वास्थ्य, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, पर्यटन, प्रशिक्षण और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी। इन समझौतों का उद्देश्य आर्थिक संबंधों को अधिक व्यापक बनाना और पारस्परिक लाभ के नये अवसर तलाशना है। यदि इन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तो दोनों देशों के बीच व्यापार और संस्थागत संपर्क को बढ़ावा मिल सकता है। मुइज्जू की इस यात्रा का एक प्रमुख कारण रक्षा व सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने की इच्छा रहा। मालदीव हिंद महासागर में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उसके आसपास के समुद्री क्षेत्र से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के महत्वपूर्ण मार्ग जुड़े हुए हैं। इसलिए समुद्री सुरक्षा, निगरानी, कानून प्रवर्तन और समुद्री अपराधों की रोकथाम मालदीव की सुरक्षा नीति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। पाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा संबंधी संपर्क बढ़ाने की पहल को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। हालांकि, ध्यान रखना जरूरी है कि मालदीव की समुद्री सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं के विकास में भारत लंबे समय से प्रमुख साझेदार रहा है। भौगोलिक निकटता तथा हिंद महासागर में साझा सामरिक हितों के कारण भारत और मालदीव के सुरक्षा संबंधों का विशेष महत्व है। भारत ने मालदीव को रक्षा प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, समुद्री निगरानी और आपदा के समय सहायता उपलब्ध कराने में भूमिका निभायी है। मालदीव की स्थिरता और सुरक्षा भारत के व्यापक समुद्री हितों से भी जुड़ी हुई है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ माले के बढ़ते रक्षा और समुद्री सहयोग पर भारत की नजर रहना स्वाभाविक है, पर केवल पाकिस्तान के साथ हुए समझौतों के आधार पर यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं कि मालदीव अपनी विदेश नीति में भारत से दूरी बनाने का निर्णय ले चुका है।

मुइज्जू की यात्रा का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू सार्क को पुनर्जीवित करने की उनकी इच्छा है। वर्ष 1985 में स्थापित इस संगठन से दक्षिण एशिया में आर्थिक सहयोग, सामाजिक विकास और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने की अपेक्षा की गयी थी। साझा भौगोलिक स्थिति, ऐतिहासिक संपर्क और अनेक समान विकास संबंधी चुनौतियां इस क्षेत्रीय सहयोग को स्वाभाविक आधार प्रदान करती हैं। गरीबी, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सदस्य देशों के बीच सहयोग से व्यापक लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं। इसके बावजूद, सार्क लंबे समय से निष्क्रियता का सामना कर रहा है। इसका अंतिम शिखर सम्मेलन नवंबर, 2014 में काठमांडू में हुआ था। वर्ष 2016 में इस्लामाबाद में प्रस्तावित अगला शिखर सम्मेलन भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण आयोजित नहीं हो सका। उसके बाद से सदस्य देशों के नेताओं की ऐसी बैठक नहीं हुई है। यह स्थिति बताती है कि क्षेत्रीय सहयोग की संस्थागत व्यवस्था को केवल घोषणाओं और कूटनीतिक इच्छाशक्ति के सहारे प्रभावी नहीं बनाया जा सकता। इसके लिए सदस्य देशों के बीच न्यूनतम राजनीतिक सहमति और एक-दूसरे की सुरक्षा चिंताओं को समझने की जरूरत है।

सार्क की निष्क्रियता का प्रमुख कारण पाकिस्तान प्रायोजित सीमापार आतंकवाद और भारत-पाकिस्तानिस्तान के बीच गहरा अविश्वास रहा है। हालांकि, भारत-पाकिस्तानिस्तान संबंध केवल आतंकवाद तक सीमित नहीं हैं, अन्य राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी विवादों ने भी द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। ऐसे में, क्षेत्रीय सहयोग की बहाली की जिम्मेदारी किसी एक देश पर नहीं डाली जा सकती। पाकिस्तानिस्तान को भी यह समझना होगा कि सीमा पार आतंकवाद और भारत के प्रति उसकी शत्रुतापूर्ण नीतियां सार्क को सामान्य रूप से काम करने देने में बड़ी बाधा हैं। इसलिए मुइज्जू की सार्क को पुनर्जीवित करने की पहल सिद्धांततः क्षेत्रीय सहयोग की जरूरत को सामने लाती है, पर इस प्रयास को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उन्हें संगठन की निष्क्रियता के वास्तविक कारणों पर भी बात करनी चाहिए थी। क्षेत्रीय साझेदारी की वकालत का अर्थ केवल सभी देशों को बातचीत की मेज पर लाने का आग्रह करना नहीं है। यदि सीमा पार आतंकवाद और भारत-पाकिस्तानिस्तान के बीच सुरक्षा संबंधी मतभेदों को संबोधित किये बिना सार्क को सक्रिय करने का प्रयास किया जाता है, तो वही पुरानी कठिनाइयां बनी रहेंगी।

करवा चौथ : परंपरा की आभा में प्रेम और विश्वास का उत्सव



डॉ. विवेक कुमार गुप्ता



भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ पर्व और त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों, भावनाओं और सामाजिक संबंधों की जीवंत अभिव्यक्ति भी हैं। करवा चौथ ऐसा ही एक पर्व है, जो पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और एक-दूसरे के प्रति समर्पण की भावना को विशेष रूप से रेखांकित करता है। चांदनी रात, सोलह श्रृंगार, हाथों में रची मेहंदी, पूजा की थाली और चंद्रमा के दर्शन की प्रतीक्षा—ये सभी दृश्य इस पर्व को एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान प्रदान करते हैं।

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाने वाला करवा चौथ उत्तर भारत में विशेष उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। परंपरा के अनुसार, सूर्योदय से आरंभ होने वाला यह व्रत चंद्रमा के दर्शन और पूजन के बाद संपन्न होता है। दिनभर की प्रतीक्षा के बाद जब चंद्रमा आकाश में दिखाई देता है, तो पूजा-अर्चना के साथ व्रत खोलने की रस्म पूरी की जाती है। यह क्षण अनेक परिवारों के लिए भावनात्मक निकटता और आत्मीयता का प्रतीक बन जाता है।

करवा चौथ की सुंदरता केवल इसकी धार्मिक मान्यताओं में नहीं, बल्कि इससे जुड़ी सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं में भी निहित है। महिलाएँ नए वस्त्र धारण करती हैं, सोलह श्रृंगार करती हैं और सामूहिक रूप से करवा चौथ की कथा सुनती हैं। पूजा की तैयारियों से लेकर चंद्रमा के दर्शन तक, हर रस्म में उत्साह, उल्लास और आत्मीयता का भाव दिखाई देता है। कई स्थानों पर महिलाएँ एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएँ देती हैं और मिलकर त्योहार मनाती हैं। इस तरह यह पर्व पारिवारिक संबंधों के साथ सामाजिक मेलजोल को भी प्रगाढ़ बनाता है। समय के साथ त्योहारों के स्वरूप में बदलाव आना स्वाभाविक है। करवा चौथ भी इस बदलाव से अछूता नहीं रहा। आज यह पर्व पारंपरिक आस्था के साथ आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा भी बन गया है। बाजारों में सजे परिधान, आभूषण, पूजा सामग्री और मेहंदी की दुकानों पर बढ़ती रौनक त्योहार के आगमन का संकेत देती है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक, इसकी तैयारियाँ कई दिन पहले ही शुरू हो जाती हैं। सोशल मीडिया ने भी इस पर्व के रंग और उत्साह को व्यापक पहचान दी है। हालांकि, इसकी वास्तविक आत्मा बाहरी साज-सज्जा में नहीं, बल्कि रिश्तों में बसे स्नेह और विश्वास में है।

बदलते सामाजिक परिवेश में करवा चौथ की एक नई तस्वीर भी सामने आ रही है। अब अनेक पति भी अपनी पत्नी के प्रति प्रेम और सहभागिता व्यक्त करने के लिए व्रत रखते हैं या दिनभर उनके साथ रहकर इस अवसर को साझा करते हैं। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि दांपत्य संबंध अब केवल परंपरागत भूमिकाओं तक सीमित नहीं, बल्कि आपसी सहयोग, समानता और साझी जिम्मेदारी के आधार पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। वास्तव में, किसी भी रिश्ते की मजबूती एकतरफा त्याग से नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के सम्मान और संवेदनशीलता से सुनिश्चित होती है। हालाँकि, इस पर्व की सार्थकता पर विचार करते समय स्वास्थ्य और व्यक्तिगत परिस्थितियों को भी महत्व देना आवश्यक है। व्रत आस्था का विषय है, लेकिन किसी की श्रद्धा को उसकी शारीरिक क्षमता या उपवास की कठोरता से नहीं आँका जाना चाहिए। विशेष रूप से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को व्रत रखने से पहले चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। परिवार के सदस्यों का दायित्व है कि वे व्रत रखने वाली महिला की सुविधा, स्वास्थ्य और भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेम का सबसे सुंदर रूप वही है, जिसमें एक-दूसरे की खुशियों के साथ स्वास्थ्य और सुरक्षा को भी समान महत्व दिया जाए। दरअसल, करवा चौथ का व्यापक संदेश दांपत्य जीवन की गरिमा को समझने में निहित है। विवाह केवल सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद, सहयोग और भावनात्मक साझेदारी की सतत यात्रा है। जीवन की व्यस्तताओं, जिम्मेदारियों और चुनौतियों के बीच ऐसे पर्व पति-पत्नी को एक-दूसरे के प्रति अपने स्नेह और प्रतिबद्धता को पुनः अभिव्यक्त करने का अवसर देते हैं। यदि इस दिन के अनुष्ठान रिश्तों में सम्मान, संवाद और संवेदनशीलता बढ़ाने का माध्यम बनें, तो उनका महत्व और भी बढ़ जाता है। भारतीय परंपराओं की खूबसूरती इसी में है कि वे समय के साथ नए अर्थ ग्रहण करते हुए भी अपनी मूल भावना को बनाए रखती हैं। करवा चौथ भी परंपरा और आधुनिकता के इसी संगम का उदाहरण है। इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है, जब चंद्रमा की प्रतीक्षा के साथ जीवनसाथी की भावनाओं को समझने की इच्छा भी बनी रहे और व्रत की परंपरा के साथ आपसी सम्मान का संकल्प भी जुड़ा हो।

डिजिटल दौर में संकुचित होती स्वतंत्र सोच

बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में सूचना और विचारों के प्रसार के साधन सीमित थे। इस व्यवस्था की अपनी सीमाएं थीं, पर सूचनाओं के बीच एक स्वाभाविक ठहराव भी था। पाठक और दर्शक को पढ़ी-सुनी बातों पर विचार करने, दूसरों से चर्चा करने और अपनी राय बनाने का समय मिलता था। इक्कीसवीं सदी में इंटरनेट और स्मार्टफोन ने इस व्यवस्था को बदल दिया है। आज हम इंटरनेट पर क्या देखते हैं, कौन-सी खबर हमारे सामने आती है और किस विषय पर हमारा ध्यान टिकता है, इसमें एल्गोरिदम की महत्वपूर्ण भूमिका है।

यह व्यवस्था हमारी पसंद के अनुरूप जानकारी उपलब्ध कराती है, पर इसके साथ एक गंभीर प्रश्न भी खड़ा करती है- जब हमारे सूचना संसार का बड़ा हिस्सा डिजिटल मंचों के बनाये नियमों से छनकर आता है, तो हमारी स्वतंत्र सोच कितनी स्वतंत्र रह जाती है? समस्या तब उत्पन्न होती है, जब उपयोगकर्ता को अधिक देर तक बांधे रखने का लक्ष्य सत्य, विविधता और सार्वजनिक हित से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसे, कोई व्यक्ति राजनीतिक बहस से जुड़ा एक वीडियो देखता है। उसके बाद धीरे-धीरे उसकी स्क्रीन पर एक ही विचारधारा की सामग्री अधिक दिखाई देने लग सकती है। यदि किसी व्यक्ति को बार-बार एक जैसी सामग्री दिखाई जाए, तो उसे अपनी राय अधिक व्यापक रूप से स्वीकृत लग सकती है। लोकतंत्र के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि लोकतांत्रिक समाज केवल सहमति पर नहीं, बल्कि असहमति को सुनने, तर्क करने और जरूरत पड़ने पर अपनी राय बदलने की क्षमता पर भी टिके होते हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था में हमारा ध्यान एक मूल्यवान संसाधन है। उपयोगकर्ता जितनी देर किसी मंच पर रहता है, उसके सामने उतनी अधिक सामग्री और विज्ञापन आने की संभावना होती है। जब कोई व्यक्ति एक साथ कई सूचनाओं, संदेशों और वीडियो के बीच घूमता रहता है, तो किसी जटिल विषय पर लंबे समय तक विचार करना कठिन हो सकता है। यदि सूचना का उपभोग केवल त्वरित प्रतिक्रियाओं तक सिमट जाए, तो गहन विचार की जगह तत्काल भावनात्मक प्रतिक्रिया ले सकती है। यहां समस्या केवल तकनीक की नहीं, उसके डिजाइन और व्यावसायिक प्राथमिकताओं की भी है।

काश! 'जियो और जीने दो' का भी आईपीओ आता!

आज के दौर में आईपीओ यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग का नाम सुनते ही लोगों की दिलचस्पी बढ़ जाती है। कौन-सी कंपनी बाजार में उतर रही है, उसमें निवेश करने से कितना लाभ मिलेगा और भविष्य में उसके शेयर कितनी ऊँचाई छू सकते हैं, इन सब बातों पर खूब चर्चा होती है। लोग अपना धन बढ़ाने के लिए अवसर तलाशते हैं। लेकिन कभी-कभी मन में एक विचार आता है, काश! 'जियो और जीने दो' का भी कोई आईपीओ आता!

एक ऐसा आईपीओ, जिसमें निवेश करने के लिए धन नहीं, बल्कि प्रेम, संवेदना, सहिष्णुता और उदारता की जरूरत होती। जहाँ लाभांश के रूप में पैसा नहीं, बल्कि सुकून मिलता। जहाँ निवेशक को ऐसी दुनिया मिलती, जिसमें वह स्वयं भी सम्मानपूर्वक जी सके और दूसरों को भी उनकी पसंद के अनुसार जीवन जीने दे। लेकिन सवाल यह है कि क्या आज हमें ऐसे आईपीओ की सबसे ज्यादा जरूरत नहीं है? हमने विज्ञान और तकनीक के सहारे दुनिया की दूरियाँ कम कर दी हैं। मोबाइल ने पूरी दुनिया को हमारी मुट्ठी में ला दिया है। हम दूसरों की जिंदगी के बारे में पहले से कहीं अधिक जानते हैं, लेकिन उनकी भावनाओं को समझने का धैर्य शायद कम होता जा रहा है। किसने क्या पहना, क्या खाया, किससे संबंध रखा, किस विचार को अपनाया और किस तरह जीवन जिया, इन सब पर हमारी नजर रहती है। कभी परंपरा के नाम पर, कभी सामाजिक प्रतिष्ठा के नाम पर और कभी अपनी सोच को श्रेष्ठ मानकर हम दूसरों की जिंदगी में दखल देने लगते हैं। विडंबना देखिए कि अपनी जिंदगी में कोई हस्तक्षेप करे तो हमें अपनी स्वतंत्रता याद आने लगती है, लेकिन दूसरों की जिंदगी में हस्तक्षेप करने का अवसर मिले तो हम स्वयं को उनका हितैषी समझने लगते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे विचारों का सम्मान हो, लेकिन दूसरों के विचार हमसे अलग हों तो हमें परेशानी होने लगती है। हम अपने लिए आजादी चाहते हैं, मगर दूसरे अपनी पसंद से जीवन जिएँ तो उनकी आलोचना करने लगते हैं। हर व्यक्ति अपने लिए खुला आकाश चाहता है, लेकिन दूसरे के आकाश में उड़ते पंछी को देखकर बेचैन हो उठता है। 'जियो और जीने दो' केवल एक सुंदर वाक्य नहीं, बल्कि सभ्य समाज की बुनियादी शर्त है। इसका अर्थ यह नहीं कि अन्याय देखकर चुप रहा जाए या गलत कार्यों का विरोध करना छोड़ दिया जाए। इसका अर्थ है कि जब तक किसी का व्यवहार दूसरों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान को नुकसान नहीं पहुँचाता, तब तक उसे अपनी पसंद के अनुसार जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए। हर व्यक्ति की परिस्थितियाँ अलग हैं। किसी की खुशी सादगी में है, तो किसी की उपलब्धियों में। कोई परंपराओं से जुड़कर आनंदित होता है, तो कोई नए रास्तों पर चलकर अपना भविष्य बनाना चाहता है। किसी को भीड़ पसंद है, तो किसी को एकांत में सुकून मिलता है। जब तक किसी की पसंद से दूसरे का अधिकार प्रभावित नहीं होता, तब तक केवल अपनी पसंद को श्रेष्ठ मानकर दूसरों को गलत ठहराना कहाँ तक उचित है? हम अक्सर भूल जाते हैं कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल अपनी इच्छाओं को पूरा करना नहीं, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता का सम्मान करना भी है। मेरी आजादी वहीं तक सार्थक है, जहाँ मैं किसी दूसरे की आजादी को कुचलना शुरू नहीं करता। परिवारों में बच्चों की रुचियों को कभी-कभी यह कहकर दबा दिया जाता है कि लोग क्या कहेंगे। युवाओं के सपनों को सामाजिक प्रतिष्ठा की कसौटी पर तौला जाता है। किसी की वेशभूषा, खानपान, भाषा या जीवनशैली को



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया

लेकर टिप्पणियाँ की जाती हैं। पड़ोसी के घर में क्या हो रहा है, कौन किससे मिलता है और कौन किस तरह रहता है, इस पर चर्चा करने वालों की कमी नहीं है। किसी को सही सलाह देना और उसकी जिंदगी अपने हिसाब से चलाना दो अलग बातें हैं। चिंता करना संवेदनशीलता है, लेकिन चिंता के नाम पर किसी की स्वतंत्रता छीन लेना नियंत्रण की इच्छा है। हम दूसरों की जिंदगी सुधारने में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपनी सोच सुधारने का अवसर ही नहीं निकाल पाते।

काश! 'जियो और जीने दो' का आईपीओ आता, तो उसका पहला निवेश हमें अपने भीतर करना पड़ता। हमें अपने अहंकार का कुछ हिस्सा छोड़ना पड़ता, अपनी धारणाओं पर पुनर्विचार करना पड़ता और यह स्वीकार करना पड़ता कि केवल हमारा नजरिया ही सही नहीं हो सकता। इस आईपीओ में निवेश के कुछ सरल नियम होते। दूसरों को सुनना सीखिए। बिना पूरी बात जाने किसी के बारे में निर्णय मत कीजिए। असहमति को अपमान का अधिकार मत बनाइए। जिस सम्मान की अपेक्षा आप अपने लिए करते हैं, वही सम्मान दूसरों को भी दीजिए।

कल्पना कीजिए, यदि माता-पिता बच्चों की प्रतिभा समझकर उनके सपनों को प्रोत्साहित करें, पड़ोसी एक-दूसरे की जिंदगी में अनावश्यक दखल देने के बजाय सुख-दुख में सहयोगी बनें और समाज किसी की अलग पहचान का उपहास उड़ाने के बजाय उसका सम्मान करे, तो हमारी दुनिया कितनी सुंदर हो सकती है! इसके लिए किसी बड़े अभियान या कानून की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं। शुरुआत अपने घर, अपने व्यवहार और अपनी सोच से की जा सकती है। इंसानियत में किया गया निवेश ऐसा है, जिसका लाभ केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। आप किसी का सम्मान करते हैं, तो उसके भीतर भी दूसरों का सम्मान करने की भावना मजबूत हो सकती है। आप किसी की परेशानी में उसका साथ देते हैं, तो समाज में भरोसे की एक नई कड़ी बनती है। आप किसी को उसकी पसंद से जीने देते हैं, तो उसके जीवन में स्वतंत्रता के साथ-साथ आपके प्रति सम्मान भी बढ़ता है।

हम आर्थिक लाभ के लिए लंबी योजनाएँ बनाते हैं, लेकिन सामाजिक सद्भाव के लिए छोटे-छोटे प्रयास भी कई बार नहीं करते। धन की कीमत समझते हैं, लेकिन रिश्तों में विश्वास की कीमत भूल जाते हैं। अपनी प्रतिष्ठा की चिंता करते हैं, लेकिन दूसरों के आत्मसम्मान को चोट पहुँचाने से पहले नहीं सोचते। आखिर जीवन सीमित है। फिर क्यों न इसे एक-दूसरे की जिंदगी कठिन बनाने के बजाय आसान बनाने में लगाया जाए? क्यों न दूसरों की कमियाँ गिनाने के बजाय उनकी परिस्थितियों को समझा जाए? क्यों न अपनी पसंद का जीवन जीते हुए दूसरों की पसंद के लिए भी जगह बनाई जाए? काश! 'जियो और जीने दो' का आईपीओ सचमुच आता। उसकी सफलता का पैमाना शेयरों की कीमत नहीं, समाज में बढ़ता प्रेम होता। उसका लाभांश दूसरों के चेहरे पर मुस्कान होता और उसका बाजार वह दुनिया होती, जहाँ किसी को अपनी पहचान छिपाकर न जीना पड़े, किसी को अपनी पसंद के लिए अपमानित न होना पड़े और किसी को दूसरों की अपेक्षाएँ पूरी न कर पाने के कारण अपने ही जीवन में पराया महसूस न करना पड़े। लेकिन इस आईपीओ के आने का इंतजार क्यों किया जाए? इसकी शुरुआत तो आज, अभी और इसी क्षण हो सकती है। न आवेदन भरने की जरूरत है, न बैंक खाते की और न किसी बाजार में सूचीबद्ध होने की। बस मन में थोड़ा प्रेम, व्यवहार में थोड़ा सम्मान और सोच में थोड़ी उदारता जगह देनी होगी। हम स्वयं अच्छे से जिएँ और दूसरों को भी अच्छे से जीने दें। किसी की खुशी में बाधा बनने के बजाय उसकी खुशी का सम्मान करें। किसी की राह रोकने के बजाय उसे आगे बढ़ने का अवसर दें। क्योंकि जिंदगी कोई ऐसी दौड़ नहीं है, जिसमें हमारे आगे निकलने के लिए किसी दूसरे को पीछे गिरना ही पड़े। जिंदगी एक साझा यात्रा है, जिसमें हर व्यक्ति को अपने हिस्से की धूप, अपनी पसंद का आकाश और सुकून से साँस लेने की थोड़ी-सी जगह मिलनी चाहिए। यही इंसानियत का सबसे मूल्यवान निवेश है, यही जीवन का सबसे सुंदर लाभांश है और यही वह आईपीओ है, जिसमें निवेश करके पूरी दुनिया लाभान्वित हो सकती है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



किच्छा पहुंचे सांसद दिनेश आर्य का ढोल नगाड़ों से हुआ जोरदार स्वागत

भाजयुमो नेता विवेक दीप सिंह के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा एवं माल्यार्पण कर ढोल नगाड़ों के साथ किया स्वागत एवं

जागरण मोर्चा कार्यालय



किच्छा में सांसद आर्य का स्वागत करते सहगल परिवार के सदस्यगण। –जागरण मोर्चा

किच्छा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नवनियुक्त राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य के सांसद बनने के बाद प्रथम बार किच्छा आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह, लता सिंह, अक्षय अरोड़ा, किशन गोयल, संजीव खन्ना, प्रेमलता चौहान, जानकी तिवारी, सुजाहत खान आदि मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात सांसद आर्य के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य बाजार स्थित डीडी चौक पर पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर देश सेवा, मानव सेवा एवं संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सुभाष तनेजा, किशन गोयल, शैल शुक्ला, करुणा तिवारी, हारून मलिक आदि मौजूद रहे।

राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य ने सहगल निवास पर पहुंचकर परिवार के सदस्यों से की शिष्टाचार भेंट : राज्यसभा सांसद बनने के बाद किच्छा पहुंचे दिनेश आर्य ने भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल के आवास पर पहुंच कर सहगल परिवार से शिष्टाचार भेंट की और परिवार के सभी सदस्यों से हाल-चाल जाना। सहगल निवास पर परिवार की महिलाओं एवं बच्चों ने ढोल नगाड़ों के बीच फूलों की वर्षा करते हुए सांसद आर्य की आरती उतारी और तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों द्वारा सांसद आर्य के स्वागत के लिए फूलों की सुंदर रंगोली सजाई गई। बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली देखकर उत्साहित नजर आए सांसद आर्य ने बच्चों से नाम पूछते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सूक्ष्म जलपान के बाद सांसद आर्य का काफिला सितारगंज की ओर बढ़ गया। स्वागत अवसर पर सोमराज सहगल, वीना रानी, मनीष सहगल, मोनिका सहगल, ज्योति सहगल, रेणुका सहगल, एकता सहगल, नंदिका सहगल, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

वार्ड छह में चार सड़कों के निर्माण को मंजूरी, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने समस्याओं का लिया संज्ञान

जागरण मोर्चा कार्यालय



ड वासियों की समस्याएं सुनते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी। –जागरण मोर्चा

खटीमा। नगर पालिका परिषद के वार्ड 6 अमाऊं में चार सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। वार्डवासियों ने सड़क और नाली निर्माण से जुड़ी समस्याओं को लेकर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से मुलाकात की थी। पालिकाध्यक्ष ने समस्याओं का संज्ञान लेते हुए चार सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। स्वीकृत सड़कों में सूरज यादव के घर से विजय शंकर अवस्थी के घर तक, राजेंद्र महर के घर से शोभित सक्सेना के घर तक, हेमंत भट्ट के घर से जीवन सिंह के घर तक और राम यादव के घर से भुवन सिंह के घर तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा। पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि नगर क्षेत्र में सड़क सहित अन्य विकास कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के साथ ही जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। चार सड़कों के निर्माण की मंजूरी मिलने पर वार्डवासियों ने खुशी जताते हुए पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान नीतू जिमीवाल, गीता देवी, संपत्ति देवी, भावना भट्ट, नेहा बोरा, गीता कन्याल, रोहित बोरा, दान सिंह कटायत, देव सिंह बोरा, चंद्रा देवी, गोपाल सिंह, बसंती नेगी, राजेंद्र सिंह, लक्ष्मी देवी, रूपा बोरा, मधु कांडपाल, रीना यादव, दीपा बोरा, राजेंद्र सिंह महर, मिलन सिंह, शोभित सक्सेना, विजय शंकर अवस्थी, हेमा धामी, भूपेंद्र सिंह धामी, कविता जीना और शिवानी सुमन सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

गैरसैंण विधानसभा सत्र के पहले दिन विधायक शिव ने किया प्रतिभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय



रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा विधानसभा सत्र में प्रतिभाग करते। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर/गैरसैंण। उत्तराखंड विधानसभा शुरू दो दिवसीय सत्र के प्रथम दिन रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने गैरसैंण में सदन की कार्यवाही में प्रतिभाग किया। सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अनुपूरक बजट सदन में रखने के साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण विधेयकों को भी सदन के पटल पर रखे जाने की कार्रवाई प्रस्तावित है।विधायक ने कहा कि विधानसभा सत्र प्रदेश के विकास, जनहित से जुड़े विषयों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा का महत्वपूर्ण अवसर है। अनुपूरक बजट के माध्यम से सरकार की विभिन्न आवश्यकताओं और विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त बजटीय प्रावधानों पर चर्चा होगी। सदन में प्रस्तुत होने वाले विधेयकों के माध्यम से भी प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विधानसभा में जनहित के मुद्दों को उठाना और प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों पर प्रभावी चर्चा करना जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सरकार का प्रयास है कि विकास कार्यों को गति मिले।जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश व रुद्रपुर के विकास और जनहित से जुड़े विषयों पर होने वाली चर्चा महत्वपूर्ण रहेगी।

रुद्रपुर नगर निगम में राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



पहली बार रुद्रपुर पहुंचे राज्यसभा सदस्य दिनेश आर्य का स्वागत करते महापौर व अन्य। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। राज्यसभा सदस्य बनने के बाद पहली बार रुद्रपुर पहुंचे सांसद दिनेश आर्य का नगर निगम सभागार में महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि दिनेश आर्य का राज्यसभा सदस्य बनने के बाद पहली बार रुद्रपुर आगमन शहर के लिए गौरव का अवसर है। उनके अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना से क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर तेजी से विकसित हो रहा है और शहर की आवश्यकताओं, जनसमस्याओं तथा विकास से जुड़े विषयों को उचित मंच पर उठाने में उनका सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने सांसद दिनेश आर्य का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य ने स्वागत एवं सम्मान के लिए महापौर विकास शर्मा, भाजपा पदाधिकारियों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।राज्यसभा सदस्य के रूप में जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जनसेवा और विकास के कार्यों में सभी के सहयोग से सकारात्मक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री रामपाल सिंह, सुरेश कोली, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल चौहान, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, केके दास, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपिन गहलौत, विजय तोमर, अक्षय अरोरा, गौरव जुयाल, अनुज पाठक, रचित सिंह, सफाई संघ अध्यक्ष सोनू मुल्तानी, अभिषेक सिंह, पवन गाबा, पार्षद राजेश जग्गा, संदीप वाल्मीकि, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

संक्षेप समाचार

अवैध रेत से भरे तीन डंपर पकड़े, खनन माफिया में हड़कंप



पुलिस द्वारा जब्त किए गए डंपर। –जागरण मोर्चा

खटीमा। सत्रहमील चौकी पुलिस ने ग्राम सुनपहर मेहरबान नगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरे तीन डंपर जब्त किए हैं। पुलिस की कार्रवाई से अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। चौकी प्रभारी किशोर पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। इस दौरान नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर ले जा रहे तीन डंपरों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी पहुंचा दिया है। वाहन स्वामियों और चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन और खनन सामग्री के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली टीम में कांस्टेबल मनोज देवलाल और जगदीश सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

इंटर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता में डायनेस्टी गुरुकुल प्रथम



स्टेज पर मौजूद प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थी एवं शिक्षक। –जागरण मोर्चा

खटीमा। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, छिनकी फार्म के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। 26 अक्टूबर को सेंट फ्रांसिस स्कूल टनकपुर में आयोजित प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में डायनेस्टी गुरुकुल की छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आयोजक मंडल ने विजेता टीम को 5100 रुपये की नकद धनराशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को नृत्य का मार्गदर्शन और साज-सज्जा में राहुल कुमार, अनुज कुमार, चामू दानू, रुचि चौहान और भावना कोरंगा ने सहयोग किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने विजेता विद्यार्थियों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशक प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आइवन सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

जिले में सहकारिता विभाग बना मूकदर्शक, नवगठित बी पैक्स समिति का संचालन सिर्फ कागजों तक

जागरण मोर्चा कार्यालय

नौ माह बाद भी जवाब और कार्रवाई का इंतजार

शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रार्थना पत्र दिए जाने के करीब नौ माह बाद भी उन्हें अपेक्षित जानकारी और कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।ऐसे में सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर समिति के गठन, संचालन और नियुक्तियों से जुड़े अभिलेखों की जांच कराते हैं या नहीं।

धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र में किसानों को आवश्यकता होने पर डी ए पी यूरिया खाद के लिए ईधर उधर भटकना न पड़े इसी उद्देश्य से सहकारिता विभाग ने सुदुरवर्ती गांव लाखुन में बी-पैक्स समिति खोलने के सुझाव के साथ गठन और संचालन पर उठे सवाल, नौ माह बाद भी कार्रवाई का इंतज़ार और जिम्मेदार सिर्फ तमाशबीन बनकर कागजों में खेल करने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे क्या इसके पीछे गुलाबी नोटों की चमक धमक तो नहीं। जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के ईसानगर विकासखंड की न्याय पंचायत लाखुन में नवगठित बी-पैक्स (B-PACS) के गठन और संचालन से संबंधित शिकायत पर करीब नौ माह बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है।शिकायतकर्ता रमाकांत पुत्र मालती प्रसाद निवासी फत्तेपुर ने 23 जनवरी 2026 को सहायक निबंधक सहकारिता, खीरी को प्रार्थना पत्र देकर समिति के गठन, बैठकों और नियुक्तियों से संबंधित जानकारी सार्वजनिक कराने की मांग की थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उन्हें नवगठित बी-पैक्स लाखुन का निदेशक बनाए जाने की जानकारी मिली, लेकिन समिति के गठन और संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। गांव में समिति के सचिव और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने की चर्चा भी थी। इसको लेकर सदस्यों के बीच भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। रमाकांत ने अपने प्रार्थना पत्र में न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी 13 गांवों तक समिति से संबंधित सूचनाएं पहुंचाने तथा गठन से लेकर अब तक की कार्यवाही, बैठकों और यदि नियुक्तियां की गई हैं तो उनका विवरण उपलब्ध कराने की मांग की थी। उन्होंने इस शिकायत की प्रतिलिपि जिलाधिकारी खीरी, सहकारिता विभाग के उच्चाधिकारियों और मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजने का उल्लेख किया था।

करवा चौथ को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी को उमड़ीं महिलाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



करवा चौथ के सामान की खरीददारी करती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

खटीमा। करवा चौथ का पावन पर्व नजदीक आते ही खटीमा के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। सुहागिन महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुट गई हैं। बाजारों में चूड़ियों, साड़ियों, सौंदर्य प्रसाधन, मेहंदी और पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की चहल-पहल दिखाई दे रही है। महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी कर रही हैं, जिससे बाजार में त्योहार का रंग नजर आने लगा है। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। पर्व के लिए महिलाएं नई साड़ी, आकर्षक आभूषण, चूड़ियां और श्रृंगार का सामान खरीद रही हैं। वहीं, करवा, छलनी, पूजा की थाली और अन्य पूजन सामग्री की भी मांग है। मेहंदी लगवाने के लिए भी महिलाएं तैयारियां कर रही हैं। बाजार में सजी दुकानों पर रंग-बिरंगी चूड़ियां और करवा चौथ से जुड़ी सामग्री ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। करवा चौथ हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को चंद्रमा की पूजा की जाती है और चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला जाता है। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना करती हैं। पर्व को देखते हुए खटीमा के मुख्य बाजार में दुकानदारों ने भी तैयारियां की हैं। कपड़े, चूड़ी, सौंदर्य प्रसाधन और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारी का सिलसिला तेज होने लगा है। दुकानदारों को उम्मीद है कि पर्व से पहले के दिनों में ग्राहकों की संख्या और बढ़ेगी। बाजारों में बढ़ती चहल-पहल से त्योहार की

दिशेशपुर पुलिस ने नाबालिग का शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोपी दबोचा

वीडियो वायरल करने की धमकी देने का भी आरोप, गौरा शक्ति एप से हुई थी पुलिस में शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय



पॉस्को का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। थाना दिनेशपुर पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक पुलिस को गौरा शक्ति एप के माध्यम से दिनेशपुर क्षेत्र की निवासी एक महिला ने शिकायती पत्र दिया। जिसमें महिला ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ ग्राम मोहाली जंगल, थाना बाजपुर निवासी सरजीत पुत्र सोरन सिंह पिछले लगभग छह माह से शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण कर रहा हैं। युवक पीड़िता का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण करता। पुलिस ने घटना को गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को टीम का गठन किया। उन्होंने बताया कि आरोपी सरजीत को गिरफ्तार कर लिया है और उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई महिला नेहा राणा, हेड कांस्टेबल कृपाल सिंह, महेन्द्र सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 115 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

धौरहरा खीरी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को धौरहरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।समारोह में कुल 115 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे।इनमें नौ मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी उनकी धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समाज कल्याण विभाग की ओर से जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह की अगुवाई में आयोजित समारोह सुबह दस बजे शुरू हुआ। राजकीय इंटर कॉलेज परिसर को आकर्षक झालरों से सजाया गया था।वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हिंदू जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।जबकि मुस्लिम जोड़ों का निकाह उनकी धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार कराया गया।विवाह की रस्में पूरी होने के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं दीं।धौरहरा ब्लॉक के 58, नगर पंचायत का एक और ईसानगर के 56 जोड़े में 53 शामिल हुए।सामूहिक विवाह समारोह के लिए धौरहरा ब्लॉक के 58, नगर पंचायत धौरहरा के एक और ईसानगर ब्लॉक के 56 जोड़ों का पंजीकरण किया गया था।इस तरह कुल 115 जोड़े विवाह समारोह में शामिल हुए।आयोजन में वर-वधुओं और उनके परिजनों के बैठने तथा भोजन की व्यवस्था की गई थी।विवाह की रस्में पूरी होने के बाद नवदंपतियों को योजना के तहत निर्धारित उपहार और गृहस्थी का सामान वितरित किया गया।

आदर्श रामलीला कमेटी (कुटरी) की रामलीला का शुभारंभ, पहले दिन नारद मोह और राम जन्म का मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामलीला के शुभारंभ अवसर पर मौजूद अतिथि एवं कमेटी सदस्य।

खटीमा। आदर्श रामलीला कमेटी कुटरी, नदन्ना, पचौरिया के तत्वावधान में 36वें वर्ष की रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. प्रशांत शंकर अग्रवाल और कुटरी ग्राम प्रधान दीपा देवी ने संयुक्त रूप से किया। रामलीला के प्रथम दिन नटी-सूत्रधार, कामदेव, नारद मोह, रावण-कुंभकर्ण और विभीषण द्वारा वरदान मांगने सहित भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। गायत्री मॉर्डन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। लीला का संचालन गोपाल सिंह मेहता ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत शंकर अग्रवाल ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रामलीला के मंचन से बच्चों और युवाओं को उच्च नैतिक मूल्यों, मर्यादा और संस्कारों की सीख मिलती है। इस अवसर पर देव बहादुर चंद, पूरन चंद्र जोशी, पंकज मेहता, गोपाल सिंह बिष्ट, कपिंद्र कन्याल, भरत सिंह खड़का, भूपाल चंद, बसंत बल्लभ जोशी, लालमणि जोशी, अनिल जोशी, राजू कुबेर, सुनील भट्ट, भगवान सिंह रुमाल सहित मंदिर कमेटी के पदाधिकारी और क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल से खाद वितरण और धान खरीद प्रभावित, किसान परेशान

लखीमपुर खीरी। जिले में सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल से खाद वितरण और धान खरीद का काम प्रभावित हो गया है। इससे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रबी सीजन में फसलों की बुवाई और उनकी शुरुआती देखभाल के लिए खाद की जरूरत है, लेकिन समितियों पर व्यवस्था प्रभावित होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों की बुवाई प्रभावित होने की आशंका है। वहीं, धान खरीद का काम भी प्रभावित होने से किसानों को उपज बेचने में दिक्कत हो रही है। किसानों का कहना है कि फसलों की बोवाई के समय खाद की उपलब्धता बाधित होने से उनकी चिंता बढ़ गई है। बता दें कि कर्मचारी वेतन न मिलने पर हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल लंबी खिंचने पर किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है।

ओमेक्स कालोनी में चल रहे जुए के ठिकाने पर तीन थानों की पुलिस की कार्रवाई, छह बड़े कारोबारी गिरफ्तार

3 लाख से अधिक की नगदी समेत अन्य सामान बरामद, पुलिस की कार्रवाई से कालोनी में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। कोतवाली पंतनगर क्षेत्र ओमेक्स रिविएरा कालोनी में पुलिस ने जुआ के ठिकाने पर छापा मारकर 6 बड़े कारोबारियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से तीन लाख से अधिक की नगदी समेत अन्य सामान बरामद किया। यह कार्रवाई तीन थानों की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई है। देर रात कालोनी में पुलिस की कार्रवाई के दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा। पुलिस को सोमवार रात पंतनगर की ओमेक्स रिविएरा कालोनी के लेमड़ा विला में मोटा जुआ खेलने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने घेराबंदी की रणनीति तैयार कर ली। इसके बाद सीओ सदर विभव सैनी के



गिरफ्तार जुआरी पुलिस की गिरफ्त। -जागरण मोर्चा

नेतृत्व में पंतनगर, ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मध्य रात्रि दबिश दी ।पुलिस की कार्रवाई इतने गोपनीय तरीके से हुई कि किसी को भागने का भी अवसर नहीं मिला। पुलिस ने लेमड़ा विला में छापा मारकर छह लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने मौके से कई लाख की नगदी समेत अन्य सामान बरामद किया। सीओ सिटी ने बताया कि गिरफ्तार जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मौके से 3,88,100 की नकदी सहित ताश की गद्दी बरामद की।

जुआ खेलते यह लोग पकड़े गए : अमित कुमार पुत्र रामशरण सिंह निवासी लेमड़ा 39 विला ओमेक्स रिविएरा पंतनगर। अशोक कुमार पुत्र सोना राम निवासी वार्ड नंबर 4 गदरपुर। अपूर्व कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी सिविल लाइन आदर्श कालोनी रुद्रपुर। अभिषेक कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी एब्रो एस 201 ओमेक्स रिविएरा पंतनगर। मनवेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी लेमड़ा 18 विला ओमेक्स रिविएरा पंतनगर। विवेक गुप्ता पुत्र नरेश चंद्र गुप्ता निवासी एब्रो ए 401 ओमेक्स रिविएरा पंतनगर।

महंत प्रमोद जी महाराज बोले - इस बार नवविवाहिताएं भी रख सकेंगी करवा चौथ व्रत, शुक्र उदय से खत्म हुआ दोष

जागरण मोर्चा कार्यालय



महंत प्रमोद जी महाराज
देवकली तीर्थ लखीमपुर खीरी



करवा चौथ (सांकेतिक फोटो)

- **करवा चौथ पर नहीं रहेगा शुक्र का साया, नवविवाहिताएं भी रख सकेंगी व्रत - 29 अक्टूबर को होगा चांद का दीदार रात 8:06 बजे**
- **संकष्टी गणेश चतुर्थी और करवा चौथ एक साथ 29 अक्टूबर को, महंत प्रमोद जी महाराज बोले - शुक्र उदय से खत्म हुआ संशय**

लखीमपुर-खीरी। सौभाग्यवती स्त्रियों का सबसे प्रिय और कठिन व्रत करवा चौथ तथा संकष्टी श्रीगणेश चतुर्थी का व्रत इस वर्ष 29 अक्टूबर, गुरुवार को बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

देवकली तीर्थ स्थल स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम/संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद जी महाराज के अनुसार इस बार करवा चौथ को लेकर नवविवाहिताओं में चल रहा सबसे बड़ा संशय पूरी तरह समाप्त हो गया है। महंत प्रमोद जी महाराज ने बताया कि सनातन वैदिक पंचांग के अनुसार 28 अक्टूबर, बुधवार को प्रातः 07:35 बजे शुक्र उदय हो जाएगा। चूंकि करवा चौथ का मुख्य पूजन और चंद्रोदय 29 अक्टूबर को रात्रि 08 बजकर 06 मिनट पर होगा, यानी शुक्र उदय के लगभग 36 घंटे बाद, इसलिए व्रत पूजन में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन नवविवाहिताओं की शादी वर्ष 2025 और 2026 में हुई है, वे सभी इस वर्ष पूरे विधि-विधान से करवा चौथ का पहला व्रत रख सकती हैं। शुक्र अस्त होने का कोई दोष नहीं लगेगा। महंत प्रमोद जी महाराज के अनुसार 29 अक्टूबर को महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को करवा चौथ की कथा सुनेंगी और रात्रि 08:06 बजे चंद्रोदय के बाद चंद्रमा के दर्शन कर परंपरागत तरीके से अर्घ्य देकर पति की लंबी आयु की कामना के साथ व्रत को विधिवत संपन्न करेंगी।

मोहाना के कटान में एक घर समाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिकुनियां-खीरी। मोहाना नदी का जलस्तर घटते ही जसनगर गांव में कटान तेज हो गया है। मंगलवार को नदी के कटान में राजकुमार का घर समा गया। नदी से हो रहे कटान के चलते लोगों ने अपना घर तोड़ना व सामान हटाना शुरू कर दिया है।

इंडो नेपाल बार्डर पर बह रही मोहाना नदी का जलस्तर घटने से कटान तेज हो गया है। गिरिजा बैराज के गेट खुले होने के कारण जलस्तर घटा है। जसनगर गांव में मोहाना नदी ने कटान तेज करते हुए मंगलवार को दोपहर राजकुमार के घर को अपने आगोश में ले लिया। पड़ोस में रह रहे गोवर्धन अपना आशियाना कटान के भय से खुद ही तोड़ रहे हैं। मोहाना नदी से हो रहे कटान को लेकर गांव के गोवर्धन, बालकराम,बनवारी, सेवकराम,



मकान काटती मोहाना नदी। -जागरण मोर्चा

मनोज कुमार, रमेश, काशी, छांगुर, रामवृक्ष, रामकरन, चंदन, उमेश, रामचंद्र, रामदुलारे, रमेश, कमलेश और वेवा सुमित्रा के घर भी कटान के मुहाने पर है। कटान से प्रभावित लोगों ने बताया कि पिछले छः दिन से शुरू हुए कटान ने तेजी पकड़ ली और आशियाना काटना शुरू कर दिया है। पीड़ितों ने बताया कि हम सब लोग मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है पिछले कई दिनों से नदी के रुख को देखकर मजदूरी करने भी नही जा पा रहे है। शासन और प्रशासन भी कोई ध्यान नही दे रहा है। पीड़ितों की मांग है कि हम लोगों को अन्य स्थान पर रहने के लिए पंचायत में जगह दी जाए जिससे नदी से पीछा छूट सके।

राधा कृष्ण विद्या मंदिर में पीटीएम संपन्न, बच्चों की प्रगति पर हुआ मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय

मोहम्मदी-खीरी। बरवर रोड स्थित नगर के प्रतिष्ठित राधा कृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) ने शिक्षा के प्रति अभिभावकों की गंभीरता का नजारा पेश कर दिया। कक्षा 1 से 12 तक के सैकड़ों अभिभावक अपने बच्चों का रिपोर्ट कार्ड जानने और शिक्षकों से सीधा संवाद करने के लिए सुबह से ही विद्यालय परिसर में जुट गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने अभिभावकों का माल्यार्पण कर स्वागत करने के साथ किया। इसके बाद कक्षावार शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ उनके बच्चों की शैक्षिक प्रगति,



क्लास में अनुशासन, रोजाना उपस्थिति और दिसंबर में होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में तय किया गया कि पढ़ाई में पिछड़ रहे छात्रों के लिए शाम को अतिरिक्त विशेष कक्षाएं चलाई जाएंगी। अभिभावकों ने विद्यालय की नई शिक्षण व्यवस्था और अनुशासन की जमकर सराहना की और कई रचनात्मक सुझाव भी दिए।

अंत में प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चे का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब घर और स्कूल एक ही दिशा में काम करें, इसलिए ऐसी बैठकें हर माह आयोजित की जाएंगी।

संक्षेप समाचार

खेत के पास अवैध मिट्टी खनन का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग; खनन अधिकारी ने आरोपों को बताया निराधार

लखीमपुर-खीरी। जनपद के फूलबेहड़ विकासखंड क्षेत्र में खेत के पास कथित अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। ग्राम मिलपुरवा, ग्राम पंचायत सरवा निवासी इरशाद पुत्र लियाकत ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसका खेत ग्राम सरवा, पोस्ट लौकिहा, विकासखंड फूलबेहड़, तहसील लखीमपुर खीरी क्षेत्र में स्थित है। आरोप है कि खेत से करीब 100 मीटर की दूरी पर कुछ लोगों द्वारा मिट्टी का खनन कराया जा रहा है। शिकायत में रामपाल, श्यामलाल, राजू और ग्राम प्रधान श्याम नारायण सहित अन्य लोगों पर कथित खनन तथा सरकारी भूमि की खुदाई कराने के आरोप लगाए गए हैं। इरशाद का कहना है कि उसने इस संबंध में खनन अधिकारी को कई बार फोन के माध्यम से सूचना दी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर जांच कराने, कथित अवैध खनन पर रोक लगाने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, खनन अधिकारी ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। ऐसे में मामले में शिकायतकर्ता के आरोपों और खनन अधिकारी के पक्ष के बीच प्रशासनिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस प्रकरण में क्या कदम उठाता है।

विवाह समारोह में गई ढाई साल की बच्ची की तालाब में डूबने से मौत

खटीमा। पीलीभीत के बरखेड़ा में विवाह समारोह में शामिल होने गई खटीमा निवासी ढाई साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में डूबने से मौत हो गई। सोमवार देर रात बच्ची का शव तालाब में मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस्लामनगर निवासी मोहम्मद शावान 25 अक्टूबर को पत्नी और ढाई साल की बेटी अनाविया के साथ बरखेड़ा में एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। बरखेड़ा में बच्ची की नानी का घर भी है। समारोह के दौरान अनाविया अचानक लापता हो गई। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। सोमवार देर रात घर के आसपास स्थित एक तालाब में बच्ची का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्ची के चाचा अताउलमुस्तफा ने बताया कि जिस तालाब में शव मिला, वहां 25 अक्टूबर से ही तलाश की जा रही थी, लेकिन उस समय बच्ची का शव नहीं मिला था। देर रात अचानक शव मिलने से परिजनों ने संदेह जताया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी। खबर लिखे जाने तक बच्ची का शव खटीमा नहीं पहुंचा था।

विधायक भुवन कापड़ी ने अस्पताल पहुंचकर हर्षिता बोरा का जाना हाल



नागरिक चिकित्सालय पहुंचकर हर्षिता का हाल-चाल जानते विधायक भुवन चंद्र कापड़ी। -जागरण मोर्चा

खटीमा। विधायक भुवन कापड़ी ने अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन हर्षिता बोरा का हाल जाना और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने हर्षिता से कहा, "बेटी, आप अकेली नहीं हो, पूरा समाज और क्षेत्र आपके साथ है।" इस दौरान विधायक ने हर्षिता के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से हर्षिता के स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। हर्षिता और उनका परिवार इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्हें बेहतर उपचार, नियमित दवाइयों और आर्थिक सहयोग की जरूरत है। विधायक ने परिवार को आवश्यक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने हर्षिता के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

अदालत में झूठी गवाही पड़ी भारी, वादी मुकदमा को ही हुई जेल - लखीमपुर कोर्ट का बड़ा फैसला

- **कचहरी में झूठ बोलना पड़ा महंगा, वादी ही बन गया अभियुक्त - प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर-खीरी। न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। अदालत में झूठी गवाही देने के आरोप में वादी मुकदमा को ही सजा भुगतनी पड़ी।

अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विमलेंद्र प्रताप मिश्र की सशक्त पैरवी पर माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्री अशोक कुमार दुबे लखीमपुर खीरी की अदालत ने सत्र परीक्षण संख्या 1364/2014 सरकार बनाम पवन आदि के मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। यह मुकदमा थाना नीमगांव में धारा 306, 309/34, 120बी भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज था। इस प्रकरण में वादी मुकदमा सिद्धू उर्फ नैमिष पुत्र हरनाम सिंह निवासी थाना मितौली, जनपद खीरी अदालत में उपस्थित हुआ और उसने मिथ्या साक्ष्य प्रस्तुत किया। अदालत में मिथ्या साक्ष्य की पुष्टि होने पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए धारा 383 BNSS के तहत अलग से प्रकरण दर्ज किया। दिनांक 12-09-2026 को शासकीय अधिवक्ता विमलेंद्र प्रताप मिश्र के तर्कों को सुनने के बाद माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त सिद्धू उर्फ नैमिष को दोषी पाते हुए कारावास की सजा सुनाई। अदालत के इस फैसले से साफ संदेश गया है कि न्याय की प्रक्रिया में झूठ और मिथ्या साक्ष्य को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रुद्रपुर के एक स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

भाजपा नेता चुघ ने पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफियों से सम्मानित किया विजेताओं को

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। गंगापुर रोड एक स्कूल में रुद्रा चेस अकादमी के तत्वावधान में एक भव्य शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारत भूषण चुघ की गरिमामयी में हुआ। उन्होंने प्रेरणादायक विचारों से प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शतरंज के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी खिलाड़ियों को एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9 बजे हुआ। इसमें कुल सात राउंड खेले गए। अंडर-9, अंडर-12, अंडर-15 तथा ओपन वर्ग सहित विभिन्न श्रेणियों में



खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करते मुख्य अतिथि चुघ। -जागरण मोर्चा

अनेक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता, रणनीतिक कौशल एवं खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण कुल 46,000 की नकद पुरस्कार राशि एवं विभिन्न आकर्षक ट्रॉफियों का वितरण रहा। आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में भारत भूषण चुघ ने विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों एवं अभिभावकों को प्रोत्साहित किया तथा खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी उत्साह, समर्पण और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता युवा शतरंज खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त करने तथा अपनी रणनीतिक सोच और निर्णय क्षमता को विकसित करने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुई। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को सफल और यादगार बनाया।

इस सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति एवं रुद्रा चेस अकादमी के सुमित बांगा, दिलीप साहू, ऋषभ साहू, स्वाति बांगाको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। उनके समर्पण, कुशल समन्वय और अथक प्रयासों से यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह आयोजन क्षेत्र में शतरंज के विकास, युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

हंस विहार में आयोजित पर्वतीय शैली में श्रीरामलीला मंचन का समापन

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ठुकराल ने कलाकारों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। पर्वतीय समाज समिति की ओर से भूरारानी क्षेत्र हंस विहार में पर्वतीय शैली में आयोजित श्रीरामलीला मंचन का सोमवार रात विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रामलीला के कलाकारों को सम्मानित किया। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूर्व विधायक को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। रामलीला मंचन के समापन के साथ ही आयोजन से जुड़े कलाकारों, आयोजकों और सहयोगियों के प्रयासों की सराहना की। पूर्व विधायक राजकुमार



रामलीला के समापन के मौके पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कलाकारों को पुरस्कृत किया। -जागरण मोर्चा

ठुकराल ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित रामलीला के माध्यम से समाज को सत्य,मर्यादा,त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने के साथ ही समाज में आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने कहा कि पर्वतीय समाज समिति की ओर से पर्वतीय शैली में रामलीला का आयोजन करना सराहनीय प्रयास है। इस तरह के आयोजनों से उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कला को संरक्षित रखने में मदद मिलती है। रामलीला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखने का भी माध्यम है। आयोजन समिति की ओर से पूर्व विधायक ठुकराल को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दिनेश पंत,ममता रानी,ललित बिष्ट,कल्याण सिंह परिहार,गोपाल सिंह पटवाल, गिरीश चन्द्र जोशी, भूपेन्द्र सिंह करायत,मनोज पालीवाल,पीसी शर्मा, लीलाधर पाण्डे, सुरेंद्र कपकोटी, शिवपाल सिंह भाकुनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

राहत 112 क्रय केंद्रों पर चल रही खरीद, ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ जगहों पर अब भी दिक्कतें

खटीमा में धान तौल ने पकड़ी रफ्तार, किसानों ने जताया संतोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। मंडी समिति के धान क्रय केंद्रों पर तौल में देरी और बाधाओं को लेकर किसान संगठनों के आंदोलन के बाद अब धान खरीद व्यवस्था पटरी पर लौटने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकांश क्रय केंद्रों पर धान तौल सुचारू रूप से शुरू हो गई है। किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों पर पहुंच रहे हैं और व्यवस्थित तरीके से तौल करा रहे हैं। वहीं, किसान संगठन भी खरीद प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन चढ़नी गुट के जिलाध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर ने बताया कि उन्होंने मंडी समिति में संचालित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों



मंडी परिसर में सुचारू रूप से चल रही धान तौल। -जागरण मोर्चा

से बातचीत की। इस दौरान तौल व्यवस्था सुचारू मिली और किसान संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि फिलहाल मंडी समिति के क्रय केंद्रों पर किसी प्रकार की बड़ी समस्या सामने नहीं आई है। भुल्लर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर अब भी धान तौल में दिक्कतें आ रही हैं। इन समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग और प्रशासन को अवगत कराया जाएगा। साथ ही बाधाओं की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। वरिष्ठ विपणन अधिकारी केसी आर्य ने बताया कि खटीमा क्षेत्र में यूसीसीएफ, पीसीयू, ईसीयू, एनसीसीएफ, नेफेड और खाद्य विभाग सहित कुल 112 धान क्रय केंद्र संचालित हैं। सभी केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा बीते दिवस तक लगभग 1700 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी थी। मंगलवार को भी धान की तौल सुचारू रूप से जारी रही।

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





बीसलपुर में जानवर के हमले से घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत, घर में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बीसलपुर। क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा यासीन में जानवर चराने गए एक 55 वर्षीय ग्रामीण पर पड़ोसी के जानवरों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार शाम को इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में उनकी मौत हो गई। सोमवार शाम को शव गांव पहुंचते ही स्वजनों में चीख पुकार मच गई। ग्राम बरखेड़ा यासीन निवासी रामपाल (55 वर्ष) गुरुवार को अपने जानवर चराने गए थे। शाम करीब 6 बजे जब वह मवेशियों को लेकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में पड़ोसी ग्रामीण के भी जानवर आ गए। अचानक पड़ोसी के जानवरों ने रामपाल पर हमला कर दिया, जिससे वे जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया।परिजनों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए बरेली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रविवार शाम को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार शाम जैसे ही रामपाल का शव उनके घर पहुंचा, परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी रामप्यारी ने इस मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी है। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है और मामले की गंभीरता से जांच कराकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

माला जंगल से निकले हाथी बड़ागांव तक पहुंचे

जागरण मोर्चा कार्यालय





दियोरिया कला। पीलीभीत टाइगर रिजर्व जंगल की माला रेंज से निकले हाथी दियोरिया रेंज के जंगल को पार कर दियोरिया कला के ग्राम प्रधान अजय सिंह के फार्म हाउस होते हुए बसेंगा, मीरपुर रतनपुर, अकोड़ा, नौगमियां, होते हुए बड़ागांव ,घुंघचइया तक जा पहुंचे गन्ने के खेतों में हाथियों के पदचिन्ह देखे जाने से किसानों में दहशत फैल गई है हाथियों ने गन्ने की फसलों को नुक़सान पहुंचाया है। हाथियों के निकलने से वैसे ही फसल बर्बाद हो जाती है धान की फसलें खेतों में तैयार खड़ी हुई है और कटाई शुरू हो गई है तैयार फसलों में होकर हाथियों के गुजरने से फसलों को भारी नुक़सान हुआ है गन्ने की फसलों को भी हाथियों द्वारा रौंदा गया है जिसको लेकर किसानों में दहशत फैल गई है पिछले साल भी गेंहू बुवाई के दो महीने बाद बरखेड़ा क्षेत्र में हाथियों ने धावा बोला था और बर्रामऊ होते हुए मूसेपुर तक गये थे इस बार दियोरिया क्षेत्र में हाथियों ने दस्तक दी है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है गन्ने की फसलें खेतों में तैयार खड़ी हुई हैं ऐसे में हाथियों की चहलकदमी किसानों की चिंता का विषय बना हुआ है। इस संबंध में दियोरिया रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश गिरि ने बताया कि माला जंगल से तीन हाथियों के आने की सूचना मिली है जो कि घुंघचइया तक जाकर वापस जंगल में लौट गए हैं।

ठगी पीड़ितों के भुगतान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



ज्ञापन देते लोग। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन ने अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम-2019 (बड्स एक्ट) के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू कर पीड़ित निवेशकों की धनराशि वापस कराने की मांग की है। संगठन की ओर से मंगलवार को प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित स्मरण पत्र नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को सौंपा गया। संगठन ने मांग की कि पीलीभीत जिले में 23 जनवरी से 8 मार्च 2023 तक जिलाधिकारी कार्यालय में जमा कराए गए भुगतान संबंधी आवेदनों का जल्द निस्तारण किया जाए। ठगी करने वाली कंपनियों और सोसाइटियों की संपत्तियां जब्त कर उनसे प्राप्त धनराशि पीड़ित निवेशकों को वापस दिलाई जाए। साथ ही संबंधित कंपनियों के संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।संगठन ने अपनी तीन प्रमुख मांगों में पीड़ितों की जमा राशि का दो से तीन गुना भुगतान, निर्दोष एजेंटों को सुरक्षा, सम्मान, रोजगार और पुनर्वास तथा ठगी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शामिल की है। संगठन ने शासन-प्रशासन से अधिनियम के तहत समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

पानी की निकासी के विवाद को लेकर राजस्व टीम ने की स्थलीय जाँच

जागरण मोर्चा कार्यालय



पानी निकासी विवाद की जांच को पहुंची राजस्व टीम। –जागरण मोर्चा

शेरपुर कलाँ। पानी की निकासी के रास्ते में अवरोध को लेकर प्रशासनिक स्तर पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की गई है। रामकिशोर वाल्मीकि आदि व जुनैद खाँ पुत्र रफी खाँ द्वारा दिए गए संदर्भ के क्रम में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का गहन जायजा लिया। राजस्व टीम की जाँच में यह बात सामने आई कि मौके पर पानी की निकासी के लिए राजस्व अभिलेखों सरकारी कागजों में कोई नाला दर्ज नहीं है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मौके पर सार्वजनिक पानी की निकासी सरकारी भूमि व संक्रमणीय भूमि से होकर गुजर रही है। प्रशासनिक टीम के कानूनगो अदनान रशीद लेखपाल गौस मोहम्मद अनिल चौधरी शिशुपाल मौके पर मौजूद पड़ोसी व्यक्तियों और ग्रामीणों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे स्थल पर पूर्व से चल रहे पानी के निकास में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न करें। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि पानी की निकासी से जुड़ी इस समस्या का समाधान स्थायी खंड विकास अधिकारी कार्यालय, पूरनपुर के माध्यम से किया जाएगा, ताकि भविष्य में दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। इस पूरी स्थलीय कार्रवाई के दौरान पारदर्शिता और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय ग्रामीण व गवाह बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाल्मिक रामकिशोर राजेश महेश राजेंद्र ज़ैफ खान जफर खा अरमान नंदलाल, राजेश, महेश और राजेंद्र सहित कई अन्य लोग गवाह के रूप में मौजूद रहे, जिनके हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान रिपोर्ट पर दर्ज किए गए।

मंडी समिति के धान खरीद केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



निरीक्षण करते एसडीएम। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। भाकियू (टिकैत गुट) ने मंडी समिति के धान खरीद केंद्र पर धान बिक्री के दौरान किसानों को आ रही समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी एवं प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने ज्ञापन सौंपा। इसके बाद एसडीएम ने मंडी का निरीक्षण किया। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि मिलरों पर धान खरीद में अवैध कटौती की जा रही है। नमी मापक यंत्रो में हैराफेरी की जा रही है। मंगलवार को पूरनपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि राइस मिलर धर्मकांटे और सीडी के नाम पर प्रति क्विंटल दो किलो तक धान की कटौती की जा रही है।1500 सौ रुपये से लेकर 1900 सौ रुपये तक खरीदा जा रहा है। राइस मिलरो की जांच की मांग की गई। उनका कहना है कि किसान दिन-रात मेहनत करके अपनी फसल तैयार करता है और उसे मंडी तक पहुंचाता है, लेकिन धान खरीद केंद्र पर बिक्री के दौरान होने वाली परेशानियों के कारण किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिकायत मिलने के बाद एसडीएम ने मंडी पहुंच कर धान खरीद केंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम से किसानों की समस्याओं का जल्द संज्ञान लेकर धान खरीद केंद्र पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने तथा किसानों को राहत दिलाने की मांग की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने एमओ और सचिव को दो दिनो के अंदर रास्ते में फेले धान की खरीद कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर भाकियू जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी और प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की अपील की, ताकि धान बिक्री की प्रक्रिया में तेजी आए और किसानों को राहत मिल सके।

संक्षेप समाचार

दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने की कोशिश, पुलिस ने पति सहित दस के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

पूरनपुर। दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को जान से मारने की कोशिश की गई। इसके बाद घर से निकाल दिया। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव हरीपुर ता. चांदपुर निवासी मानसी ने बताया कि बर्ष 2022 में लखनऊ के थाना मानकनगर के रामनगर आलम बाग निवासी सुमित बाजपेई के साथ उसका विवाह हुआ था। मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि ससुराली दिए गए दहेज से खुश नही थे। उन्होंने अतिरिक्त दहेज में बीस लाख रुपये की नकदी व चार पहिया वाहन की मांग शुरु कर दी। मांग पूरी ना होने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। 28-8-2026 को एक राय होकर ससुरालियों ने उसको जान से मारने की नीयत से मारा पीटा। इसके बाद गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। इसके बाद उसको घर से निकाल दिया। इसके बाद लोगो ने समझाया इस पर विवाहिता दोबारा ससुराल गई। इसके फिर से उसको आए दिन मारपीट कर प्रताडित करना शुरु कर दिया। आरोप है कि धोखाधडी कर उसका माल जेवर हडप लिया। आल्मारी का ताला तोडकर सामान चोरी कर लिया। इसके बाद मारपीट कर घर से भगा दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति सुमित,पराग,प्रीति मिश्रा,तनवय मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।

त्योहारों के मद्देनजर एसपी ने किया पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था परखी



अपनी टीम के साथ पैदल गश्त को निकले एसपी। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने क्षेत्राधिकारी नगर अमरनाथ वर्मा और पुलिस बल के साथ प्रमुख बाजारों, व्यस्त चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और आमजन से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर नजर रखने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।

चुनाव से पहले बिलसंडा और बीसलपुर में बनेंगे डेढ़ करोड़ से हेलीपैड

पीलीभीत। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जिले में हवाई उड़ानों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी है। बिलसंडा और बीसलपुर में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से हेलीपैड बनाए जाएंगे। आने वाले विधानसभा चुनाव में इनका खासा उपयोग होने की संभावना है, चुनाव प्रचार के दौरान देश और प्रदेश के बड़े नेता हेलिकॉप्टर से जिले में पहुंच सकेंगे। लोक निर्माण विभाग ने जिले में पांच स्थानों पर हेलीपैड बनाने का प्रस्ताव भेजा था, जिनमें दो को मंजूरी मिल गई है। हेलीपैड निर्माण को मंजूरी मिलने के बाद अब लोक निर्माण विभाग टेंडर प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी में जुटा है। प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

बीसलपुर में पिकअप की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध दंपति गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय





बीसलपुर। शाहजहांपुर मार्ग पर स्थित नीमाडंडी गांव के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार वृद्ध दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। टक्कर मारने के बाद चालक पिकअप समेत मौके से फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरपुरा नगला निवासी देवी प्रसाद अपनी पत्नी नन्ही देवी के साथ बाइक से गांव से पीलीभीत जा रहे थे। जब उनकी बाइक शाहजहांपुर-बीसलपुर मार्ग स्थित नीमाडंडी गांव के पास पहुंची, तभी बीसलपुर की ओर से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पीटीआर में सफारी की एडवांस बुकिंग शुरू

पीलीभीत। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एक नवंबर से पर्यटन सत्र शुरू होगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए सफारी वाहनों की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी गई है। पर्यटक अब सात दिन पहले तक ऑफलाइन बुकिंग करा सकेंगे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में एक नवंबर से शुरू होने वाले पर्यटन सत्र को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्यटकों की सुविधा के मद्देनजर टाइगर रिजर्व मुख्यालय से सफारी वाहनों की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी गई है। पर्यटक अब सात दिन पहले तक सफारी वाहन की ऑफलाइन बुकिंग करा सकेंगे। इस व्यवस्था के तहत करीब 50 फीसदी वाहनों की बुकिंग मुख्यालय से होगी। वहीं, पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस बार सभी सफारी वाहनों को जीपीएस से लैस किया जा रहा है।

छज्जा टूटकर गिरने से बाइक मिस्त्री की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- परिवार में मचा कोहराम, अस्पताल में हुई मिस्त्री की मौत

पूरनपुर। मकान के छज्जे पर रखी ईंटों को सही करते समय छज्जा अचानक टूटकर गिर गया। हादसे में छज्जे के साथ नीचे गिरकर बाइक मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना सोमवार शाम करीब पौने छह बजे की है। पूरनपुर निवासी राजा (24) पुत्र नूर हसन बाइक मिस्त्री था। उसके पिता नूर हसन ने बताया कि राजा सोमवार को दिन में अपनी दुकान पर काम निपटाने के बाद घर पहुंचा था। इसके बाद वह मकान की छत के छज्जे पर रखी ईंटों को सही करने लगा। इसी दौरान अचानक छज्जा टूट गया और राजा छज्जे के साथ नीचे गिर पड़ा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। छज्जा टूटने और राजा के नीचे गिरने से परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में घायल राजा को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर हालत के चलते उसे बचाया नहीं जा सका। इलाज के दौरान राजा की मौत हो गई। राजा की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर में अचानक हुए इस हादसे से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। राजा बाइक मिस्त्री का काम करके परिवार की आजीविका में सहयोग करता था। उसकी असमय मौत से परिवार को गहरा सदमा पहुंचा है।

भाकियू ने चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू कराने की मांग उठाई

प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन ,मिल की मरम्मत की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रधान प्रवंधक को ज्ञापन देते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने पूरनपुर की दि किसान सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र जल्द शुरू कराने और मिल की आवश्यक मरम्मत कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में भाकियू पदाधिकारियों ने चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने मिल का संचालन समय से शुरू कराने की मांग करते हुए कहा कि पेराई सत्र में देरी होने से किसानों को गन्ना आपूर्ति करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। भाकियू के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह और सत्यपाल ने कहा कि चीनी मिल का पेराई सत्र जल्द शुरू कराया जाना जरूरी है, ताकि किसानों को अपना गन्ना बेचने के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान गन्ने की खेती पर निर्भर हैं। ऐसे में चीनी मिल का समय से संचालन शुरू होना किसानों के हित में बेहद जरूरी है। पदाधिकारियों ने चीनी मिल की मशीनों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की मरम्मत समय रहते पूरी कराने की मांग की, जिससे पेराई सत्र शुरू होने के बाद मिल के संचालन में किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि मिल की व्यवस्थाएं दुरुस्त रहने से किसानों को गन्ना आपूर्ति करने में सुविधा होगी और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। भाकियू पदाधिकारियों ने प्रधान प्रबंधक से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पेराई सत्र जल्द शुरू कराने और मिल की मरम्मत का कार्य समय से पूरा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। इस दौरान कई मौजूद रहे।

किसान को पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। गालियां देने के विरोध पर लखीमपुर के गांव भानपुरी के किसान राजेश कुमार की पिटाई कर घायल कर दिया गया। जान से मारने की धमकी दी गई। हजारा पुलिस ने राजेश की ओर से गांव टाटरगंज के गंगा सिंह, उसकी पत्नी मंजीत कौर और दो अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना 21 अक्तूबर की है। राजेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका खेत हजारा थाना के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में है। घटना के समय खेत की जुताई कर रहा था। खेत के पड़ोसी गंगा सिंह, उसकी पत्नी मंजीत कौर और दो अन्य ने गाली-गलौज कर खेत जोतने से मना किया। गालियां देने के विरोध पर उक्त आरोपियों ने उसकी पिटाई कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। सीओ विधि भूषण मौर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने वताया कि मामले की तहरीर पर जांच शुरु कर दी गई है।

कथा श्रीराम कथा में सुनाया शिवजी– माता सती का प्रसंग

भगवान शिवजी ने भी सुनी थी रामकथा : अंजनी शरण

जागरण मोर्चा कार्यालय



श्री राम कथा के दौरान कथा व्यास को सम्मानित करते व्यवस्थापक अवनीश शिवानी जायसवाल। –जागरण मोर्चा

बिलसंडा। नूरानपुर में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा में दूसरे दिन भगवान शिव और माता सती की कथा का भावार्थ प्रसंग सुनाया गया,तो श्रोता भावविभोर हो गए। कथा को श्रवण कराते हुए लखीमपुर के गोला गोकर्णनाथ से पहुंचे कथाव्यास अंजनी शरण महराज ने बताया कि श्रीरामकथा बहुत ही फलदायक है,कष्टों को हरने बाली है, इसके सुनने से इंसान को मोक्ष की प्राप्ति होती है।यही कारण था कि त्रेतायुग में भगवान शिव और माता सती भी अगस्त्य ऋषि के पास श्रीराम की कथा सुनने गई थीं।जिसका रामचरितमानस और शिवपुराण में भी बखान है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने माता सती के मन की बात जान ली और उन्हें समझाया कि श्रीराम ही पूर्ण ब्रह्म हैं, लेकिन सती ने उनकी बात पर विश्वास नहीं किया और परीक्षा लेने की ठान ली।माता सीता का रूप धारण कर लिया,जिसे श्रीराम ने पहचान लिया।यहीं पर कथा का समापन होता है।आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।आज की व्यवस्था में आयोजक योगी हनुमान नाथ महराज,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,विधायक विवेक वर्मा, कुंवर महीप सिंह, अक्षत सिंह चंदेल, वृज क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश मिश्रा अनावा, व्यापारी नेता कथा व्यवस्थापक अवनीश जायसवाल, शिवानी जायसवाल, राजीव राठौर, विक्रम नरेश जायसवाल,एमएलसी डा.सुधीर गुप्ता, तन्मय प्रताप सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

सीएम के दौरे को लेकर ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष लोधी नूरानपुर पहुंचे

बिलसंडा। गोरखपुर मठ से जुड़े नूरानपुर आश्रम पर आयोजित श्रीराम कथा के समापन यानि 3 नवंबर को यहां सीएम का दौरा प्रस्तावित है।जिसको लेकर प्रतिदिन आला अफसरों की टीम यहां हर विंदु पर जायजा ले रही है।डीएम एसपी से लेकर तमाम बड़े नेताओं ने भी यहां डेरा जमाया हुआ है।मंगलवार को भाजपा वृज क्षेत्र के अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी भी यहां पहुंचे।उन्होंने मंदिर के महंत योगी हनुमान नाथ महराज से बातचीत की,और कथास्थल,हैलीपैड आदि की व्यवस्था को भी बारीकी से समझा।अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



अभिषेक के तूफान में उड़ा न्यूजीलैंड

भारत ने तीसरा टी20 छह विकेट से जीता, सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल की


जागरण मोर्चा कार्यालय



वेलिंगटन। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 13.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया है। 199 रन का लक्ष्य भारत ने 13.2 ओवर में हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा के तूफान में कीवी उड़ गए। अभिषेक ने 38 गेंद में 113 रन की पारी खेली। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने 19 गेंद में 45 रन की पारी खेली। इससे पहले न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल के नाबाद 89 रन के दम पर 198 रन बनाए थे। मिचेल के अलावा फिन एलन ने 40 रन बनाए थे। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। दोनों टीमों के बीच चौथा टी20 30 अक्तूबर को ऑकलैंड में खेला जाएगा। भारत ने 12 ओवर में दो विकेट पर 191 रन बना लिए हैं। फिलहाल श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन क्रीज पर हैं। भारत को 48 गेंद में आठ रन की दरकार है। अभिषेक ने 35 गेंदों में शतक जड़ दिया है। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का चौथा शतक है। हालांकि, वह सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। शतक लगाने वाला सबसे तेज भारतीय अभिषेक ही हैं। उन्होंने 30 गेंद में शतक लगाया था। भारत ने 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 178 रन बना लिए हैं। अभिषेक 10वें ओवर में आउट हुए। उन्हें जेमीसन ने कैच आउट कराया। अभिषेक ने 38 गेंद में नौ चौके और 11 छक्के लगाए और 113 रन की पारी खेली। भारत को आठवें ओवर में 133 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। वैभव सूर्यवंशी 19 गेंद में चार चौके और चार छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल अभिषेक शर्मा के साथ संजू सैमसन क्रीज पर हैं। छह ओवर के बाद भारत ने बिना कोई विकेट गंवाए 118 रन बना लिए हैं। वैभव सूर्यवंशी 17 गेंद में 44 रन और अभिषेक शर्मा 20 गेंद में 67 रन बनाए हैं। यह पावरप्ले में सबसे ज्यादा स्कोर है। भारत ने रोमानिया का रिकॉर्ड तोड़ा। भारत ने पांच ओवर में 100 रन पूरे कर लिए हैं। ऐसे में वर्ल्ड रिकॉर्ड टूट गया है। इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड 5.3 ओवर में था। अभिषेक 20 गेंद में 67 रन और वैभव सूर्यवंशी 11 गेंद में 26 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। अभिषेक ने 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया है। अभिषेक और वैभव ने चौके-छक्कों की बरसात कर दी है। चार ओवर के बाद भारत का स्कोर बिना कोई विकेट गंवाए 84 रन है। फिलहाल अभिषेक 17 गेंद में 59 रन और वैभव आठ गेंद में 19 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। तीन ओवर के बाद भारत ने बिना कोई विकेट गंवाए 64 रन बना लिए हैं। अभिषेक शर्मा 11 गेंद में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 39 रन और वैभव सूर्यवंशी आठ गेंद में 19 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। पहले ओवर में 26 रन आए थे।

भारत ने बांग्लादेश को रौंदा, 13-0 से दी मात; मंदीप की हैट्रिक

जागरण मोर्चा कार्यालय



जालंधर। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के अपने पहले मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश की टीम को एकतरफा मुकाबले में हराया। भारत ने 13-0 से बांग्लादेश की टीम को मात देकर अपना पहला मैच जीत लिया।

जालंधर के ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के अपने पहले मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गोलों की ऐसी बरसात की कि स्कोर बोर्ड 13-0 पर जाकर थमा। भारत ने बांग्लादेश को चारों खाने चित करते हुए टूर्नामेंट में धमाकेदार जीत के साथ आगाज किया। मुकाबले का सबसे रोमांचक पल तीसरे क्वार्टर के अंतिम हिस्से में आया, जब भारत ने लगभग एक मिनट के भीतर तीन गोल दागकर पूरे स्टेडियम को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, अपने घरेलू मैदान पर उतरे पंजाब के स्टार फॉरवर्ड मंदीप सिंह ने शानदार हैट्रिक जमाकर इस मुकाबले को अपने लिए यादगार बना दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर अपनी महारत दिखाई, दिलप्रीत सिंह ने लगातार दो गोल दागे और जुगराज सिंह से लेकर हार्दिक सिंह तक भारतीय खिलाड़ियों ने जीत में अपना योगदान दिया।

17 साल के लंबे अंतराल के बाद पंजाब में अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की वापसी और भारतीय टीम की यह विशाल जीत खेल प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं रही। मैच शुरू होते ही भारतीय टीम ने अपने इरादे साफ कर दिए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुरुआती मिनटों में मिले पेनल्टी कॉर्नर को शानदार ड्रैग फ्लिक के जरिए गोल में बदलकर भारत का खाता खोला।

भारत बनाम जिम्बाब्वे

क्लीन स्वीप करने से एक कदम दूर भारतीय महिला टीम, मंधाना पर होगी नजर



जागरण मोर्चा कार्यालय

वडोदरा। भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीमों के बीच बुधवार को तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले ही दो वनडे जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बना चुकी है। भारत अगर तीसरा मैच जीत जाता है तो टी20 के बाद वनडे में भी जिम्बाब्वे को क्लीन स्वीप कर देगा।

टी20 में क्लीन स्वीप करने वाली भारतीय टीम टीम जिम्बाब्वे का वनडे में सूपड़ा साफ करने से एक कदम दूर है। पहले दो मैचों में जीत के बाद भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। अब उसका लक्ष्य क्लीन स्वीप करना होगा, जो टी20 सीरीज में 3-0 की जीत के बाद एक और बड़ी उपलब्धि होगी। भारत को पहले दो वनडे मैच में किसी तरह की खास चुनौती नहीं मिली। पहले मैच में प्रतिका रावल के नाबाद शतक और श्री चरणी के चार विकेट की बदौलत भारत ने नौ विकेट से जीत हासिल की। दूसरे मैच में हरमनप्रीत कौर के 126 और दीप्ति शर्मा के नाबाद 106 रन की मदद से भारत ने छह विकेट पर 328 रन बनाए। बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने जिम्बाब्वे को 207 रन पर आउट कर दिया और 121 रन की बड़ी जीत हासिल की। स्मृति मंधाना ने पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद टीम को अच्छी सफलता दिलाई है लेकिन वह बल्लेबाजी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। ऐसे में वह अंतिम मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगी। पहले मैच में उन्होंने 32 रन बनाए जबकि दूसरे मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाई। प्रतिका ने पहले मैच में शतक और दूसरे मैच में शानदार 61 रन बनाकर सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की कर दी है। प्रतिका के पारी की शुरुआत करने के कारण शेफाली वर्मा को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा लेकिन उन्होंने अपनी इस नहीं भूमिका में भी अच्छा प्रदर्शन किया। शेफाली ने पहले मैच में सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 64 रन बनाए। भारतीय टीम के लिए सबसे सकारात्मक पहलू हालांकि पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार फॉर्म रही है। इस सीनियर बल्लेबाज ने दूसरे वनडे में शतक जड़कर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया।भारतीय गेंदबाजों ने भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन जिम्बाब्वे जैसी निचली रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ वह इससे भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। पहले वनडे में श्री चरणी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती हुई 30 रन देकर चार विकेट लिए थे, जबकि दूसरे वनडे में बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने चार और दीप्ति ने तीन विकेट हासिल किए।

हरियाणा के खिलाफ मुंबई का पलड़ा भारी, मध्य प्रदेश ने बिहार को हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी में तीसरे दौर के मुकाबले खेले जा रहे हैं। दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। मुंबई और हरियाणा के मैच में मुंबई ने पकड़ मजबूत कर ली है।
वहीं, मध्य प्रदेश ने दो दिन के अंदर ही बिहार को हरा दिया है। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ बड़ौदा ने विशाल स्कोर बनाया है।

रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर के मुकाबले के दूसरे दिन मुंबई ने हरियाणा पर शिकंजा कसा। वहीं, सारांश जैन के शानदार प्रदर्शन की मदद से मध्य प्रदेश ने दो ही दिन के अंदर बिहार को हराया। इसके अलावा बड़ोदा ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ विशाल स्कोर खड़ा किया। मुशीर खान ने दो विकेट चटकाए जिससे हरियाणा ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी के तीसरे दौर के मुकाबले में मंगलवार को मुंबई के पहली पारी में 430 रन के जवाब में दूसरे दिन दो विकेट पर 108 रन बनाए। मुशीर ने हरियाणा के दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान अंकित कुमार (35) और हिमांशु राणा (27) को पवेलियन भेजा। दोनों ने पहले विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने तक हरियाणा की टीम पहली पारी के आधार पर 322 रन से पीछे थी। स्टंप के समय धीरू सिंह 23 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि दूसरे छोर पर निशांत सिंधू 17 रन बनाकर उनका साथ दे रहे थे।

चेन्नई में तमिलनाडु पहली पारी में 19 रन से पिछड़ गया, लेकिन गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से वापसी करते हुए रेलवे की दूसरी पारी में नौ विकेट 107 रन तक गिरा दिए। रेलवे की कुल बढ़त 126 रन की है। आर साई किशोर ने 38 रन देकर चार विकेट लिए जबकि जेगनाथन हेमचुदेशन ने 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए। भारतीय ऑफ स्पिनर सारांश जैन (13 विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मुकाबले में दूसरे दिन ही बिहार को पारी और 174 रन से करारी शिकस्त दी। पहली पारी में 14 रन देकर सात विकेट लेने वाले 33 वर्षीय जैन ने दूसरी पारी में 49 रन देकर छह विकेट हासिल किए। इस तरह उन्होंने मैच में कुल 89 रन देकर 13 विकेट अपने नाम किए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 71 रन देकर नौ विकेट था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 261 रन से की और पहली पारी आठ विकेट पर 407 रन बनाकर घोषित कर दी। युवा बल्लेबाज सक्षम पुरोहित और कप्तान रजत पाटीदार ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद बिहारी की दूसरी पारी 134 रन पर सिमट गई। बिहार के नौ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

भारत ने चेज में तोड़ा 12 साल पुराना रिकॉर्ड, न्यूजीलैंड के बराबर छक्के अभिषेक शर्मा ने अकेले जड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय



वेलिंगटन। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में 199 रन का लक्ष्य हासिल करते हुए 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। अभिषेक शर्मा ने 38 गेंदों पर 113 रन की पारी में 11 छक्के जड़े। उन्होंने न्यूजीलैंड की पूरी टीम के बराबर छक्के अकेले लगाकर अपने आक्रामक अंदाज का दम दिखाया।

भारत ने तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया है। 199 रन का लक्ष्य भारत ने 13.2 ओवर में हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा के तूफान में कीवी उड़ गए। अभिषेक ने 38 गेंद में नौ चौके और 11 छक्कों की मदद से 113 रन की पारी खेली। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने 19 गेंद में 45 रन बनाए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल के नाबाद 89 रन के दम पर 198 रन बनाए थे। मिचेल के अलावा फिन एलन ने 25 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 40 रन बनाए थे। इस मैच में कुल 26 छक्के लगाए। न्यूजीलैंड की ओर से 11 छक्के लगे। वहीं, भारत की ओर से 15 छक्के लगे। न्यूजीलैंड के बराबर छक्के तो अभिषेक शर्मा ने अकेले लगा दिए। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। दोनों टीमों के बीच चौथा टी20 30 अक्तूबर को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

भारत ने 40 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यह किसी पूर्ण सदस्य देश द्वारा टी20 अंतरराष्ट्रीय में 190 या उससे ज्यादा रन के सफल चेज में सबसे तेज चेज है। इससे पहले भी किसी पूर्ण सदस्य द्वारा 190+ रन के सबसे तेज सफल चेज का रिकॉर्ड भारत के नाम था। उसने इसी साल रायपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 209 रन चेज करते हुए 28 गेंद शेष रहते मैच जीता था। वहीं, ओवरऑल देशों को मिलाकर यह दूसरा सबसे तेज चेज है। इस लिस्ट में पहले नंबर पर एस्टोनिया है। उसने 2024 में साइप्रस के खिलाफ 42 गेंद शेष रहते मैच जीता था। वहीं, तीसरे नंबर पर नीदरलैंड्स है। उसने 2014 में आयरलैंड के खिलाफ 37 गेंद शेष रहते मैच जीता था। भारत ने नीदरलैंड्स का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा और दूसरे स्थान पर जगह बनाई। न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 198 रन बनाए हैं। कीवी टीम की शुरुआत खराब रही थी। टीम ने दूसरे ओवर में ही टिम साइफर्ट का विकेट गंवाया था। वह दो रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार बने। इसके बाद फिन एलन ने डेरिल मिचेल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 86 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को नीतीश रेड्डी ने तोड़ा। नीतीश ने एलन को नमन धीर के हाथों कैच कराया। वह 25 गेंद में पांच छक्के की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अपना 100वां टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे ग्लेन फिलिप्स को अक्षर पटेल ने आउट किया। वह 14 गेंद में 17 रन बना सके। इसके बाद मिचेल ने बेवन जैकब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी निभाई।

शेयर बाजार में गिरावट; सेंसेक्स 300 अंक टूटा, निफ्टी 22700 के नीचे पहुंचा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुंबई। मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 300 अंक से अधिक गिरकर 73,305 पर और निफ्टी 22,700 के नीचे आ गया। एशियाई पेंट्स और इंफोसिस जैसे शेयरों में एक फीसदी की गिरावट आई। सऊदी अरब पर हमलों से आपूर्ति बाधित होने की चिंता बढ़ी। सोमवार को आई रिकवरी के बाद मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर वैश्विक मैक्रो दबाव के आगे पस्त होता नजर आया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के 115 डॉलर प्रति बैरल के पास पहुंचने, अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और इस सप्ताह आने वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नीति फैसले से पहले निवेशकों की सतर्कता के कारण घरेलू बाजार गैप-डाउन होकर खुले। शुरुआती कारोबार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स 377.47 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,229.20 पर कारोबार कर रहा था, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 76.50 अंक या 0.34 प्रतिशत गिरकर 22,676.70 के स्तर पर आ गया। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 95.13 पर पहुंच गया। वैश्विक मोर्चे पर बन रहे प्रतिकूल हालात ने भारतीय बाजार की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। ब्रेंट क्रूड ऑयल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 114.91 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि क्रूड ऑयल 100.85 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेड कर रहा है। इसके अलावा अमेरिका की 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.97 प्रतिशत के पास बने रहना बाजार के लिए बड़ा अल्पकालिक जोखिम बना हुआ है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वी.के. विजयकुमार के अनुसार, 114 डॉलर से ऊपर बना कच्चा तेल और ऊंची यूएस बॉन्ड यील्ड विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) को 'रिस्क-ऑफ' (जोखिम से दूर रहने) के रुख में बनाए रख रही है। इसके अतिरिक्त, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक और वहां होने वाले मध्यवधि चुनाव से जुड़ा राजनीतिक घटनाक्रम भी निवेशकों को सतर्क रहने पर मजबूर कर रहा है। बाजार विश्लेषक विपिन डिक्सेना का कहना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें कंपनियों की इनपुट और ट्रांसपोर्टेशन लागत को बढ़ा सकती हैं।





जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।